आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्
दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — संक्रांति पर सभापति प्रमोद दुबे ने संभाला...
4 अभिव्यक्ति — गृह निर्माण उद्योग पर संकट का साया...
9 मनोरंजन/व्यापार — गंगूबाई काठियावाड़ी का फर्स्ट लुक आउट...
11 खेल

www.navpradesh.com
रायपुर, गुरूवार 16 जनवरी, 2020, माघ कृष्ण पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-332 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कश्मीर में पदस्थ डीएसपी देवेन्दर सिंह आतंकवादियों का यार और देश का गद्दार निकला। वाकई कानून अंधा है। तभी तो देवेन्दर सिंह आतंकवादियों का मददगार बना रहा और सरकार से पुरस्कार भी पाता रहा। करोड़ो की आलीशान कोठी बनाता रहा। अपने बच्चों को विदेशों में शिक्षा दिलाता रहा लेकिन किसी ने यह जानने की जहमत नहीं उठाई कि उसके पास इतनी दौलत कहां से आई? देवेन्दर सिंह जैसे और भी कई गद्दार है जो वर्दी वाले गुंडे है। बगैर खाकी और खादी की सरपरस्ती के आतंकवाद पनप ही नहीं सकता। ऐसे आस्तीन के सांपों को पहले कुचला जाना चाहिए।

मध्यान्ह भोजन बनाने वाले रसोइयों का छलका राजधानी में दर्द, प्रतिमाह 1200 रुपए मानदेय में परिवार चलाना दुभर

चालीस रुपए के लिए चुल्हे में झोंक दी 25 साल की जिंदगी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। जितनी खामोशी से बीते 25 साल से सरकारी स्कूल के बच्चों को स्वादिष्ट और पौष्टिक मध्यान्ह भोजन बनाने वाले रसोईयों का प्रदर्शन भी उतना ही खमोशा रहा। हालाकि गरीबी, मजबूरी और परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी रोजी 40 रुपए में चलाने वाली महिला-पुरुष रसोईयों की तादात बड़ी थी। लेकिन, राजधानी के धरना स्थल में ही उनकी मांगें गूंजी और रैली के रूप में वे जनता को तो प्रदर्शन का उद्देश्य बता दिए। परंतु सरकार तक खासकर उनके मुख्यमंत्री तक वह आवाज पहुंची या नहीं यह सवाल वक्त के गर्त में है। रसोइयों का संघ आज बुढ़ापारा धरना स्थल में विभिन्न जिलों से पहुंचा था। आज बुधवार को सभी रसोइये हड़ताल पर हैं। छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन रसोइया कल्याण संघ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

1995 से दूसरे के बच्चों के लिए बना रहे हैं भोजन

चेहरे में दर्द, आंखें छलकी बोले दाऊ से उम्मीद

कोंडागांव, पिथौरा, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद समेत दूर-दराज इलाकों से आए रसोइयों के चेहरे में दर्द और आंखों में आंसू थे। अपनी दिक्कतों को बयां करते हुए सभी के मुंह पर एक ही बात थी सीएम दाऊ भूपेश बघेल से उन्हें उम्मीद है कि वे गरीब छत्तीसगढ़ियां मन के सुनवाई करही। 25 बरस होने को है लेकिन 1200 मासिक मानदेय पर ही चुल्हा फूंक थन। 40 रुपया रोजी में अपन परिवार के भरण-पोषण मुश्किल हो गे हे।

हमारी सिर्फ 4 मांग

- कलेक्टर दर पर मानदेय देने
- शासकीय कर्मचारी का दर्जा
- भविष्य निधि योजना से जोड़ने
- खाना बनाने गैस सिलेण्डर दिलाने

ट्रायल कोर्ट पहुंचा निर्भया का दोषी मुकेश कुमार

दया याचिका का हवाला दे फांसी टालने की मांग, सुनवाई आज

नई दिल्ली ए.। निर्भया गैंगरेप और मर्डर केस के दोषी फांसी में देरी के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं। डेथ वॉरंट को चुनौती देने वाली याचिका दिल्ली हाई कोर्ट से खारिज होने के बाद 4 दोषियों में से एक मुकेश ने निचली अदालत का रुख किया है।

मुकेश के वकील ने पटियाला हाउस कोर्ट को अपने मुवक्किल की दया याचिका के बारे में जानकारी देते हुए फांसी के लिए तय 22 जनवरी की तारीख को आगे बढ़ाने की मांग की है। गुरुवार को दोपहर 2 बजे सुनवाई होगी। ट्रायल कोर्ट ने दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है। इसके अलावा कोर्ट ने याचिका पर निर्भया के माता-पिता का भी जवाब मांगा है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सिस्टम की देरी पर जज नाराज, पुलिस को फटकारा

डेथ वारंट के खिलाफ दोषी मुकेश की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में दोबारा सुनवाई शुरू हुई। दिल्ली सरकार की ओर से एएसजी राहुल मेहरा ने दलीलें रखीं। जस्टिस मनमोहन ने यह भी सवाल उठाया कि जेल अधिकारियों की ओर से दोषियों को पहला नोटिस जारी करने में इतनी देर क्यों हुई? इस दौरान जज ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा- 'यह साफहै कि कैसे दोषियों की ओर से सिस्टम का दुरूपयोग किया गया (बड़ी चालकी से), ऐसे में तो लोग सिस्टम से भरोसा खो देंगे।

डेथ वॉरंट को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

पहले बुधवार को ही दिल्ली हाई कोर्ट ने निर्भया केस के 4 दोषियों में से एक मुकेश की ओर से डेथ वॉरंट को चुनौती देते हुए दायर की गई याचिका को सुनने से इनकार कर दिया। हालांकि, कोर्ट ने उसे सत्र अदालत में इसे चुनौती देने की छूट दी। जस्टिस मनमोहन और जस्टिस संगीता ढींगरा सहगल की बेंच ने कहा कि दोषी मुकेश कुमार सिंह की मौत की सजा के फैसले पर अमल के लिए 7 जनवरी को वॉरंट जारी करने के निचली अदालत के फैसले में कोई त्रुटि नहीं है। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार ने हाई कोर्ट को बताया कि एक दोषी ने दया याचिका दायर की है इसलिए दोषियों को 22 जनवरी को फांसी नहीं दी जाएगी। चारों दोषियों- विनय शर्मा, मुकेश कुमार, अक्षय कुमार सिंह और पवन गुप्ता को 22 जनवरी को तिहाड़ जेल में सुबह सात बजे फांसी दिए जाने की घोषणा की गई है।

एनआईए एक्ट के खिलाफ छग सरकार की गंभीर असहमति

- राज्य सरकार ने दायर की सुप्रीम कोर्ट में याचिका
- सीबीआई पर प्रतिबंध, परिवहन एक्ट, सीएए और एनपीआर बना उदाहरण

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। केंद्र सरकार के एनआईए एक्ट के खिलाफ छत्तीसगढ़ सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एक्ट की मुखालिफत करते हुए शासन की तरफ से सुको में रिट दायर की गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार की दलील है कि एनआईए एक्ट असंवैधानिक है।

भूपेश सरकार संघीय ढांचे के खिलाफ कर रही प्रहार: रमन सिंह

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि प्रदेश में जबसे कांग्रेस की सरकार आई है, वह संघीय ढांचे पर लगातार प्रहार कर संवैधानिक प्रावधानों की अवहेलना पर उतारू है। सीबीआई को प्रदेश में प्रतिबंधित करने के अलावा परिवहन एक्ट, सीएए और एनपीआर के मुद्दों पर भी राज्य सरकार, केन्द्र सरकार से सीधा टकराव लेने की राजनीतिक अमर्यादा का प्रदर्शन कर चुकी है और अब नक्सलियों समेत अन्य उन्मादी तत्वों के खिलाफ जांच में जुटी एनआईए को उसके काम से रोकने की कोशिश कर प्रदेश सरकार कई संदेहों को भी जन्म देने का काम कर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इसके उलट बीजेपी ने भी प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ सख्त बयान दिया है। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने भूपेश सरकार पर संघीय ढांचे पर लगातार प्रहार कर संवैधानिक प्रावधानों की अवहेलना का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खास खबर

महेश्वरी ने सीआरपीएफ डीजी का लिया चार्ज

नयी दिल्ली (वार्ता)। डा ए पी महेश्वरी ने आज केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक का कार्यभार संभाल लिया। डा महेश्वरी उत्तर प्रदेश कैडर के 1984 बैच के पुलिस सेवा के अधिकारी हैं। वह अगले वर्ष 28 फरवरी को सेवानिवृत होने तक इस पद पर बने रहेंगे। इससे पहले वह गृह मंत्रालय में विशेष सचिव के पद पर थे। भारत तिबत सीमा पुलिस के महानिदेशक एस एस देसवाल अभी तक सीआरपीएफ के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे।

गणतंत्र परेड को लीड करेंगी तान्या शेरगिल

नई दिल्ली ए.। बुधवार को 72वां सेना दिवस है, खास बात यह है कि आर्मी परेड को लीड किया कैप्टन तान्या शेरगिल ने। तान्या गणतंत्र दिवस परेड में भी सेना की टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। पहली बार कोई महिला अधिकारी ने आर्मी डे परेड को लीड किया है। खास बात यह है कि कैप्टन शेरगिल अपने परिवार की चौथी पीढ़ी हैं जो सेना में रहकर देश की सेवा कर रही हैं। सेना दिवस पर पहली बार एक महिला अधिकारी कैप्टन तान्या शेरगिल पुरुषों की सभी टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। शेरगिल सेना के सिग्नल कोर में कैप्टन हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स ऐंड कम्युनिकेशंस में बीटेक करने वाली तान्या सेना में भर्ती होनेवाली अपने परिवार की चौथी पीढ़ी हैं। उनके पिता तोपखाने, दादा बख्तरबंद और परदादा सिख रेजिमेंट में पैदल सैनिक (इन्फेंट्री) के तौर पर सेवा दे चुके हैं।

आज छत्तीसगढ़ विधानसभा का विशेष सत्र

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र 16 जनवरी को बुलाया गया है। इस सत्र में राज्यपाल सुश्री अनुसूईया उइके का अभिभाषण एवं अभिभाषण के ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा होगी। विधानसभा सचिवालय द्वारा इस विशेष सत्र को लेकर 08 जनवरी को ही अधिकारिक तौर पर अधिसूचना जारी कर दी गई थी। इस विशेष सत्र को लेकर प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने कड़ी आपत्ति जतायी है। भाजपा विधायकों ने आपत्ति जतायी है कि देश में यह पहला विधानसभा होगा जिसमें राज्यपाल के अभिभाषण के लिए एक दिन का विशेष सत्र बुलाया गया है। भाजपा विधायकों ने इस संबंध में राज्यपाल सुश्री उइके एवं विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौपते हुए आपत्ति भी जतायी है। आपत्ति में यह मांग की गई है कि राज्यपाल का अभिभाषण हमेशा बजट सत्र के पहले दिन होता है ऐसे में इस विशेष सत्र की कार्यसूची को बजट सत्र की कार्यसूची में ही जोड़ा जाए। इधर मुख्यमंत्री निवास में आज शाम को मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई गई है।

1984 दंगा: बख्शे नहीं जाएंगे दोषी पुलिसवाले

नयी दिल्ली (वार्ता)। केंद्र सरकार ने 1984 के सिख विरोधी दंगों से संबंधित 186 मामलों की जांच करने वाली न्यायमूर्ति एस एन ढींगरा समिति की रिपोर्ट स्वीकार कर ली है और उसकी सिफारिशों के अनुसार कानूनी कार्रवाई की जायेगी। केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय को बुधवार को बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एस एन ढींगरा के नेतृत्व वाले विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट स्वीकार कर ली है ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ईरान को भारत से उम्मीद

खाड़ी में तनाव कम करने भारत की भूमिका अहम

नई दिल्ली ए.। ईरान के विदेश मंत्री जवाद जरीफ ने बुधवार को कहा कि खाड़ी क्षेत्र में तनाव कम करने में भारत भूमिका निभा सकता है क्योंकि वह एक महत्वपूर्ण पक्ष है। ईरानी मेजर जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या के बाद अमेरिका और ईरान के बीच तनाव के बारे में जरीफ का यह बयान आया है। भारत यह कहता रहा है कि वह जल्द से जल्द तनाव कम करने के पक्ष में है। भारत ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान और कतर सहित प्रमुख पक्षों के साथ संपर्क में है, क्योंकि इस क्षेत्र में उसके महत्वपूर्ण हित हैं। जरीफ ने कहा, 'खाड़ी क्षेत्र में तनाव कम करने में भारत भूमिका निभा सकता है क्योंकि वह एक महत्वपूर्ण पक्ष है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

- भारत पहले से ही ईरान, ओमान, कतर यूएई के संपर्क में

रूसी विदेश मंत्री से भी जरीफ ने की बात

जवाद जरीफने बुधवार को अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने खाड़ी में बने हालात पर चर्चा की। जरीफऔर सर्गेई भू-राजनीति पर हो रहे भारत के वैश्विक सम्मेलन 'रायसीना डायलॉग' में हिस्सा लेने के लिए भारत आए हैं। यह सम्मेलन ऐसे समय पर हो रहा है जब पूरी दुनिया का ध्यान ईरान के मेजर जनरल कासिम सुलेमानी के मारे जाने के बाद ईरान और अमेरिका के मध्य टकराव पर केंद्रित है। भारत कहता रहा है कि वह चाहेगा कि यथाशीघ्र तनाव घटे।

कश्मीर पर चर्चा चाहता है चीन

- चीन ने कश्मीर मुद्दे पर चर्चा के लिए सुरक्षा परिषद की 'बंद कमरे में बैठक' बुलाने की मांग की है
- फ्रांस ने स्पष्ट कर दिया है कि वह चीन की कोशिशों का विरोध करेगा

नई दिल्ली ए.। कश्मीर मुद्दे पर पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 'बंद कमरे में बैठक' की कोशिश नाकाम होने के बाद चीन ने बुधवार को इसके लिए एक बार फिर पहल की है। हालांकि, उसके मंसूबे नाकाम होते दिख रहे हैं क्योंकि सुरक्षा परिषद के बाकी सभी सदस्य इसका विरोध कर सकते हैं।

पिछले साल भी चीन की पहल पर कश्मीर मुद्दे पर सुरक्षा परिषद की 'बंद कमरे में बैठक' हुई थी जिसमें वह अलग-थलग पड़ गया था। 'बंद कमरे में बैठक' पूरी तरह अनौपचारिक होती है, जिसका कोई रिकॉर्ड तक मैंटेन नहीं किया जाता।

एक अफ्रीकी देश के मुद्दे पर बुलाई गई है बैठक

फ्रांसीसी राजनयिक सूत्रों ने बताया कि फ्रांस को यूएनएससी के एक सदस्य की तरफ से एक बार फिर कश्मीर मुद्दा उठाने का अनुरोध मिला है और पिछली बार की तरह इस बार भी वह इसका विरोध करेगा।

दो प्रस्तावों को मंजूरी

राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में राज्यपाल के अभिभाषण और 126वें संविधान संशोधन के अनुसमर्थन प्रस्ताव पर लगी मुहर

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। विधानसभा के विशेष सत्र की पूर्व संध्या पर राज्य मंत्रिमंडल ने राज्यपाल के अभिभाषण को मंजूरी दे दी। साथ ही 126वें संविधान संशोधन के अनुसमर्थन देने संबंधी प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। बुधवार की देर शाम मुख्यमंत्री आवास पर हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में उक्त दोनों प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक रात करीब 10:15 बजे तक चली। उल्लेखनीय है कि 126 वें संविधान संशोधन के तहत केन्द्र सरकार ने अनुसूचित जाति और जनजाति को आरक्षण देने की सीमा को 10 वर्ष के लिए बढ़ाने का फैसला लिया है। लेकिन इसके लिए सरकार को संसद के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

कारोबार

2025 तक कंपनी 70 हजार करोड़ मेक इन इंडिया प्रॉडक्ट का निर्यात करेगी

अमेजन 70 हजार करोड़ के उत्पाद का निर्यात करेगी : बेजोस

नई दिल्ली। अमेजन प्रमुख जेफ बेजोस भारत की तीन दिनों की यात्रा पर हैं। बुधवार को उन्होंने कहा कि कंपनी अपनी वैश्विक पहुंच के जरिए 2025 तक 10 अरब डॉलर (70 हजार करोड़ रुपये) के 'मेक इन इंडिया' उत्पादों का निर्यात करेगी। इसके अलावा वह स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज को डिजिटल बनाने के लिए 1 अरब डॉलर (करीब 7000 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी। इससे ये कंपनियां ऑनलाइन कारोबार से जुड़ सकेंगी।

21वीं सदी भारत की होगी

जेफबेजोस मंगलवार को भारत पहुंचे थे। भारत और अमेरिका के आपसी संबंध को लेकर उन्होंने कहा कि 21वीं सदी के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण है और यह सदी भारत की होगी। जानकारी के मुताबिक, वे आज कई प्रमुख वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से मुलाकात कर सकते हैं।

बेजोस ऐसे समय भारत यात्रा पर आए हैं जबकि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा दी जाने वाली भारी छूट और अन्य चीजों की जांच का आदेश दिया है। वहीं छोटे दुकानदार आनलाइन कंपनियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले साल सरकार ने विदेशी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

- स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज के लिए 1 अरब डॉलर का निवेश करेगी कंपनी
- छोटी कंपनियों को डिजिटल कारोबार से जोड़ने के लिए अमेजन यह निवेश करेगी

दुनिया में पहुंचेगा मेक इन इंडिया का उत्पाद

इससे पहले अमेजन भारत में 5.5 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जता चुकी है। अमेरिका के बाहर भारत अमेजन के लिए सबसे महत्वपूर्ण बाजार है। बेजोस ने कहा कि हम भारत के साथ लंबी अवधि की भागीदारी को लेकर प्रतिबद्ध हैं। हम बोलने से अधिक काम करने में विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेजन का मानना है कि इस निवेश से लाखों लोगों को देश की भविष्य की समृद्धि का हिस्सा बनाया जा सकेगा। साथ ही दुनिया भर के सामने मेक इन इंडिया उत्पाद पहुंचाए जा सकेंगे।

31 जनवरी और 1 फरवरी को बैंकों की हड़ताल

- 1 फरवरी को बजट के दिन बंद रहेंगे बैंक
- 2 फरवरी को रविवार की वजह से बैंक बंद रहेंगे

नई दिल्ली ए.। वेतन संशोधन वार्ता विफल होने के बाद इंडियन बैंक असोसिएशन (IBA) ने इस महीने में दूसरी बार बैंक हड़ताल का आह्वान किया है। आईबीए की तरफ से 31 जनवरी और एक फरवरी को बैंक हड़ताल का आह्वान किया गया है। इससे पहले 8 जनवरी को भारत बंद में भी 6 बैंक कर्मचारी यूनियन शामिल हुए थे। उस दिन ज्यादातर बैंक बंद रहे थे और जो खुले भी थे उसके कामकाज पर काफी असर पड़ा था। इस बार बैंक हड़ताल का समय काफी महत्वपूर्ण है। 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी। उससे ठीक एक दिन पहले 31 जनवरी को आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की जाएगी। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पाकिस्तान में बर्फबारी का कहर, 100 की मौत, कई रास्ता कटा

बलूचिस्तान(ए.)। पाकिस्तान में भारी बर्फबारी और मूसलाधार बारिश के कारण हुए हिमस्खलन तथा भूस्खलन की घटनाओं में महिलाओं और बच्चों समेत 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। कड़ाके की ठंड और खराब मौसम ने देश भर में लोगों के लिए काफी मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। सड़क यातायात और संचार सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हुई हैं। बलूचिस्तान के विभिन्न हिस्सों में भीषण बर्फीले तूफान से सोमवार को खराब मौसम में महिलाओं और बच्चों समेत सैकड़ों यात्री फंस गए थे। राहत, आपदा और सिविल रक्षा मंत्री सैयद शाहिद मोहिद्दीन कादरी ने डॉन अखबार को बताया कि ऊंचे इलाकों में भारी बर्फबारी और बारिश से कई सड़कें अवरुद्ध हो गईं।

पाक अधिकारियों के अनुसार कई इलाकों में शीतलहर से जनजीवन ठप हो गया और देशभर में करीब 100 लोगों की मौत हो गई है।रेडियो पाकिस्तान की खबर के अनुसार पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित नीलम घाटी में पिछले 24 घंटे में आए हिमस्खलन से पंद्रह गांव प्रभावित हुए।

इस आपदा में 45 घर पूरी तरह तबाह हो गए, कम से कम 57 लोगों की मौत हो गई और कई लापता हैं। बलूचिस्तान में भारी बर्फबारी और बारिश के बाद आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है। बलूचिस्तान के साथ गिलगिट बालटिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा में बारिश और बर्फबारी हुई है।

20 साल का टूटा रिकार्ड

पाकिस्तानी मौसम विभाग के अनुसार क्वेटा में हुई बर्फ बारी ने 20 साल का रेकॉर्ड तोड़ दिया है। मौसम विभाग के अनुसार, 'किल्ला सैफुल्लाह में 4 फुट तक बर्फ है। मौसम विभाग ने भी इसकी पुष्टि कर दी है। यह अमूमन इस सीजन में होनेवाली औसत बर्फबारी 1.5 फुट से दोगुना है।'

अनुच्छेद 370 हटाना ऐतिहासिक कदम

नयी दिल्ली (वार्ता)। सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवाणे ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने को ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि इससे कश्मीर को मुख्यधारा में आने में मदद मिली है। जनरल नरवाणे ने सेना दिवस के मौके पर कहा कि इस कदम ने पश्चिमी पड़ोसी (पाकिस्तान) की ओर से होने वाले छद्म युद्ध को बाधित किया है।

जनरल नरवाणे ने कहा,अनुच्छेद 370 हटाने से जम्मू-कश्मीर को मुख्यधारा में लाने में मदद मिली है। इस ऐतिहासिक कदम ने पश्चिमी पड़ोस से होने वाले छद्म युद्ध को बाधित किया है। सेना प्रमुख ने कहा कि सैनिक सेना की ताकत हैं और भारत आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रहा है। सीमा पर कड़ा पहरा है और भारत भविष्य में होने वाले किसी भी युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार है। सेना दिवस के अवसर पर दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में सैन्य परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पहली बार एक महिला अधिकारी कैप्टन तानिया शेरगिल ने पुरुषों की सभी टुकड़ियों का नेतृत्व किया।

इस मौके पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ जनरल बिपिन रावत, वायु सेना प्रमुख आर.के.एस भदौरिया और नौसेना प्रमुख अडमिरल कर्मवीर सिंह भी मौजूद थे।

विश्व को आतंकवाद की चुनौती से निपटने के लिए आकलन करना होगा : जयशंकर

नई दिल्ली, (वार्ता)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और दुनिया को इस समस्या से कैसे निपटना है इसका आकलन करना होगा। श्री जयशंकर ने रायसिना डायलॉग में कहा,दुनियाभर में कई सामान्य चुनौती है जिसमें आतंकवाद, अलगाववाद और प्रवासी एक सामान्य चुनौती है। इसलिए यह मत सोचिए कि ये समस्याएं भारत के लिए अनोखी हैं। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने और कश्मीर नीति के अन्य पहलुओं पर मोदी सरकार के रुख पर वैश्विक प्रतिक्रिया को लेकर सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा, यह दुनिया के विभिन्न हिस्सों में सामना की जा रही चुनौतियों का एक हिस्सा है और मुझे लगता है कि जब लोग इसे देखते हैं, इसका आकलन करते हैं और इसका विश्लेषण करते हैं, तो उन्हें निष्पक्षता से खुद से पूछना चाहिए कि वह इसका किस तरह से इसका जवाब देंगे। विदेश मंत्री ने कहा, कई बड़े देश हैं जिनके पड़ोस में अशांति है। जैसे यूरोप ने इसे उत्तरी अफ्रीका में देखा है। ज्यादातर लोगों ने इसे 9/11 के समय देखा तो उन सभी ने इस पर क्या प्रतिक्रिया दी। जब आप भारत जैसे देश को देखते हैं, जो इन सामान्य चुनौतियों से निपट रहा है, तो इसे संभालने के अपने पूरे तरीके पर विचार करना महत्वपूर्ण है।

नोएडा मर्डर: पुलिस को गाजियाबाद के मसूरी में मिली गौरव चंदेल की कार

गौरव चंदेल मर्डर केस में पुलिस के हाथ कुछ लगा है

- **पुलिस ने एक कार बरामद की, बिल्कुल गौरव की कार जैसी**
- **कार पर नंबर प्लेट नहीं, लानेवाले सीसीटीवी में कैद**
- **रीजनल मैनेजर गौरव चंदेल की 6 जनवरी को घर लौटते वक्त हत्या हुई थी**

नोएडा(ए.)। नोएडा एक्सटेंशन के सनसनीखेज गौरव चंदेल हत्याकांड में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने बुधवार को चंदेल की कार को गाजियाबाद के मसूरी इलाके से बरामद कर लिया। हत्यारों ने गाड़ी की पहचान छिपाने के लिए नंबर प्लेट तोड़ डाली थी, लेकिन कार के शीशे पर लगे गेट पास से कार के चंदेल की होने की पुष्टि हुई। पुलिस की फॉरेंसिक टीम अब इस कार की जांच में जुटी है। पुलिस को उम्मीद है कि इस कार के जरिए वह कातिलों तक जल्द पहुंच जाएगी। पुलिस को बरामद कार पर गौड़ सिटी का गेट पास लगा मिला है। गाड़ी में चंदेल से संबंधित कुछ पेपर मिले हैं, इसकी जांच कर रही है। नोएडा पुलिस और एसटीएफ भी मौके पर पहुंची। मिली जानकारी के मुताबिक, अब नोएडा पुलिस इसे टो करके नोएडा ही लाएगी। मिली जानकारी के मुताबिक, आकाश नगर के एक मकान के बाहर यह कार खड़ी हुई थी। इसपर नंबर प्लेट नहीं है। आसपास की सीसीटीवी फुटेज भी मिल गई है। इसमें गाड़ी लानेवाले कैद हैं। कई दिनों से गाड़ी खड़ी थी, अब लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

गुड़गांव की निजी कंपनी में रीजनल मैनेजर गौरव चंदेल की 6 जनवरी की रात ऑफिस से गौड़ सिटी स्थित घर लौटते समय हत्या हुई थी। वारदात के बाद से उनकी कीया सेल्टॉस कार, 2 मोबाइल और पर्स गायब है। हत्या के इतने दिन बाद तक कुछ कार्रवाई नहीं होने पर पुलिस पर प्रेशर भी था। मामले में पुलिस करीब 100 लोगों से पूछताछ कर चुकी है। पुलिस मामले की लूट के साथ-साथ अन्य ऐंगल से भी जांच कर रही है। पुलिस इसमें आपसी दुश्मनी के ऐंगल से भी छानबीन कर रही थी।

आतंकियों के मददगार डीएसपी को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने किया बर्खास्त

श्रीनगर (ए.)। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों के साथ गिरफ्तार डीएसपी देविंदर सिंह को राज्य पुलिस ने अपनी सेवाओं से बर्खास्त कर दिया है। देविंदर सिंह के खिलाफ दर्ज सारे मामलों की जांच अब एनआईए को सौंप दी गई है। इसके अलावा अधिकारी इस बात का भी पता लगा रहे हैं कि देविंदर कितने दिनों से आतंकी संगठनों के संपर्क में था। मंगलवार को ही देविंदर को सेवाओं से निलंबित कर दिया गया था। कुलगाम से गिरफ्तार हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी देविंदर सिंह से पूछताछ में पता चला है कि वह लंबे समय से इन आतंकियों के संपर्क में था। साथ ही यह भी खुलासा हुआ कि वह 2018 में भी इन आतंकियों को लेकर जम्मू गया था। यही नहीं, वह आतंकियों को अपने घर में पनाह भी देता था। जम्मू कश्मीर पुलिस फिलहाल देविंदर और उसके साथ पकड़े गए आतंकी नवीद से पूछताछ कर रही है। सूत्रों के अनुसार डीएसपी देविंदर सिंह का इन आतंकियों के साथ लंबे समय से संपर्क था। सूत्रों ने बताया कि आतंकियों की दिल्ली, चंडीगढ़ और पंजाब में हमले की साजिश की थी।

13 जनवरी को हुई थी गिरफ्तारी

देविंदर को 13 जनवरी को कुलगाम जिले में श्रीनगर-जम्मू नैशनल हाइवे पर एक कार में गिरफ्तार किया गया था। वह हिज्बुल कमांडर सईद नवीद, एक दूसरे आतंकी रफी रैदर और हिज्बुल के एक भूमिगत कार्यकर्ता इरफान मीर को लेकर जम्मू जा रहा था।

पुलिस को मिली थी सुराग

अधिकारियों ने बताया कि डीएसपी आतंकियों को घाटी से बाहर निकालने में मदद कर रहा था। बताया जा रहा है कि डीएसपी की मदद से आतंकी दिल्ली आने वाले थे। उधर डीएसपी के घर पर छापेमारी के दौरान 5 ग्रेनेड और 3 एके-47 बरामद हुई हैं। डीएसपी को आतंकियों के साथ गिरफ्तार करने की मुहिम का दक्षिणी कश्मीर के डीआईजी अतुल गोयल ने नेतृत्व किया और कुलगाम के पास आतंकियों की कार को रुकवाया था।

सर्द रातों में सड़क पर डटी हैं शाहीन बाग की महिलाएं

नई दिल्ली, (वार्ता)। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए), राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) और एनपीआर के खिलाफ सर्द रातों की परवाह के बिना महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और युवा पिछले एक महीने से दिनरात शाहीन बाग में आंदोलन कर रहे हैं। इनके गालों पर तिरंगे की पेंटिंग, हाथों में तिरंगा, जुबां पर देशभक्ति के गाने, संविधान बचाने, समानता और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे शाहीन बाग की सड़कों पर गूंज रहे है। राष्ट्रीय राजधानी में 15 दिसम्बर को नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान जामिया परिसर में घुसकर पुलिस की बर्बता के खिलाफ शाहीन बाग की महिलाओं ने मथुरा रोड को नोएडा से जोड़ने वाली कालिंदी कुंज मार्ग के बीचों बीच आंदोलन शुरू कर दिया। इस आंदोलन का नेतृत्व भी महिलाएं कर रही है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहीं शाहीन कौसर ने बताया कि रोज धरने-प्रदर्शन की शुरुआत संविधान की प्रस्तावना से की जाती है। अंग्रेजी और हिंदी में सभी लोग एक साथ संविधान की प्रस्तावना पढ़ने के बाद उसकी रक्षा करने की शपथ लेते हैं। देश भर से विभिन्न समुदाय के लोग प्रदर्शन में शामिल होने के लिए यहां आ रहे हैं।

इस आंदोलन के शुरुआती दिनों से हिस्सा रहीं रिजवाना ने बताया कि चूंकि यह लड़ाई संविधान बचाने और बच्चों के भविष्य को लेकर है इसलिए सब कुछ छोड़कर काला कानून वापस करने के लिए सड़कों पर दिन रात बैठे हैं। उन्होंने बताया कि वह दमे की मरीज है फिर भी ठंड की परावह किये बिना सड़क पर रातें गुजार रही हैं। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर की रहने वाली प्राची पांडेय शाहीन बाग में आंदोलन शुरू होने के चौथे दिन बतौर पत्रकार पहुंची थीं। प्राची पत्रकारिता की नौकरी छोड़कर अब शाहीन बाग में चल रहे आंदोलन में मंच का संचालन करती हैं और रातभर वहीं रुकती हैं।

सुलेमानी की हत्या का भारत के 430 शहरों में हुआ विरोध: ईरानी

नई दिल्ली (वार्ता)। ईरान के विदेश मंत्री जावद जरीफने उनके देश के प्रति अमेरिका की नीति की आलोचना करते हुए आज कहा कि अमेरिकी कार्रवाई जनसंहार और अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन है। साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरानी सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी की हत्या का भारत के 430 शहरों तथा कस्बों में विरोध हुआ और बैठकों में इसकी आलोचना की गयी। रायसीना संवाद में अपने संबोधन में श्री जरीफने आज कहा ईरान कूटनीति में रूचि रखता है लेकिन वह अमेरिका के साथ सौदेबाजी का इच्छुक नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका बातचीत के दौरान की गई वचनबद्धता से खुद ही पीछे हटा है। उन्होंने कहा कि मेजर जनरल सुलेमानी की हत्या के विरोध में ने केवल ईरान और भारत बल्कि दुनियाभर में विरोध हुआ है। उन्होंने कहा , आपने इस पर केवल ईरान में ही प्रतिक्रिया नहीं देखी।

बीजेपी और एनसीडब्ल्यू ने निर्भया केस में न्याय में देरी करने के आरोप लगाए

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली सरकार और तिहाड़ जेल प्रशासन ने हाई कोर्ट को आज बताया कि निर्भया गैंगरेप केस में 22 जनवरी को फांसी नहीं दी जा सकती क्योंकि उनमें से एक दोषी ने दया याचिका की अपील डाली है। कोर्ट ने इतना सुनने के बाद दोनों को जमकर फटकार लगाई और कहा कि आपकी व्यवस्था कैंसर जैसी है। कोर्ट की फटकार के बाद दिल्ली सरकार ने केंद्र से अपील की है कि वह दोषी की दया याचिका खारिज कर दे। उधर, कोर्ट में तय तारीख को फांसी देने में असमर्थता जाहिर करने पर बीजेपी ने आप सरकार पर जमकर हमला बोला और न्याय में देरी के आरोप लगाए बीजेपी की मीनाक्षी लेखी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने जब हैदराबाद मामले को देखा तो उन्हें लगा कि निर्भया केस पर दिल्ली में माहौल बनेगा और उन्होंने अगले ही दिन उनकी फांसी से संबंधित अपील को एलजी के माध्यम से केंद्र को भेजा। उन्होंने आगे कहा, 'वहीं दूसरी तरफ दिल्ली सरकार के वकील राहुल मेहरा 22 जनवरी को फांसी न हो, इसकी कोशिश कर रहे हैं। जब कोर्ट से डांट पड़ी तो दया याचिका खारिज कर एलजी के माध्य से केंद्र को भेजा।' उन्होंने आगे कहा, ' इससे पता चलता है कि उनकी कथनी और करनी में कितना फर्क है। आप सरकार लगातार जनता की आंख में धूल झोंक रही है। इनकी कोशिश है कि दोषियों को कोई न कोई मदद मिल जाए। बीजेपी इसका कड़ा विरोध करती है।'

बीजेपी के अतिरिक्त राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी आप सरकार को फटकार लगाते हुए फांसी में देरी के आरोप लगाए हैं। महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा, 'यह देरी करने का तरीका है और मैं इसकी निंदा करती हूं।

बदइंतजामी | **गरीब मरीजों के लिए नहीं कोई और ठिकाना**

कैंसर केयर वार्ड जैसा बन गया है मुंबई का फ्लाइओवर

- **मुंबई के टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल में हर साल 65 हार कैंसर के नए मरीज आते हैं, करीब 4.5 लाख मरीज फॉलोअप के लिए आते हैं**

मुंबई (ए.)। जब यूपी के इटावा के रहने वाले सुखबीर सिंह (25) को पेट के कैंसर की सर्जरी के बाद दिसंबर में टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया गया तो डॉक्टरों ने उनकी पत्नी को कई हिदायतें दी थीं। डॉक्टरों ने उनसे कहा कि पति को इन्फेशन से बचाने के लिए उन्हें धूल से दूर साफ-सुथरे वातावरण में रखें और बेड रेस्ट करें। टाटा मेमोरियल देश के सबसे बड़े कैंसर ट्रीटमेंट इंस्टीट्यूट में से एक है। यहां हर साल 65 हजार कैंसर के नए मरीज आते हैं। इनके अलावा करीब 4.5 लाख मरीज फॉलोअप के लिए आते हैं।

ममता के थके चेहरे पर फीकी सी मुस्कान है। टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के पास हिंदमाता फ्लाइओवर के नीचे धूल भरे कंक्रीट के फर्श पर बिछी चटाई पर सुखबीर लेटे हैं। उनके दोनों तरफ ट्रैफिक दिनरात चलता रहता है जिसके चलते उनकी नींद बार-बार टूटती है।

फ्लाइओवर बना अस्थायी ठिकाना

सुखबीर टाटा मेमोरियल के उन सौ से ज्यादा मरीजों में से हैं जिन्होंने इस फ्लाइओवर को अपना अस्थायी घर बना लिया है। यहां लगभग हर तरह के कैंसर का मरीज मिल जाएगा। यहां एक महिला है जिसका ब्रेस्ट कैंसर की सर्जरी हुई है, ओरल कैंसर वाले मरीज हैं, बोन मैरो ट्रांस्प्लांट वाले मरीज भी और ऐसे मरीज भी जो सर्जरी के लिए अपने नंबर का इंतजार कर रहे हैं। इन मरीजों के लिए यह फ्लाइओवर टाटा मेमोरियल का पोस्ट ऑपरेटिव वॉर्ड की तरह है।

इनमें से सभी दूर के प्रदेशों के रहने वाले

लेकिन इनमें से कोई भी वापस अपने घर लौटकर जाने की हालत में नहीं है। क्योंकि ये मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, बिहार और यूपी जैसे दूर के प्रदेशों से आए हैं। इसके अलावा सर्जरी के बाद हर सप्ताह या पंद्रह दिनों में इन्हें फॉलोअप के लिए डॉक्टरों को दिखाने आना पड़ता है, जो कि लगभग नामुमकिन काम है। ये इतने गरीब हैं कि धर्मशालाओं में हर रोज 100 रुपयों का किराया भी नहीं दे सकते।

कुछ बीच में इलाज छोड़ जाते हैं

जिन अस्पतालओं और चैरिटेबल संस्थानों में मरीजों के मुफ्त रहने की व्यवस्था है वहां जगह नहीं है। यहां तक कि अस्पताल के बाहर वाले फुटपाथ भी एक इंच खाली नहीं हैं। टाटा मेमोरियल के कुछ डॉक्टर अपनी पहचान उजागर न करने की शर्त पर बताते हैं कि कुछ मरीज अपना इलाज बीच में ही छोड़ देते हैं क्योंकि इस शहर में टिके रहना बहुत मुश्किल है।

बीएमसी इसकी ओर से उदासीन

टाटा मेमोरियल के प्रवक्ता डॉ. एसएच जाफरी का कहना है, 'कुछ साल पहले अस्पताल ने बृहन्मुंबई नगर पालिका (बीएमसी) से हिंदमाता और लालबाग फ्लाइओवर को गरीब मरीजों के शरणस्थल के तौर पर विकसित करने की अनुमति मांगी थी लेकिन आजतक इसका कोई जवाब नहीं मिला।'

इराक की सैन्य सहायता में कटौती करेगा अमेरिका

वाशिंगटन (स्पूतनिक)। अमेरिका इराक को दी जाने वाली 25 करोड़ डॉलर की सैन्य सहायता में कटौती करने की तैयारी कर रहा है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक यदि अमेरिकी सैनिकों को इराक से बाहर निकाला जाता है, ऐसी स्थिति में इराक को मिलने वाली सैन्य सहायता में कटौती की जाएगी। मीडिया रिपोर्ट में विदेश और रक्षा मंत्रालय के ई-मेल के हवाले से कहा गया है कि पूर्वी देशों से संबंधित ब्यूरो चालू वित्त वर्ष में इराक को दी जाने वाली सैन्य सहायता में कटौती करने की योजना पर काम कर रहा है। इराक की संसद में पांच जनवरी को एक प्रस्ताव पारित किया गया था जिसमें अमेरिका के नेतृत्व वाली गठबंधन सेना को देश से बाहर करने संबंधित प्रावधान था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निर्देश पर एक अमेरिकी अभियान में बगदाद के अंतरराष्ट्रीय हवाई के नजदीक एक ड्रोन हमला कर ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कुद्स बल के प्रमुख कासिम सुलेमानी की हत्या कर दी गयी थी। अमेरिका के मुताबिक सुलेमानी इराक और पश्चिम एशिया में अमेरिकी राजनयिकों और सैनिकों पर हमले करने की योजना बना रहे थे। उन्होंने इराक में गठबंधन के ठिकानों पर पिछले कुछ महीनों में कई हमले किए थे, जिनमें 27 दिसंबर को हुआ हमला भी शामिल था। इस हमले में अमेरिकी और इराकी कर्मी हताहत हुए थे। जनरल सुलेमानी ने 31 दिसंबर को बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर हुए हमलों को भी मंजूरी दी थी। अमेरिका ने शुक्रवार को ईरान पर नए प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। इसके जवाब में ईरान ने इराक में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर कई हवाई हमले किए थे।

■ न्यूज गैलरी

कम्बाईण्ड डिफेन्स सर्विस परीक्षा 2 फरवरी को

रायपुर। संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित कम्बाईण्ड डिफेन्स सर्विस परीक्षा (1) परीक्षा आगामी 2 फरवरी को तीन पालियों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम पाली सुबह 9 से 11 बजे, द्वितीय पाली दोपहर 12 से 2 बजे और तृतीय पाली दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक संचालित की जायेगी। परीक्षा के संचालन के लिए श्रीमती पूनम शर्मा, डिप्टी कलेक्टर को सहायक को-ऑर्डिनेटिंग सुपरवाइजर तथा श्री के.एस. पटले को कंट्रोल रूम प्रभारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा के लिये डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डब्ल्यू आर.एस. कालोनी रायपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठपुरेना रिंग रोड नं. 1 रायपुर, श्री वामन राव लाखे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांधी चैक छोटापारा रायपुर, शहीद संजय यादव शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला संजय नगर रायपुर एवं माधव राव सप्रे नगर निगम उच्चतर माध्यमिक शाला बूढ़ापारा रायपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 19 जनवरी को

रायपुर। राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियों अभियान आगामी रविवार 19 जनवरी को रायपुर जिले के 0 से 5 वर्ष तक के आयु समूह के सभी बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलायी जाएगी। अभियान के दौरान किसी कारणवश छूटे गए बच्चों के लिए इसके बाद के दो दिवसों में घर-घर जाकर भी पोलियों की खुराक दी जाएगी। अभियान के तहत जिले में 1370 बूथ लगाये जाएगें। अभियान के तहत जिले में 3 लाख 42 हजार 544 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य है। इस संबंध में गत दिवस अपर कलेक्टर श्रीमती पदमिनी भोई साहू ने जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक ली।

मेडिकल स्टोर में दवा खरीदने गई युवती का मोबाईल पार

रायपुर। मेडिकल स्टोर में दवा खरीदते समय युवती के पर्स में रखे एक नग मोबाइल फोन किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट मौदाहापारा में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार पंडरी रायपुर निवासी कुमारी तनुप्रिया 25 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थियां सोमवार को मेकाहारा के पास लक्ष्मी मेडिकल स्टोर में दवा खरीद रही थी इसी दौरान किसी ने पर्स में रखे एक नग एमआईए 3 कंपनी का मोबाइल फोन चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

संक्रांति पर सभापति प्रमोद दुबे ने संभाला पदभार

■ महापौर एजाज ढेबर, धरसींवा विधायक श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा, पूर्व विधायक रमेश वल्र्यानी सहित पार्षदों, अधिकारियों, आमजनों ने दी हार्दिक बधाईयां

■ महापौर एवं नेता प्रतिपक्ष निगम सदन को शांति पूर्ण चलाने पार्षदों को सकारात्मक भाव से सुझाव देने प्रेरित करेंगे -सभापति प्रमोद दुबे

रायपुर (नवप्रदेश)। आज मकर संक्रांति के पावन पर्व अवसर पर नगर पालिक निगम रायपुर के नवनिर्वाचित सभापति प्रमोद दुबे ने नगर निगम मुख्यालय व्हाईट हाउस के प्रथम तल पर स्थित सभापति कक्ष में पहुंचकर निगम अध्यक्ष के पद का पदभार प्रथम पूज्यदेव गणेश की अपनी धर्मपत्नी श्रीमती दिप्ती दुबे एवं परिवारजनों सहित उपासना करने के उपरांत ग्रहण कर लिया।

सभापति प्रमोद दुबे को निगम व्हाईट हाउस पहुंचकर रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर ने बुके देकर हार्दिक शुभकामनाएं दी। मुख्य रूप से सभापति दुबे को पदभार ग्रहण करने पर सभापति कक्ष पहुंचकर धरसींवा विधायक श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा, पूर्व विधायक रमेष वल्र्यानी, पार्षद सर्व सूर्यकांत राठौड़, अजीत कुकरेजा, अमित दास, ज्ञानेष शर्मा, सुन्दर जोगी, अमर बंसल, जितेन्द्र अग्रवाल, श्रीमती शीतल बोगा, पूर्व पार्षद जगदीष कलष, जगदीष आहूजा, जादूमणी जीतू भारती, निगम अपर आयुक्त लोकेष्वर साहू, उपायुक्त पीआर ध्रुव, निगम सचिव नेतराम चंद्राकर, उपायुक्त श्रीमती कृष्णा खटिक, जोन कमिश्नर सर्व विनय मिश्रा, चंदन शर्मा, अरूण ध्रुव, अरूण साहू सहित बडी संख्या में आमजनों, निगम अधिकारियों कर्मचारियों ने बुके देकर फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर सभापति प्रमोद दुबे ने निगम व्हाईट हाउस में पदभार ग्रहण करने पर सभी को धन्यवाद दिया एवं कहा कि वे सभापति के रूप में नगर निगम के महापौर एवं निगम नेता प्रतिपक्ष से निगम सदन को शांति पूर्ण चलाने के लिये अपने-अपने दल के सदस्य पार्षदों को सकारात्मक भाव से सुझाव देने हेतु प्रेरित करने के लिये आग्रह करेंगे। महापौर एवं विपक्ष के सदस्य पार्षद सदैव ऐसी योजना को प्राथमिकता में रखेंगे जिससे वार्डो में निवास करने वाले नागरिकों को स्वच्छ पेयजल मिले, गड्ढे युक्त सड़क हो नगर को साफ सुथरा प्रदूषण मुक्त रखने, प्रदूषित जल निकासी हेतु गुणवत्ता पूर्ण पक्की नालियों का निर्माण, उन्नत प्रकाष व्यवस्था, तालाबों को स्वच्छ रखना, कचरा को गाड़ी में डालना तथा रैन वाटर हार्वेस्टिंग का कडाई से पालन हो।

नागरिकता कानून के खिलाफ पूरा देश सड़क पर : त्रिवेदी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि मोदी सरकार द्वारा एनआरसी फिर सीएए फिर एनपीआर ये तमाम चीजें लाई जा रही हैं, जिसकी वजह से आज कई हफ्तों से पूरा देश सड़कों पर है, जिसमें 90 साल के बुढ़े भी हैं और 6 महीने का बच्चा भी अपनी मां की गोद में वो भी इस ठंड में सड़क पर है।

पहली बार इस देश में समाज के हर वर्ग का व्यक्ति हो, इस सरकार के खिलाफ वो सड़कों पर निकला हुआ है क्योंकि हिंदुस्तान का संविधान, बिल्कुल खतरे में है। संविधान को बचाने के लिए आज देश की जनता सड़कों पर है, हिंदु. मुस्लिम. सिक्ख. ईसाइ, महिलाएं, नॉर्थ.ईस्ट, लेकिन उनकी आवाज को दबाने के लिए मोदी की दमन का सहारा ले रही है। आम लोगों की आवाज केन्द्रीय सरकार के द्वारा दबाई जा रही है और जिन.जिन राज्यों में भी बीजेपी की सरकार है। सबसे ज्यादा मौतें वहीं हुई। 21 लोगों को सरकार और सरकार की पुलिस के द्वारा फायरिंग में सिर्फ उत्तर प्रदेश में ही मार डाला। हजारों की तादाद में लोग जख्मी हुए। असम में बीजेपी की सरकार है। वहाँ गोली से 5 आदमियों को मार दिया गया, 24 लोग गोली से जख्मी हुई और लाठी चार्ज से सैंकड़ों लोग जख्मी हुए। इसी तरह से कर्नाटक में बीजेपी की सरकार है, वहाँ 2 लोगों को मार दिया गया। आंदोलनकारियों को मारने की जितनी भी वारदातें हुई हैंए वो सिर्फ भाजपा शासित में हुईए जबकि सैंकड़ों और हजारों प्रदर्शन पूरे हिंदुस्तान में हुए हैं।

एनआईए एक्ट के मामले में सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर करने के छत्तीसगढ़ सरकार के निर्णय का कांग्रेस ने किया स्वागत

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा एनआईए के क्षेत्राधिकार को चुनौती देने वाली याचिका सर्वोच्च न्यायालय में दायर किये जाने का स्वागत करते हुये प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि यह मामला गंभीर सवैधानिक विषयों के साथ-साथ संवेदना एवं जनहित से जुड़ा विषय भी है। यह मामला केंद्र सरकार के द्वारा लगातार संघीय अवधारणा के खिलाफकाम करने से जुड़ा हुआ है। इस मामले में गंभीरता से विचार करने के बाद इस याचिका की आवश्यकता पड़ी है ताकि राज्यों के अधिकारों पर एनआईए एक्ट की आड़ लेकर जो अतिक्रमण केंद्र सरकार के द्वारा किया जा रहा है भविष्य में न किया जा सके।

कैंसर पीड़िता श्रीमती आम्रपाली ने हारमोनियम में जीता पुरस्कार

युवा महोत्सव आयोजन के लिए राज्य सरकार के प्रति जताया आभार

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के हिरमी निवासी और पेशे से शिक्षक श्रीमती आम्रपाली बनर्जी कैंसर पीड़ित होने के बावजूद हिम्मत नहीं हारी और राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में हारमोनियम प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। श्रीमती बनर्जी ने प्रदेश में युवा महोत्सव के अयोजन के लिए राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतियोगिता के लिए उम्र मायने नहीं रखती है। उन्होंने 40 वर्ष आयु वर्ग के लिए हारमोनियम प्रतियोगिता में भाग लिया और विजयी हुईं। श्रीमती आम्रपाली ने बताया कि कैंसर के साथ-साथ उन्हें कमर में भी काफी तकलीफ है। हारमोनियम रियाज के लिए ठीक से बैठ नहीं पाती हैं। उसके बावजूद श्रीमती आम्रपाली ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने युवा महोत्सव के इस आयोजन में भाग लिया। हारमोनियम प्रतियोगिता में उन्होंने तीनों सप्तक में छोटे-छोटे तीन टुकड़े प्रस्तुत किए। उनकी रचना को जजों ने सराहा और वे पुरस्कार भी जीती। श्रीमती आम्रपाली बनर्जी ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को युवाओं की प्रतिभा को निखारने उन्हें मंच प्रदान करने के लिए आयोजित युवा महोत्सव के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से युवाओं को अपने हुनर को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है।

विद्युत गृहों की उत्कृष्ट कार्यनिष्पत्ति संग पॉवर फार ऑल होगी प्राथमिकता

जनरेशन कंपनी के नवनियुक्त एमडी एन.के. बिजौरा द्वारा पदभार ग्रहण

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं डायरेक्टर के पद पर निर्मल कुमार बिजौरा की नियुक्ति की गई है, तदानुसार उन्होंने बुधवार को कंपनी मुख्यालय सेवाभवन डंगनिया में पदभार ग्रहण किया। पॉवर जनरेशन विषयक कार्यो के करीब चार दशक के दीर्घ अनुभवी श्री बिजौरा अब तक पॉवर जनरेशन कंपनी में कार्यपालक निदेशक (भण्डार एवं क्रय) पद पर सेवारत थे। नव पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्हें पॉवर कम्पनीज प्रबंधन सहित अन्य अधिकारियों/ कर्मचारियों, श्रमिक संघ-संगठनों के पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनायें दी।



इस अवसर पर श्री बिजौरा ने राज्य शासन के प्रति अपनी नियुक्ति के लिये आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ प्रबंध निदेशक के पद पर राज्य शासन द्वारा नियुक्त किया गया है उसे बनाये हुये अपने दायित्वों का निवर्हन वे निष्ठापूर्वक करेंगे। छत्तीसगढ़ शासन की रीति-नीति के अनुरूप छत्तीसगढ़ को 'पावर हब आफ इण्डिया' बनाये हुये 'पॉवर फार ऑल' को साकार करने को उन्होंने अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा इस हेतु टीमवर्क के साथ ही 'कर्म ही पूजा हैं' को साकार करते हुये जनरेशन कंपनी के विद्युत संयंत्रों की कार्यनिष्पत्ति को उत्कृष्ट बनाये रखेंगे।

माशिमं ने किया डीएलएड का परिणाम घोषित

पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 जनवरी से

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने डीएलएड और डीएड अवसर परीक्षा वर्ष 2019 के परीक्षा परिणाम घोषित किया गए। संबंधित परीक्षार्थी बोर्ड की विभागीय वेबसाइड पर जाकर अपना परीक्षा परिणाम देख सकते हैं।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव व्हीके गोयल ने बताया कि डीएलएड अवसर परीक्षा वर्ष 2019 के प्रथम वर्ष में कुल 2134 प्रशिक्षणार्थी पंजीकृत हुए। इनमें से 2134 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 962 बालक तथा 1172 बालिकाएं हैं। इनमें से 1250 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। 11 परीक्षार्थी का परिणाम विभिन्न कारणों से रोका गया है।

द्वितीय वर्ष में 1802 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुएए जिनमें से 915 बालक तथा 387 बालिकायें हैं। इनमें से 1147 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। 11 परीक्षार्थी का परिणाम विभिन्न कारणों से रोका गया है। परीक्षार्थियों द्वारा पुनर्गणना अथवा पुनर्मूल्यांकन के लिए 16 जनवरी से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

मंत्री के बोल एचएम ताम्रध्वज साहू ने नक्सल उन्मूलन पर अपने शब्दों में दी क्रेडिट

बोले पहले सौ नक्सलियों का इनकाउंटर था सामान्य

■ दावा -नक्सलियों के लीडरों और कैडर का हुआ खात्मा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य निर्माण से लेकर अब तक नक्सलवाद के खात्मे के लिए हुई लड़ाईयों और मारे गए नक्सलियों पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने बड़ा दावा किया है। उन्हों ने मीडिया को दिये बयान में कहा है कि बीजेपी शासनकाल में नक्सलियों के खिलाफ की गई कार्रवाई में कैडर की तुलना में सामान्य माओवादियों को ही मारा गया है। जबकि कांग्रेस शासनकाल में नक्सलवाद के खिलाफ छेड़ी गई मुहीम में सामान्य की तुलना में कैडर वाले नक्सलियों का बड़ी संख्या में सफाया किया जा रहा है। एचएम ताम्रध्वज साहू ने भाजपा शासनकाल का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले अगर सौ लोग मारे जाते थे, तो उसमें अट्ठानवे सामान्य होते थे। दो कैडर के होते थे, लेकिन वर्तमान में सौ लोग मारे जाते हैं, उसमें अट्ठानवे कैडर के होते हैं, दो नॉर्मल नक्सली होते हैं। ताम्रध्वज साहू ने कहा कि कांग्रेस का एक साल का शासनकाल भाजपा के 15 साल के शासनकाल पर भारी है. नक्सलवाद के खात्मा के लिए पूर्व सरकार ने 15 साल में कुछ खास नहीं किया. कुछ किया होता तो 15 साल तक नक्सलवाद का दर्द जनता को नहीं झेलना पड़ता. एक साल में कांग्रेस सरकार नक्सलवाद पर नकेल कसने में कामयाब रही है. यह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल का ही परिणाम है।

उन्होंने कहा कि एक अच्छी रणनीति मुख्यमंत्री ने बनाई, जिसके कारण हमारे फोर्स का मनोबल अच्छा रहा। इसके कारण एक साल में नक्सली सक्रियता में काफी कमी आई है। अपहरण में कमी आई, फर्जी मुठभेड़ के मामले सामने नहीं आए। आत्म समर्पण सर्वाधिक हुआ. गिरफ्तारियां भी हुई, नक्सली के बड़े लीडर काफी मारे भी गए। इस प्रकार नक्सली मोमेंट में काफई सफलता मिली। गृहमंत्री ने कहा कि जैसा हमारे मुख्यमंत्री ने कहा था कि बस्तर अंचल में नक्सल गढ़ में सरकार के प्रति विश्वास का वातावरण बनाएंगे और बन रहा है. नक्सलगढ़ के बीच विकास का काम शुरू हुआ. युवा, महिला, सभी वर्ग के लोगों ने समझा कि नक्सली हमारे हित में है कि नहीं. इस तरह उनका भी समर्थन रहा। इन सारे कारणों से ये सफलता मिली है।

पूर्व में चले नक्सली मूवमेंट की जांच नहीं

पूर्ववर्ती भाजपा सरकार 15 साल के दौरान नक्सली मोमेंट को लेकर सक्रिय रहते तो एक साल में हम लोगों ने जितना किया 15 साल तक इसी गति में अगर वो काम करते तो मेरा मानना है कि नक्सली मोमेंट समाप्त हो गया होता। छत्तीसगढ़ विकास की नई दिशा तय कर लिया होता। इसलिए मैं नहीं मानता कि उनका सोच नक्सली को खत्म करने का रहा होगा। भाजपा के नक्सलवाद को ख़त्म करने के लिए इस्तेमाल किए गए भारी-भरकम बजट की जांच को लेकर किए गए सवाल पर गृह मंत्री ने कहा कि इसमें जांच की कोई बात नहीं है। बजट आता है वो मोमेंट के लिए ही आता है। जब तक जांच की बात नहीं बनती। अब तक कोई शिकायत नहीं मिल है, जब कोई शिकायत आएगी तो जाँच जरूर की जाएगी।

वैज्ञानिकों ने दी मौसम आधारित कृषि सलाह

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। कृषि वैज्ञानिकों ने प्रदेश के किसानों को मौसम आधारित कृषि सलाह दिए हैं। रबी फसल की कटाई के बाद खाली खेतों की गहरी जुताई कर जमीन को खुला छोड़ दें ताकि सूर्य की तेज धूप से गर्म होने के कारण इसमें छिपे कीडो के अण्डे तथा घास के बीज नष्ट हो जाएंगे। इस मौसम में किसान अपनी मिट्टी की जांच किसी प्रमाणित स्त्रोत से करवाएं और जहां संभव हो अपने खेत का समतलनीकरण करवाएं।

अनाज को भडारण में रखने से पहले भंडार घर की अच्छी तरह सफाई करें तथा अनाज को अच्छी तरह से सुखा लें एवं कूड़े-कचरे को जला या दबाकर नष्ट कर दें। भंडारण की छत, दीवारों और फर्श पर एक भाग मेलाथियान 50 ई.सी. को 100 भाग में मिलाकर छिड़काव करें। ग्रीष्मकाल में हरी खाद के लिए सनई, ढैंचा, ग्वार, लोबिया, मूंग आदि की बुवाई कर सकते हैं। सनई की बीज दर 60-70 और ढैंचा की 50-60 किलोग्राम प्रति हेक्टेर की दर से बुवाई करें। अच्छे अंकुरण के लिए खेत में पर्याप्त नमी होना आवश्यक है।

इसी प्रकार ग्वार, मक्का, बाजरा, लोबिया आदि चारा फसलों की बुआई इस सप्ताह कर सकते हैं, बुवाई के समय खेत में पर्याप्त नमी होनी आवश्यक है। बीजों को 3-4 सेंटीमीटर गहराई पर डाले और पंक्ति से पंक्ति की दूरी 25-30 सेंटीमीटर रखें। किसान अरहर और कपास की बुवाई के लिए खेतों को तैयार करें तथा बीज किसी प्रमाणित स्त्रोत से ही खरीदें।

तापमान अधिक रहने की संभावना को देखते हुए, किसान तैयार सब्जियां की तुड़ाई सुबह या शाम को करें तथा इसके बाद इस छायादार स्थान में रखें। इस मौसम में बेल वाली फसलों में न्यूनतम नमी बनाएं रखें अन्यथा मृदा में कम नमी होने से परागण पर असर हो सकता है, जिससे फसल उत्पादन में कमी आ सकती है। भिंडी की फसल में तुड़ाई के बाद युरिया 5-10 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से डाले तथा माईट कीट की निरंतर निगरानी करते रहे, अधिक कीट पाए जाने पर ईथियॉन 5-2 मिली-लीटर पानी की दर से छिड़काव आसमान साफ होने पर करें। इस मौसम में भिंडी की फसल की हल्की सिंचाई कम अंतराल पर करें। बैंगन तथा टमाटर की फसल को प्रोह एवं फसल छेदक कीट से बचाव के लिए ग्रसित फलों तथा प्रोरहों को इकठ्ठा कर नष्ट करें। यदि कीट की संख्या अधिक हो तो स्पिनोसेइ कीटनाशी 48 ई.सी एक मिली-4 लीटर पानी की दर से छिड़काव आसमान साफ होने पर करें। अगले दो दिन तक मौसम शुष्क रहने की संभावना को ध्यान में रखते हुए सभी सब्जियों तथा खड़ी फसलों में हल्की सिंचाई करें। सिंचाई सुबह या शाम के समय ही करें।

संपादकीय

पुलिस की वर्दी में गद्दार

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों को मददगार डीएसपी देवेन्दर सिंह वर्दी के पिछे छिपा गद्दार निकला। देवेन्दर सिंह दो हिजबुल मुजाहिद्दीन के दो आतंकवादियों के साथ एक कार में गिरफ्तार किया गया। इन आंतकवादियों को वह कश्मीर से दिल्ली ले जा रही था। इन आतंकवादियों को उसने पनाह भी दी थी। यह तो गनीमत रही की वे आतंकवादी गिरफ्तार हो गए वरना वे नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान कोई बड़ा हमला कर सकते थे। देवेन्दर सिंह पर यह भी आरोप लगा है कि वह आतंकवादियों से पैसे लेकर उन्हे बनिहाल सुरंग से पार कराता था और खुद भी वर्दी पहनकर गाड़ी में मौजूद रहता था ताकि रास्ते में उनकी गाड़ी को कोई न रोके और न हीं किसी तरह की कोई पुछताछ हो। ये वही डीएसपी है जो पुलवामा हमले के समय वहां पदस्थ था। अब एनआईए देवेन्दर सिंह से कड़ी पूछताछ कर रही है। उम्मीद है कि उससे पुछताछ के बाद कई और चौंकाने वाले खुलासे होंगे। महबूबा मुफ्ति के मुख्यमंत्रित्व काल में डीएसपी देवेन्दर सिंह को राज्य सरकार ने पुरस्कृत भी किया था।, इसी वजह से जम्मू कश्मीर पुलिस में उसका खास रूतबा कायम हो गया था। जिसका वह नाजायज फायदा उठा रहा था। आतंकवादियों से मोटी रकम लेकर न सिर्फ उन्हे पनाह दे रहा थाबल्कि उन्हे सुरक्षित एक स्थान से दुसरे स्थान भी भेजता रहा है। वर्दी के पिछे छुपे इस गद्दार ने करोड़े की सम्पत्ती अर्जित कर रखी थी व श्रीनगर में आर्मी बेस कैम्प के पास ही करोड़ो की लागत से अपना आलीशान तीन मंजिला मकान भी बना रहा था। उसकी बेटी विदेश में पढ़ रही है और बेटा भी एक महंगे स्कुल में पढ़ रहा है। डीएसपी जैसे मामुली पद पर रहते हुए उसने जो करोड़ो की काली कमाई की है वह अपनी कहानी खुद कहती है। समझ में नहीं आता कि इस गद्दार की गतिविधियों पर नजर क्यों नहीं रखी गई, जबकि पूर्व में भी उसपर कई आरोप लगते रहे है। बहरहाल अब उसकी गिरफ्तारी हो जाने से और भी कई सनसनी खेज मामले सामने आएंग। माना जा रहा है कि उसके आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन से तार जुड़े हुए थे। ऐसे गद्दार को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए ताकि अन्य पुलिस अफसर इससे सबक लें।

विचार

सिर उठाती महंगाई

खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी की वजह से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में आए उछाल ने पहले से ही कमजोरी झेल रही अर्थव्यवस्था के लिए चिंता बढ़ा दी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक सीपीआई के जरिये जाहिर समग्र खुदरा महंगाई की दर दिसंबर में बढ़कर 7.35 फीसदी पर पहुंच गई, जो बीते छह वर्षों में यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अब तक के कार्यकाल में सबसे ज्यादा है। खुदरा महंगाई के हिस्से के रूप में सबसे ज्यादा महंगाई खान-पान की चीजों में दर्ज की गई है, जो दिसंबर में बढ़कर 14.12 फीसदी हो गई है। नवंबर में यह 10.01 फीसदी दर्ज की गई थी। खुदरा मुद्रास्फीति में तेजी सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था के लिए कई तरह की समस्याएं खड़ी कर कर सकती है। रिजर्व बैंक के हाथ बांधने में इसकी बड़ी भूमिका हो सकती है। बढ़ती महंगाई के बीच मुख्य ब्याज दर में कटौती करके वास्तविक ब्याज दरों को ऋणात्मक दायरे में ले जाने का जोखिम कोई केंद्रीय बैंक नहीं उठाना चाहता। बहरहाल, मौजूदा हालात को लेकर अर्थ विशेषज्ञों की राय दो तरह की है। एक वर्ग का मानना है कि यह अस्थायी स्थिति है, जनवरी में मुद्रास्फीति तेजी से नीचे आ सकती है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल का कहना है कि करीब से देखने पर लगता है कि मुद्रास्फीति में उछाल अस्थायी प्रकृति का या किसी विशेष कारक की वजह से है। लेकिन कई अर्थशास्त्री कह रहे हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था फिलहाल 'स्टैग्फ्लेशन' चरण में जा रही है। यह शब्द स्टैग्नेशन और इन्फ्लेशन से मिलकर बना है। जब विकास दर धीमी पड़ने लगती है, मांग में कमी आ जाती है, बेरोजगारी बढ़ने लगती है, और इसके समानांतर महंगाई कम होने के बजाय बढ़ती ही जाती है तो इस अवस्था को स्टैग्फ्लेशन कहा जाता है। मौजूदा संकट को लेकर इन अर्थशास्त्रियों का कहना है कि इसके हालात पिछले कुछ वर्षों से बन रहे हैं। लोगों के खर्च में कमी आई है क्योंकि कई सेक्टरों में छंटनी हुई है और कुछ कारोबारी संस्थानों ने अपना निवेश घटा दिया है।

टेक ज्ञान

अब भारत में स्मार्ट टीवी ला रही ऑनर

नई दिल्ली। दिग्गज टेक्नॉलजी कंपनी ऑनर ने हाल ही में भारत में अपने पांच नए प्रॉडक्ट लॉन्च किए हैं। इसमें ऑनर 9 एक्स स्मार्टफोन से लेकर ऑनर वाच मैजिक 2 बैंड 5 आई और दो ब्लूटूथ इयरफोन शामिल हैं। अब कंपनी की नजर भारत में अपना पोर्टफोलियो और भी बढ़ाने की है। ऑनर जल्द ही भारत में लैपटॉप और स्मार्ट टीवी लाने की तैयारी कर रही है।

गृह निर्माण उद्योग पर संकट का साया

उपेन्द्र प्रसाद

> आंकड़ों के अनुसार देश के सबसे धनी दस शहरों में मकानों की बिक्री 30 फीसदी गिर गई है। अगर अलग अलग शहरों को देखें, तो दक्षिण भारत में यह गिरावट ज्यादा हुई है। बंगलोर में तो मकान की बिक्री 50 फीसदी कम हो गई है और हैदराबाद में यह गिरावट 44 फीसदी है। ये दोनों महानगर डिजिटल उद्योग के लिए मुख्य रूप से जाने जाते हैं। आईटी हब के रूप में विख्यात ये दोनों शहर देश के अन्य हिस्सों के लोगों के लिए आकर्षण के केन्द्र बने और अधिक आय पर लोगों को रोजगार भी वहां मिल रहे हैं। अब इन दोनों राज्यों में मकानों की मांग का इतना कमजोर होने का मतलब यही है कि आईटी प्रोफेसनल अब बहुत ही कम तनख्वाह पर वहां काम पा रहे हैं, जिसके कारण उनकी क्रयशक्ति कम हो रही है और अपना मकान खरीदने की उनकी क्षमता घटती जा रही है। एक कारण यह भी हो सकता है कि अब नये लोगो को वहां रोजगार मिलना कम हो गया है।

देश की अर्थव्यवस्था को लेकर चारों तरफ से निराशाजनक खबरें आ रही हैं। आर्थिक विकास दर लगातार घटती जा रही है। अर्थव्यवस्था के कुछ मोर्चों पर तो विकास दर शून्य से भी नीचे जा रही है। इसका मतलब है कि जितना उत्पादन पिछले साल हुआ था, उससे भी कम उत्पादन उन क्षेत्रों में हुआ है। नकारात्मक विकास का मतलब स्पष्ट है कि इसके कारण लोगों की आय कम हो रही है और काम धंधे में लगे लोग भी लगातार बेरोजगार होते जा रहे हैं।



नकारात्मक विकास दर उस सेक्टर में दिखाई पड़ रही है, जिसे बेसिक सेक्टर कहते हैं और जिसमें कोयला, लोहा, गैस और सीमेंट जैसे उद्योग शामिल हैं। यह सब उत्पादन में इनपुट के रूप में इस्तेमाल होते हैं। इनकी खपत में कमी का मतलब है जिन उद्योगों में उत्पादन के इनपुट के रूप में इनका इस्तेमाल होता है, उनके विकास की दर भी या तो शून्य के नीचे जा रही होगी या बहुत जल्द उसके विकास की यह तस्वीर सामने आने लगेगी।वैसा ही एक उद्योग गृह निर्माण उद्योग है, जिसकी तबाही की खबरें बहुत दिनों से मीडिया की सुर्खियां बनी हुई हैं। पिछले कई साल से यह उद्योग संकटग्रस्त है। लाखों फ्लैट देश भर में ऐसे हैं, जो खरीददार का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन उन्हें खरीददार मिल नहीं रहे। यह उद्योग अराजकता का शिकार पिछले कई दशकों से रहा है। यह उद्योग काले धन से सबसे ज्यादा प्रभावित रहा है और काले धन पर जैसे जैसे लगाम लग रहा है, इसकी तबाही बढ़ती ही जा रही है। काले धन के प्रसार के कारण इस उद्योग के उद्यमियों ने अतने महंगे महंगे फ्लैट बना लिए, जिनके खरीददार भारत में बहुत कम हैं। वैसे अनबिके फ्लैट्स लाखों की संख्या में हैं और लाखों करोड़ रुपये की पूंजी उनमें फंसी हुई है। अनुमान लगाया जा सकता है कि वह अर्थव्यवस्क्था का कितना बड़ा नुकसान है। रियल इस्टेट संकट में है। यह तो हमें पहले ही पता था। लेकिन मकान बिक्री के ताजा आंकड़ों ने तो एक ऐसी तस्वीर पेश की है, वह बहुत ही भयावह है। यह आंकड़ा चालू वित्तवर्ष की तीसरी तिमाही का है। यानी यह अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर महीने का है। इस तिमाही की एक खास विशेषता भारत में यह होती है कि इसमें अनेक पर्व और त्यौहार होते हैं, जिसमें बाजार में ज्यादा ग्राहक आ जाते हैं। बाजार के लिए यह तिमाही साल भर की सबसे बेहतर तिमाही होती है। बाजार के लिए यह बिजी सीजन माना जाता है, लेकिन इस बिजी सीजन के जो आंकड़े आ रहे हैं, वे गृह निर्माण उद्योग के लिए चिंताजनक हैं ही, देश की अर्थव्यवस्था के खराब भविष्य की ओर भी इशारा करते हैं।

आंकड़ों के अनुसार देश के सबसे धनी दस शहरों में मकानों की बिक्री 30 फीसदी गिर गई है। अगर अलग अलग शहरों को देखें, तो दक्षिण भारत में यह गिरावट ज्यादा हुई है।

> ाजार के लिए यह तिमाही साल भर की सबसे बेहतर तिमाही होती है। बाजार के लिए यह बिजी सीजन माना जाता है, लेकिन इस बिजी सीजन के जो आंकड़े आ रहे हैं, वे गृह निर्माण उद्योग के लिए चिंताजनक हैं ही, देश की अर्थव्यवस्था के खराब भविष्य की ओर भी इशारा करते हैं। आंकड़ों के अनुसार देश के सबसे धनी दस शहरों में मकानों की बिक्री 30 फीसदी गिर गई है।

बंगलोर में तो मकान की बिक्री 50 फीसदी कम हो गई है और हैदराबाद में यह गिरावट 44 फीसदी है। ये दोनों महानगर डिजिटल उद्योग के लिए मुख्य रूप से जाने जाते हैं। आईटी हब के रूप में विख्यात ये दोनों शहर देश के अन्य हिस्सों के लोगों के लिए आकर्षण के केन्द्र बने और अधिक आय पर लोगों को रोजगार भी वहां मिल रहे हैं। अब इन दोनों राज्यों में मकानों की मांग का इतना कमजोर होने का मतलब यही है कि आईटी प्रोफेसनल अब बहुत ही कम तनख्वाह पर वहां काम पा रहे हैं, जिसके कारण उनकी क्रयशक्ति कम हो रही है और अपना मकान खरीदने की उनकी क्षमता घटती जा रही है। एक कारण यह भी हो सकता है कि अब नये लोगो को वहां रोजगार मिलना कम हो गया है। कारण चाहे जो भी हो, बंगलोर और हैदराबाद में मकानों की बिक्री में कमी डिजिटल उद्योग की तबाही का भी एक संकेत है। बंगलोर और हैदराबाद के बाद पुणे मे मकान बिक्री में सबसे ज्यादा कमी आई है। यह कमी 39 फीसदी है। उसके बाद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नोएडा का नंबर है। वहां मकान 38 फीसदी कम बिके। चेन्नई और कोलकाता में यह गिरावट 33 फीसदी है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में बिक्री 18 फीसदी गिरी तो गुजरात के अहमदाबाद में यह गिरावट 14 फीसदी दर्ज की गई। गुड़गांव के बाजार पर इस गिरावट का सबसे कम असर पड़ा है। वहां मकानों की बिक्री में गिरावट 6 फीसदी थी। वहां बिक्री की गिरावट में आई कमी का कम होना इसलिए संभव हो पाया है कि हरियाणा सरकार ने अफोर्डेबल हाउसिंग का अभियान चला रखा है और किफायती कीमतों पर वहां मकान उपलब्ध हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वहां आसानी से ऋण भी उपलब्ध हैं और ब्याज पर सब्सिडी भी। इसके बावजूद 6 फीसदी की गिरावट का होना चिंताजनक ही है, क्योंकि प्रधानमंत्री आवास योजना के बावजूद मकानों की बिक्री में वहां उल्लेखनीय बिक्री नहीं हो पा रही है। यदि हम उस योजना के तहत बिके मकानों को हटाकर गुड़गांव के मकानों की बिक्री का आंकड़ा प्राप्त करें, तो यह संभव है कि वहां मकानों की बिक्री में आई गिरावट बंगलोर की 50 फीसदी गिरावट से भी ज्यादा दिखाई पड़े।

अब जब मकानों की बिक्री ही सुस्त है, तो गृह निर्माण की स्थिति क्या होगी? सितंबर 2019 के आंकड़े बताते हैं कि उस समय उन 9 बड़े शहरों में 7 लाख 97 हजार 7 सौ 23 मकान अनबिके थे। उसके बाद के तीन महीनों में वह अनबिका स्टॉक मात्र तीन फीसदी घटा। यदि इसी दर से बिक्री हुई, तो उन अनबिके मकानों के पूरा बिकने में 29 महीने लग जाएंगे। जब पहले से ही इतने मकान बिकने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं, तो फिर नये मकान कौन और किसके लिए बनाएगा। लिहाजा गृह निर्माण उद्योग का भविष्य अंधकारमय है और उसके साथ ही उन उद्योगों का भविष्य भी खराब है, जो गृह निर्माण को इनपुट उपलब्ध कराते हैं। देश के सामने अभूतपूर्व आर्थिक संकट खड़ा है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हमारे नीति निर्माता इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे। यदि वे अभी भी नहीं चेते, तो स्थिति बद से बदतर होती चली जाएगी। **(संवाद)**

दिल्ली में भाजपा के लिए आसान नहीं

हरिहर स्वरूप

> केजरीवाल के विपरीत, मोदी कट्टरता के साथ उन मुद्दों पर बात करने के लिए कठोर होंगे जो केजरीवाल राशन, बिजली सब्सिडी, मौहल्ला क्लीनिक और महिलाओं के लिए मुफ्त बस परिवहन के द्वारा अपनी बढ़त हासिल करने की कोशिश कर सकते हैं। लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का बेहतर प्रदर्शन भाजपा विरोधी वोटों के बंटवारे की संभावना को बढ़ाता है, जिसके परिणामस्वरूप आम आदमी पार्टी की स्थिति कमजोर हो सकती है। विभाजित विपक्ष भाजपा को हमेशा फायदा पहुंचाता है। आम आदमी पार्टी 15 और 20 जनवरी के बीच अपना घोषणा पत्र जारी करेगी।

दिल्ली में आने वाले विधानसभा चुनावों के नतीजों की भविष्यवाणी करना जल्दबाजी होगी। अरविंद केजरीवाल दूसरा कार्यकाल पाने में सफल होते हैं, तो कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। सच यह है कि दिल्ली भारतीय जनता पार्टी के लिए एक बहुत कठिन लड़ाई प्रस्तुत करती है। आम आदमी पार्टी चाहेगी कि उसका काम खुद बोले और उसकी जीत का कारण बने। वर्तमान संकेतों के अनुसार, दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के बीच एक टकराव होना है, जिसमें भाजपा एक मुख्यमंत्री चेहरे का नाम लेने से कतरा रही है। तीन राज्य सभा के चुनावों में शिकस्त पाने के बाद दिल्ली में भाजपा के लिए सत्ता-विरोधी सेंटिनेंट का लाभ उठाने का अवसर है। लेकिन सवाल उठता है कि क्या दिल्ली में सत्ता विरोधी सेंटिमेंट है भी या नहीं। सच कहा जाय तो यह या तो है ही नहीं या अगर यह है भी तो बहुत ही कम है, जिसे देखने के लिए बहुत तीक्ष्ण नजर चाहिए।

दिल्ली के विधानसभा चुनाव कई कारणों से अद्वितीय हैं। दिल्ली में लगभग दो करोड लोग रहते हैं। लगभग 150 देशों की आबादी से यह अधिक करता है। दिल्ली लगभग पूरी तरह से शहरी है, हवा की गुणवत्ता, अंतिम मील परिवहन, महिला सुरक्षा, पाइप जलापूर्ति, ठोस अपशिष्ट निपटान आदि की चुनौतियां यहां मुख्य रूप से हैं। यहां का चुनाव अन्य राज्य चुनावों से बहुत अलग है जहां ग्रामीण मतदाता प्रमुख रूप से कृषि मुद्दों या जाति से प्रभावित होते हैं। यही कारण है कि आम आदमी पार्टी जैसा युवा राजनीतिक आंदोलन अचानक उभर गया और बहुत कम समय में एक वैकल्पिक राजनैतिक ताकत बन गया। हालांकि आम आदमी पार्टी की सरकार एक शक्तिहीन सरकार के रूप में दिख रही थी, क्योंकि यह एक केन्द्र शासित प्रदेश है और पुलिस केन्द्र सरकार के अधीन है। वैसे भी केन्द्र सरकार इसे काम करने नहीं दे रही थी। बहुत देर से सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अरविंद केजरीवाल की सरकार कुछ कर पाने में सफल हुई। लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया गया है कि दिल्ली के सीएम केजरीवाल और शीला दीक्षित ने राष्ट्रीय चेतना में सम्मानजनक उपस्थिति बनाने में सफलता पाई है। नतीजतन, बीजेपी दिल्ली प्रदेश की सत्ता से दो दशक ये भी ज्यादा समय से बाहर है। वह चाहेगी कि 21 साल बाद फिर सत्ता में वापसी करे। भाजपा इसके लिए वह सीएए और एनआरसी के बूते फिर से सरकार में आने की कोशिश कर सकती है। हालांकि, भाजपा को राष्ट्रवाद के इर्द-गिर्द अपने अभियान को आगे बढ़ाने की उपयोगिता को ध्यान से तौलना होगा, क्योंकि दिल्ली के मतदाता स्थानीय मुद्दों के बारे में बात करने के मूड में दिखाई दे सकते हैं, जैसा कि झारखंड में हुआ। स्वयं के केजरीवाल कोशिश कर रहे हैं कि राष्टीय मुद्दे चुनाव प्रचार का के केन्द्र न बनें। उन्होंने सबक सीखा है और न तो राष्ट्रीय मुद्दे को उठा रहे हैं और न ही नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कुछ बोल रहे हैं। केजरीवाल के विपरीत, मोदी कट्टरता के साथ उन मुद्दों पर बात करने के लिए कठोर होंगे जो केजरीवाल राशन, बिजली सब्सिडी, मौहल्ला क्लीनिक और महिलाओं के लिए मुफ्त बस परिवहन के द्वारा अपनी बढ़त हासिल करने की कोशिश कर सकते हैं। लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का बेहतर प्रदर्शन भाजपा विरोधी वोटों के बंटवारे की संभावना को बढ़ाता है, जिसके परिणामस्वरूप आम आदमी पार्टी की स्थिति कमजोर हो सकती है। विभाजित विपक्ष भाजपा को हमेशा फायदा पहुंचाता है।

> इस बात से इनकार नहीं किया गया है कि दिल्ली के सीएम केजरीवाल और शीला दीक्षित ने राष्ट्रीय चेतना में सम्मानजनक उपस्थिति बनाने में सफलता पाई है। नतीजतन, बीजेपी दिल्ली प्रदेश की सत्ता से दो दशक ये भी ज्यादा समय से बाहर है। वह चाहेगी कि 21 साल बाद फिर सत्ता में वापसी करे। भाजपा इसके लिए वह सीएए और एनआरसी के बूते फिर से सरकार में आने की कोशिश कर सकती है। हालांकि, भाजपा को राष्ट्रवाद के इर्द-गिर्द अपने अभियान को आगे बढ़ाने की उपयोगिता को ध्यान से तौलना होगा, क्योंकि दिल्ली के मतदाता स्थानीय मुद्दों के बारे में बात करने के मूड में दिखाई दे सकते हैं, जैसा कि झारखंड में हुआ। स्वयं के केजरीवाल कोशिश कर रहे हैं कि राष्टीय मुद्दे चुनाव प्रचार का के केन्द्र न बनें।

आम आदमी पार्टी 15 और 20 जनवरी के बीच अपना घोषणा पत्र जारी करेगी। दिल्ली के संयोजक गोपाल राय ने संवददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बताया। एक संवाददाता सम्मेलन में गोपाल राय ने यह भी कहा कि 24 दिसंबर को जारी किए गए 'आप का रिपोर्ट कार्ड' शीर्षक से दिल्ली सरकार के रिपोर्ट कार्ड को वितरित करने का आप पार्टी का अभियान पूरा हो गया है और वह कार्ड लगभग तीन मिलियन परिवारों और 15 मिलियन लोगों तक पहुंच गया है। रिपोर्ट कार्ड में पाँच वर्षों में दिल्ली सरकार की शीर्ष दस उपलब्धियाँ शामिल हैं। **(संवाद)**

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

परिश्रम और दृढ़-निश्चय

परिश्रम और दृढ़-निश्चय से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है, इस संसार का कोई भी लक्ष्य हमारे साहस से बड़ा नहीं होता है। हमें चुनौतियों से भयभीत हुए बिना निरंतर अपने पथ पर आगे बढ़ते रहना चाहिए, इसी से हम जीवन में सफलता को प्राप्त कर सकते हैं।

- सुनिल शुक्ला

भास्कर तुम आदित्य

भास्कर तुम, आदित्य तुम उजाला भी तुम से,तम हरता तुम जीवन की रेखा तुम, संहारक भी तुम शौर्य भी तुम से,शीतलता के निवारक तुम श्री तुम ही,तुम ही हो श्री हनुमत के कंदुक तुम ऋतुओ के परिवर्तक तुम, राशियो के परिचालक तुम।।

- ऋतु दुबे

ख़ास पाती

दूर रह कर भी पास है

दूर रह कर भी पास है वोट्ठ यूँ ही नहीं खास है वो ! हर दर्द के बाद भी जो थी मेरे होठों पर हंसी, उस हंसी का राज है वो ! न जिद है , न है वो जुनून ट्ठ उफ, कमाल का एहसास है वो ! उसके ख्याल से ही हो जाता है नशा, सबसे नशीली शराब है वो ! बिन छुए ही अपना बना लिया उसने, आशिक लाजबाब था वो ! दूर जाकर और करीब आ गया ट्ठ सबसे हसीन ख्वाब है वो ! धड़कते दिल, खामोश अल्फाज और उदास आंखों का जबाब है वो ! यूँ ही नहीं खास है वो !! जिसे ख्वाबों में लिखकर हकीकत में मिटा दिया रोज, वो अधूरी किताब है वो ! **- रूबी प्रसाद**

आँख नम सी लिए मुस्कुराती रही

आँख नम सी लिए मुस्कुराती रही इस तरह मैं सभी से निभाती रही! मात देते रहे हम गमों को सदा ज़िंदगी भी हमें आजमाती रही! प्यार का कुछ मज़ा हमने ऐसे लिया रूठता वो रहा मैं मनाती रही! कुछ उधर से इशारे मिले थें मगर कह न पाई मैं कुछ हिचकिचाती रही! थाम लेगा उसे सोचकर नन्दिनी राह में प्यार के लड़खड़ाती रही!! **- नन्दिनी श्रीवास्त**

चटके तिल कुछ कह रहे देखो

चटके तिल कुछ कह रहे ,देखो निखरी धूप। पिघला गुड़ उसमे मिला , कुदरत मीठा रूप। खिचड़ी तिल का दान हो , नभ में ढेर पतंग। हर्षित फसले कह रही , हो मन पौष उमंग।। बिल्लू सल्लू मिल करे , झंडे का सम्मान। भाईचारा बढ़ सके , तिल खिचड़ी है दान।। भुजदंडों में बल भरो ,अग्नि करे आगाज़। नभ छू धरती पर पड़ी ,मैं भी देखो आज।।

- ज्योत्सना सक्सेना

मांगी हुई खुशियों से किसका भला

मांगी हुई खुशियों से, किसका भला होता है, किस्मत में जो लिखा होता है, उतना ही अदा होता है, न डर रे मन दुनिया से, यहाँ किसी के चाहने से, नहीं किसी का बुरा होता है, मिलता है वही, जो हमने बोया होता है, कर पुकार उस प्रभु के आगे, क्योंकि सब कुछ उसी के बस में होता।

- पितांबर श्रीवास्तव

बढा सद्भाव गुड़ तिल में अजी

बढा सद्भाव गुड़ तिल में,अजी सकरात आई है। उमंगें है जवाँ दिल में,,,,,,अजी सकरात आई है। बदल कर चाल दिनकर रोज होंगे अस्तचलगामी- मिलेगी देर से मंज़िल, अजी सकरात आई है।।

- अनिल शर्मा

कुछ नहीं बस वो रिसता हुआ ज़ख्म.

ऐ साहिब..........!!! कुछ नहीं बस वो रिसता हुआ ज़ख्म.. जो तूने दिया था दिल में.. आँसू में घुली काजल की रोशनाई से बस वही दर्द लिखती हूँ और लोग कहते हैं कि वाह बहुत खूब मैं कमाल लिखती हूं।

- कुसुम शुक्ला

क्या कश्ती क्या समंदर, है सभी आँखों के अन्दर

क्या कश्ती क्या समंदर, है सभी आँखों के अन्दर इकरार फरेब माना , है इन्कार का प्यारा मंजर न नफ़ा ,न नुक्सान कभी, सलामत रहे दो पैमाने कौन जीता बाजी दिल की, दिल हारें वे सिकंदर। **शब्द मसीहा केदारनाथ**

लघु कथा- ईमानदारी का इनाम

रोहन के सात वर्षीय बेटा अगम दूसरी कक्षा मैं अव्वल आया और रोहन तनख्वाह मिली तो बेटे को कहा, अगम, तुम बाज़ार चलो, तुम्हें नयी स्कूल ड्रेस और जूते दिलवाने हैं। बेटे ने जूते लेने से ये कह कर मना कर दिया कि पुराने जूतों को बस थोड़ी-सी मरम्मत की जरुरत है वो अभी इस साल काम दे सकते हैं। पापा आप अपना नज़र का नया चश्मा बनवा लो, अगम बोला रोहन ने सोचा बेटा मुझसे से शायद बहुत प्यार करता है इसलिए अपने जूतों की बजाय मेरे चश्मे को ज्यादा जरूरी समझ रहा है। खैर रोहन ने कुछ कहना जरुरी नहीं समझा और उसे लेकर ड्रेस की दुकान पर पहुंचा। दुकानदार ने बेटे के साइज़ की सफ़ेद शर्ट निकाली। डाल कर देखने पर शर्ट एक दम फिट थी। फिर भी बेटे ने थोड़ी लम्बी शर्ट दिखाने को कहा। रोहन बेटे से बोला, बेटा ये शर्ट तुम्हें बिल्कुल सही है तो फिर और लम्बी क्यों? अगम बोला, पिताजी मुझे शर्ट निक्कर के अंदर ही डालनी होती है इसलिए थोड़ी लम्बी भी होगी तो कोई फ़र्क नहीं पड़ेगाज्लेकिन यही शर्ट मुझे अगली क्लास में भी काम आ जाएगी जपिछली वाली शर्ट भी अभी नयी जैसी ही पड़ी है लेकिन छोटी होने की वजह से मैं उसे पहन नहीं पा रहा। रोहन खामोश रहा। घर आते वक़्त रोहन ने अगम से पूछाः तुम्हें ये सब बातें कौन सिखाता है बेटा? अगम बोलाः पापा, मैं अक्सर देखता था कि कभी माँ अपनी साडी छोड़कर तो कभी आप अपने जूतों को छोडकर हमेशा मेरी किताबों और कपड़ो पर पैसे खर्च कर दिया करते हो! गली- मोहल्ले में सब लोग कहते हैं के आप बहुत ईमानदार आदमी हैं और हमारे साथ वाले राजू के पापा को सब लोग चोर, कुत्ता, बे-ईमान, रिशवतखोर और जाने क्या-क्या कहते हैं जबकि आप दोनों एक ही ऑफिस में काम करते हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1547 - इवान चतुर्थ 'इवान द टैरिबल' रूस का जार बना। 1556 - फिलिप द्वितीय स्पेन के सम्राट बने। 1581 - ब्रिटिश संसद ने रोमन कैथोलिक मत को गैर कानूनी घोषित किया। 1681 - महाराष्ट्र के रायगढ़ किले में क्षत्रपति शिवाजी के पुत्र संभाजी का भव्य राज्याभिषेक हुआ। 1761 - पांडेचेरी से अंग्रेज़ों ने फ़्रांसीसियों का अधिकार हटा दिया। 1769 - कलकत्ता (अब कोलकाता) के अकरा में पहली बार सुनियोजित घुड़दौड़ का आयोजन किया गया। 1901 - भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रवादी, समाज सुधारक, विद्वान और न्यायविद महादेव गोविन्द रानाडे का निधन। 1926 - प्रसिद्ध संगीतकार ओ. पी. नैय्यर का जन्म हुआ। 1943 - इंडोनेशिया के अंबोन द्वीप पर अमेरिकी वायुसेना का पहला हवाई हमला।

खेल को विकसित करने अधोसंरचना : गृहमंत्री

- 65 वीं राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता समापन
- मंत्री ने किया पुरस्कृत

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेक्टर 2 भिलाई विद्यालय में आयोजित 65 वीं राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता का गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के मुख्य आतिथ्य में विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर मंत्री साहू ने विजेता प्रतिभागियों को शुभाशीष देते हुए कहा कि विभिन्न प्रान्तों से आये प्रतिभागियों एवं खेल शिक्षकों एवं अन्य अतिथियों का छत्तीसगढ़ की धरती में स्वागत है। खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं खेल में रुचि रखने वाले प्रतिभागियों को अवसर देने के लिए अलग अलग योजनाओं के माध्यम से खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। राष्ट्रीय स्तर पर सभी प्रदेशों के प्रतिभागियों को अवसर देने के उद्देश्य से खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। मंत्री साहू ने अपने विचार रखते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में समुचित विकास की आवश्यकता को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा खेल की अधोसंरचना बढ़ाने के साथ ही ट्रेनिंग एवं अन्य क्षेत्रों में भी कार्य किया जा रहा है। विभिन्न अवसरों पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन होने से खेल प्रतिभागियों को अपने हुनर का प्रदर्शन करने का मौका मिलता है। साथ ही अन्य राज्य के खिलाड़ियों से मिलने का मौका मिलने के साथ ही अलग अलग राज्य की सांस्कृतिक परंपरा से भी रूबरू होने का मौका मिलता है। बच्चे एक दूसरे से मिलकर एक दूसरे की नैसर्गिक प्रतिभा से भी अवगत होते है। खेल में जीत अर्जित करने वाले प्रतिभागियों को उन्होंने बधाई दी। साथ ही हारने वाले प्रतिभागियों को आने वाले समय में और बेहतर प्रदर्शन के लिए आशीर्वाद दिया। मंत्री श्री साहू ने अपने कर कमलों से विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर जिपं सीईओ कुंदन कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता के माध्यम से अनेक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। वे हमेशा के लिए इस आयोजन की सुंदर स्मृतियां लेकर जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 65 वीं राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 12 जनवरी से किया गया था। जिसका आज समापन हुआ। इसमे 32 राज्य के 2 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ राज्य को कबड्डी, थ्रो बाल व योगमुंडो खेल आयोजन करने की जिम्मेदारी मिली थी।

मसीही समाज ने निकाली शांति रैली

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। पिछले एक महीने से कॉमेडियन भारती सिंह फिल्म अभिनेत्री रवीना टंडन फिल्म निर्देशक फराह खान समेत फिल्पकार्ट वेब चैनल के खिलाफ किसी भी प्रकार की कोई भी कार्यवाही नही किये जाने से नाराज मसीह समाज के लोगो का गुस्सा फूटा। राष्ट्रीय युवा मंच एवं छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश महामंत्री सीजू एंथोनी के नेतृत्व में सैकड़ो मसीह समाज के लोगो ने एक साथ मिलकर शांति रैली निकाली और दोषियों के खिलाफ सेक्टर 6 स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँच कर एफआई दर्ज करने की मांग की। श्री एंथोनी ने बताया कि बाइबल का महान शब्द हल्लेलुया जिसका अर्थ होता है परमेश्वर की स्तुति हो जानते हुए भी जान बूझकर इसका अश्लीलता भरा मज़ाक उड़ाया जो कि धार्मिक आस्था को ठेस पहुचाने वाला एवं आईटी एक्ट का खुला उलंघन है। वही क्रिश्चन कंम्यूनिटी चर्च के वरिष्ठ पादरी अर्पण तरुण में इस घटना की निंदा कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। सीएसपी यादव के द्वारा मामले की जांच कर जल्द ही कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। ज्ञात हो कि बीते दिनों फ्लिपकार्ट वेब चैनल में प्रसारित बैक बेंचर्स कार्यक्रम में पवित्र बाइबल के शब्द हल्लेलुया को अश्लीलता से इसका उच्चारण कर मजाक उड़ाया था। रैली में राष्ट्रीय युवा मंच से पास्टर चंद्रशेखर सुंडी, अभिषेक शावल, राबर्ट कामिल, शमूएल डेविड, अजय गार्डिया, रेव्ह राकेश प्रकाश, बिशप मोजेस, रेव्ह मलिकार्जुन सहित समाज से सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

ठेकेदार पर लगा 6 लाख का हर्जाना

दुर्ग। जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष लवकेश प्रताप सिंह बघेल और सदस्य राजेन्द्र पाध्ये ने ठेकेदार पर 6 लाख का हर्जाना लगाया। न्यू आदर्श नगर दुर्ग निवासी संतोष प्रसाद शर्मा ने अपने मकान में प्रथम तल पर 1665 वर्गफुट में निर्माण कार्य करने हेतु चौबे कॉलोनी रायपुर निवासी ठेकेदार प्रतीक शर्मा को सामग्री सहित 800 रुपये प्रति वर्गफुट की दर से ठेका दिया था, जिसके लिए ठेकेदार ने अलग-अलग तिथियों में परिवादी से कुल 1469000 रुपये प्राप्त किए किंतु दीपावली 2017 के समय काम बंद कर दिया।

कैट के प्रदर्शन में वापस जाओ के लगे नारे

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। व्यापारिक संगठन कान्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने विदेशी कंपनी अमेजन के सीईओ जेफबेजोस के भारत यात्रा के खिलाफ मोर्चा खोला। इस कड़ी में कैट के पदाधिकारी और सदस्य पुराना बस स्टैण्ड में जुटे और जेफ बेजोस वापस जाओ के नारे लगाकर उनके भारत यात्रा का जमकर विरोध किया। अमेजन के सीईओ जेफ बेजोस के भारत यात्रा को लेकर देशभर के व्यापारियों में आक्रोश है। फ्लस्वरुप कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर परवानी के निर्देश में उनकी भारत यात्रा के खिलाफ देशभर में करीब 5 हजार व्यापारिक संगठन विरोध में सामने आ गए है। दुर्ग में प्रदर्शन के दौरान कैट प्रदेश उपाध्यक्ष पवन बडज़ात्या, महोम्मद अली हिरानी, कैट दुर्ग जिला अध्यक्ष प्रहलाद रुंगटा, संजय चौबे, अनिल बल्लेवार, ज्ञानचंद जैन, दिनेश सिंघल, अमर कोटवानी, आशीष निमजें, चेतन आड़तिया, ज्ञानेन्द्र प्रजापति, प्रहलाद कश्यप, प्रकाश आड़तिया, नितेश जैन, नितेश छाजेड़, राजीव अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, जस जैन, महावीर जैन, विजय कोटवानी, मनोज गोयल, गिरिराज खंडेलवाल, राजेन्द्र शर्मा, सुनील जैन समेत व्यापारिक संगठनों के कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

रैली जुलूस की अनुमति देंगे प्राधिकृत अधिकारी

दुर्ग। पंचायत निर्वाचन के लिए किसी भी सभा, रैली, जुलूस, पदयात्रा, वाहन अनुमति एवं अन्य प्रचार-प्रसार के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किए हैं। जिसमें जिपं एवं जनपद क्षेत्र के लिए एसडीएम दुर्ग, जिपं धमधा एवं जनपद क्षेत्र एसडीएम धमधा एवं जिला व जपं पाटन के लिए एसडीएम को नियुक्त किया है।

आवारा कुत्तों की धरपकड़ शुरु

भिलाई। निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने आवारा कुत्तों को पकड़वाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए हैं। जिस पर कार्यवाही करते हुए स्मृतिनगर, शांति नगर, आम्रपाली हाउसिंग बोर्ड, मंगल बाजार छावनी के आसपास क्षेत्र में विचरण कर रहे आवारा कुत्तों को पकड़ा गया। जिसे डॉग हाउस में बधियाकरण करने हेतु रखा गया है। शिकायत के आधार पर आवारा कुत्तों को पकड़ने का कार्य जारी है। इसी तरह आज निगम के विभिन्न क्षेत्रों में घूम.घूम कर 17 आवारा कुत्तों को पकड़ा गया। निदान 1100 मे भी प्राप्त शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है।

विवेकानंद जयंती पर स्वच्छता अभियान

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। युवाओं के प्रेरणाश्रोत विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर ग्राम हनोदा में स्वच्छता अभियान लगाया, जिसमे ग्राम के युवा उपस्थित थे। हनोदा चौक में युवा संगठन के संरक्षक गौकरण टंडन एवं देवी साहू ने सभी युवा एवं बच्चो को सपत दिलाई की हम गाँव को स्वच्छ, सुंदर और आदर्श बनाएंगे। युवा दिवस के अवसर पर प्रतिभा के धनी ग्राम के गौरव संगीतकार खैरागढ़ विश्वविद्यालय के प्रथम बैच के प्रथम विद्यार्थी दाऊ रामखिलावन चंद्राकर ने गायत्री परिवार के युवाओं को तबला भेट किया और बोले खूब पढ़ो लिखो और संगीत के क्षेत्र में भी आघे बढ़ो। अंत मे बाल संस्कार शाला के बच्चों ने पौधे रोपण कर गांव को हरा.भरा करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र के विभा साहू एवं युवा संगठन के अध्यक्ष प्रकाश पटेल, राकेश, यशवंत, थनेश, नीरज, रूपराम, डेविड, दिनेश्वरी, गीतांजलि एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

फैशन व फन-शो से होता है बच्चों का विकास : मध्यानी

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। मालवीय नगर स्थित गार्डन में फैशन मनिया के द्वारा फैशन शो, काईट शो एवं फन फेयर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ फ़िल्म चाइल्ड आर्टिस्ट दर्शन जैन विशेष रूप से उपस्तिथ थे। अतिथि के रूप में पार्षद मीना सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रताप मध्यानी व दीपा मध्यानी उपस्तिथ थी। कार्यक्रम में इन सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। श्री मध्यानी ने आयोजन की सराहना की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चो के भीतर छिपी प्रतिभाएं उभर कर सामने आती और उन्हें नया करने की सिख भी मिलती है।बच्चों के विकास के लिए निरन्तर इस तरह के आयोजन होने चाहिएं। कार्यक्रम में जज के रूप में खैरागढ़ से रजनी गिडिया दुर्ग से संजय जैन उपस्थित थे। मंच संचालक भिलाई की साक्षी जैन ने किया।

निगम के एमआईसी सदस्यों ने लिया चार्ज

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम महापौर परिषद के नवनियुक्त सदस्यों ने बुधवार को निगम मुख्यालय स्थित अपने-अपने कक्षों में पदभार संभाला। पदभार लेने के पूर्व उन्होने बकायदा अपने-अपने आराध्य देवों की पूजा-अर्चना भी की। इस दौरान शहर विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव, पार्षदगण एवं कांग्रेस नेता विशेष रुप से मौजूद रहे। पदभार ग्रहण करने उपरांत महापौर परिषद के सदस्यों को बधाईयों का तांता लगा रहा। इस दौरान उन्होने बधाईयों को सहजता से स्वीकार किया और शहर विकास हित में अपनी कटिबद्धता दोहराई। महापौर परिषद में वित्त लेखा एवं अंकेक्षण समिति प्रभारी दीपक साहू, सामान्य प्रशासन एवं विधायी कार्यसमिति प्रभारी जयश्री जोशी, नगरीय नियोजन एवं लोककर्म समिति प्रभारी अब्दुल गनी, राजस्व समिति प्रभारी ऋषभ जैन, अग्निशमन, विद्युत संधारण एवं यांत्रिकी समिति प्रभारी भोला महोबिया, गरीबी उपशमन एवं सामाजिक कल्याण समिति प्रभारी शंकर सिंह ठाकुर, महिला एवं बाल कल्याण समिति प्रभारी जमुना साहू, पर्यावरण एवं उद्यानिकी समिति प्रभारी सत्यवती वर्मा, सांस्कृतिक, पर्यटन, मनोरंजन एवं विरासत संरक्षण समिति प्रभारी अनूप चंदानिया, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा समिति प्रभारी हमीद खोखर ने निगम मुख्यालय स्थित एमआईसी भवन में पदभार ग्रहण किया, जबकि जलकार्य समिति प्रभारी संजय कोहले ने नलघर स्थित कार्यालय व शिक्षा, खेलकूद एवं युवा कल्याण समिति प्रभारी मनदीप सिंह भाटिया द्वारा महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक शाला स्थित कार्यालय में पदभार संभाला गया। पदभार ग्रहण करने उपरांत एमआईसी सदस्यों को बधाईयों का तांता लगा रहा। निगम आयुक्त इंद्रजीत सिंह बर्मन, वरिष्ठ पार्षद आरएन वर्मा, राजेश शर्मा, अलताफ अहमद, फत्तेह सिंह भाटिया, रत्नाकर राव, राजेन्द्र साहू, अंशुल पांडेय एवं अन्य कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्त्ताओं ने एमआईसी प्रभारियों के कार्यालय पहुंचकर उन्हे बधाई दी।

निगम भवन अधिकारी पर लगा जुर्माना

डाटा सेंटर का टायलेट व आस-पास मिली गंदगी

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर पालिक निगम के निगरानी टीम द्वारा आज आयुक्त इंद्रजीत बर्मन के निर्देश पर निगम भवन अधिकारी पर 5 सौ रुपए जुर्माना किया गया। निगम ने अपने ही विभाग में गंदगी पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारी को अर्थदण्ड दिया गया। निगम के डाटा सेंटर की साफ-सफाई और व्यवस्था की जिम्मेदारी भवन अधिकारी को दिया है। इस संबंध में आयुक्त द्वारा मौखिक रुप से दो बार टायलेट को साफ-सुथरा रखने व आस.पास गंदगी नहीं करने की हिदायत दी गई थी। परन्तु आज निगम की एमआईसी बैठक में पहुँचे आयुक्त को डाटा सेंटर का टायलेट व आस पास गंदगी दिखा। तत्काल भवन अधिकारी से जुर्माना लेने निर्देश दिए। इसके अलावा निगम की टीम ने रविशंकर स्टेडियम के पास स्थित चौपाटी में गंदगी फैलाने पर जुर्माना लिया गया।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती किरण सिंह आ. एम.पी. सिंह साकिन डब्ल्यू.आर.एस. कालोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम कुगदा प.ह.न. 59 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 296/65 रकबा 0.020 हें अर्थात 2200 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 30.01.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती एस. कृष्णवेणी पति श्री एस. रमणा निवासी इंदिरा नगर चरोदा तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम चरोदा प.ह.न. 57 तहसील पाटन व जिला दुर्ग में स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 275/31 रकबा 0.014 हें भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 30.01.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SHEIKH SAZID SHEIKH S/O SHEIKH CHAMARU निवासी W.NO.-10, KUMHARPARA PATAN, DURG (C.G) यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम SHEIKH SAZID S/O SHEIKH CHAMARU रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम SHEIKH SAZID S/O SHEIKH CHAMARU से ही जाना पहचाना जावे।

SHEIKH SAZID
W.NO.-10, KUMHARPARA
PATAN, DURG (C.G)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./419/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश अमृतकर पिता स्व. जगन्नाथ अमृतकर निवासी ग्राम सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 53/31 रकबा 0.020 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार जगन्नाथ अमृतकर आ. केशव राव अमृतकर की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./446/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक एस. दमवंती वगै. पति श्री एस. धर्मराव निवासी ग्राम सिविक सेंटर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1060 रकबा 0.01 हें. भूमि को विक्रेता अरविंद पिता नत्थूलाल बोदलेकर निवासी ग्राम मॉडल टाउन भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 30.09.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./445/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीराम युगल चौरसिया वगै. पिता राम आसरे चौरसिया निवासी ग्राम वनचारा गोरखपुर तहसील व जिला गोरखपुर के द्वारा ग्राम जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 905 रकबा 0.010 हें. भूमि को विक्रेता शंकर कुमार राय पिता श्री सुकुमार चंद्राराय निवासी ग्राम मॉडल टाउन जुनवानी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 15.04.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सतीश कुमार आ. परदेशीराम साकिन रिसाली से. भिलाई के द्वारा ग्राम उतई प.ह.न 42 रा.नि.मं. अण्डा तह व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1096/14 रकबा 0.020 हे./ अर्थात 2000 वर्गफीट भूमि को विक्रेता भागवत राम देवांगन आ. रमेश्वर देवांगन से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 10.01.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 28.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री जितेन्द्र कुमार आ. खुमान सिंह चंद्राकर निवासी तितुरडीह तह. व जिला बालोद द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम तितुरडीह प.ह.न. 52 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 118/12, 119/11 रकबा 0.052 हें/... वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिधारण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री उग्रसोना सोना आ. भारतीया सोना साकिन सागर पारा भिलाई चरोदा तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम सिरसाकला प.ह.न. 02 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 441/11 रकबा 0.027 हें अर्थात 2898.85 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 30.01.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री भागबली ध्रुव आ. स्व. रायसिंह ध्रुव साकिन इंदिरा नगर चरोदा तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम सिरसाकला प.ह.न. 02 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 163/33 रकबा 0.010 हें अर्थात 1145 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 30.01.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती मोहिनी नाग जौ. नरेन्द्र कुमार नाग साकिन जोन 02 रावणभाठा चरोदा तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम कुगदा प.ह.न. 59 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 296/64 रकबा 0.020 हें अर्थात 2200 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 30.01.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिक श्रीमती अनामिका मंडल जौ. विनोद कुमार मंडल साकिन इंदिरा नगर चरोदा तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमदा प.ह.न. 01 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 408/12 रकबा 0.021 हें अर्थात 2250 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 30.01.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिक श्रीमती रेणु गोस्वामी जौ. अरविन्द नाथ गोस्वामी साकिन दीनदयाल कालोनी भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमदा प.ह.न. 01 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 669/12 रकबा 0.010 हें अर्थात 1100 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 30.01.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिक श्रीमती रेणु गोस्वामी जौ. अरविन्द नाथ गोस्वामी साकिन दीनदयाल कालोनी भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमदा प.ह.न. 01 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 669/12 रकबा 0.010 हें अर्थात 1100 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 30.01.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिक श्रीमती सविता द्विवेदी जौ. शिव कुमार द्विवेदी साकिन प्रोफेसर कालोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम कुगदा प.ह.न. 59 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 263/31 रकबा 0.0096 हें अर्थात 1040 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 30.01.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिक श्रीमती बी. वाणी पति श्री बी. भास्कर राव निवासी ड्रीमसिटी उमदा तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमदा प.ह.न. 01 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 843/5 रकबा 0.030 हें भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 30.01.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

मकर संक्रांति पर खरोरा की महिलाओं ने किया पूर्णिमा स्नान

महासमुंद। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर ग्राम खरोंरा वार्ड नं4 के महिलाओं ने एक साथ पूर्णिमा स्नान हेतु आपसी सहयोग से हाथखोज मेला लगभग 70 लोगों ने बस के माध्यम से प्रस्थान किया इस बीच उन्होंने अपनी यात्रा खरोंरा निकल कर पहला पड़ाव हथखोज मे रखा जहाँ उन्होंने संक्रांति स्नान किया तत्पश्चात खाना बनाने से लेकर खाने तक का भरपूर आनंद भी लिया उसके बाद राजिम, चंपारण होते हुए सायं 7 बजे तक अपने घर को वापस लौटे।

सूने मकान से सामान चोरी

महासमुंद। बेमचा में सूने मकान से अज्ञात चोरों ने करीब 32 हजार रुपए के सामान पार कर दिए। कमल नारायण मांडे के अनसार 19-20 सितंबर की दरम्यानी रात अज्ञात ने ताला तोड़कर गोदरेज से एक नग इंडक्शन चूल्हा, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी सोने की झुमका, एक नग सोने की लॉकेट, दो नग पंखे, होम थियेटर, टूल्लु पंप, बिजली वॉयर बंडल, गैस टंकी समेत अन्य सामान पार कर दिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है।

दो लोगों से सात लीटर शराब बरामद

महासमुंद। खल्लारी पुलिस ने सिंघी तालाब के पास जगदीश कुमार ठाकुर के कब्जे से 4.140 लीटर देशी प्लेन शराब बरामद की। इसी तरह पटेवा पुलिस ने गोंगल मार्ग पर फुलवारी निवासी रोहित ध्रुव को दोपहिया से शराब परिवहन करते पकड़ा, जिसके कब्जे से 3.240 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। जिस पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

90 क्विंटल धान जब्त

महासमुंद। धान के अवैध परिवहन एवं भण्डारण के लिए की गई कार्रवाई में मंगलवार 14 जनवरी को 6 प्रकरण में 227 बोरे धान अर्थात् 90.80 क्विंटल धान जब्त किया गया। धान के अवैध भण्डारण एवं परिवहन में लगे लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गई। उनमें ग्राम रेमड़ा से 50 कट्टा, ग्राम बरतुंगा से 30 कट्टा, ग्राम संतपाली से 92 कट्टा, ग्राम सिरबोड़ा से 25 कट्टा एवं ग्राम सिरपुर से 30 कट्टा धान जब्त किया गया।

धान खरीदी केंद्रों में लिमिट खत्म करने का लिया निर्णय

महासमुंद। धान खरीदी केंद्रों में लिमिट खत्म करने के निर्णय के साथ ही तीन टोकन से खरीदी करने के निर्णय को बदल दिया गया है। मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक में किसानों के हितों को देखते हुए फैसला लिया गया है। इस फैसले पर किसानों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कृषि मंत्री रविंद्र चौबे सहित स्थानीय विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर का आभार जताया है। राजेन्द्र चन्द्राकर, अरूण चंद्राकर, डॉ रश्मि चंद्राकर, मोहित ध्रुव, खिलावन साहू, राजू यादव, किशन देवांगन, लीलू साहू, संतोष साहू, राधेश्याम साहू, विनोद साकरकर, जीवन यादव, बिहारी पटेल, लमकेश्वर साहू, रामजी ध्रुव, थनवार यादव, कैलाश ध्रुव, गिरजाशंकर चन्द्राकर, गजानंद पटेल, द्रोण चन्द्राकर, कुलेश्वर ठाकुर, चंदन चन्द्राकर आदि ने बताया कि पिछले दिनों मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक में किसान हित में फैसले लिए गए हैं। इसके लिए विधायक श्री चंद्राकर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व कृषिमंत्री रविंद्र चैबे का ध्यान आकर्षित कराया था। जिस पर खरीदी केंद्रों में लिमिट खत्म करने के निर्णय के साथ ही तीन टोकन से खरीदी की व्यवस्था को बदलने का निर्णय लिया गया है।

203 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण

महासमुंद। सड़क सुरक्षा सप्ताह के चौथे दिन यातायात विभाग सहित थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में हेलमेट रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। जिला मुख्यालय में यातायात विभाग द्वारा 203 दोपहिया व चार पहिया वाहनों के चालकों का नेत्र परीक्षण कराया और ऑटो चालकों के वाहन के दस्तावेज, बीमा, फिटनेस, लायसेंस, आईडी प्रूफ सहित अन्य दस्तावेजों की जांच की। उन्हें समझाइश भी दी गई कि क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं और शराब पीकर वाहन न चलाएं। यातायात प्रभारी दीपा केंवट ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह 11 जनवरी से प्रारंभ हुआ है। सड़क सुरक्षा सप्ताह के माध्यम से वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दे रहे हैं। वहीं स्कूलों व कॉलेजों के बच्चों को भी जागरूक किया जा रहा है। इसी प्रकार बागबाहरा में भी इस अवसर पर शहर में हेलमेट लगाकर बाइक रैली निकाली गई।

अजा जजा की शिकायतों की 13 को सुनवाई

महासमुंद। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की ओर से अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग की शिकायतों के संबंध में जन सुनवाई आगामी 13 फरवरी को रायपुर के सिविल लाइन स्थित न्यू सर्किट हाउस में होगी। इन वर्गों के ऐसे शिकायतकर्ता जो किसी लोकसेवक द्वारा किए गए उत्पीडन् या उत्पीडन् रोकने में बरती गई उपेक्षा के संबंध में शिकायत दर्ज कराना चाहते हैं, वे अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। साथ ही रजिस्ट्रार, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग को रजिस्टर्ड डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से शिकायत पत्र भेज सकते हैं। आयोग के पास शिकायत की कॉपी पहुंचने की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित है। इसके बाद भेजे गए आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

स्कूलों में यातायात जागरूकता कार्यक्रम के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। 31वां सड़क सुरक्षा सप्ताह के चौथा प्रातः 10 बजे से निबंध प्रतियोगिता यातायात शाखा में आयोजित किया गया, जिसका विषयः-'सड़क हादसों के बढ़ते दुर्घटनाएं का, कारण और निदान' पर शहर के स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स एवं सभी स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिये है, जिसमें कुल 450 छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। जिसमें निर्णायक की भूमिका में यातायात सप्ताह में श्रीमति दुर्गा चौहान सेवा निवृत्त व्याख्याता के द्वारा अपने महत्वपूर्ण कीमती समय देकर यातायात एवं पुलिस विभाग को विशेष सहयोग प्रदान कर रहें है।

यातायात जागरूकता अभियान के तहत प्रातः 11 बजे से दोपहर 3

बजे तक क्रमशः राजनांदगांव के गुरूनानक स्कूल एवं युगांतर पाब्लिक स्कूल में यातायात नियमों की जानकारी भूपेन्द्र गुप्ता रक्षित निरीक्षक एवं टीम सउनि शेषनारायण देवांगन, आर0 नरेन्द्र देवांगन के द्वारा 980 छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकगण की उपस्थिति में दिया गया।

इस प्रकार सुदेश यादव विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र की नुक्कड एवं यातायात टीम के द्वारा गुरूनानक स्कूल एवं युगांतर पब्लिक स्कूल में नुक्कड़ नाट्य के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी दिया गया।

साथ ही परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस के द्वारा शहर के नीरज पाब्लिक स्कूल, गुरूनानक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, रॉयल किट्स स्कूल, युगांतर पब्लिक स्कूल एवं अन्य स्कूलों के कुल 45 बसों का मैकेनिकल एवं फिटनेश चेकिंग किया गया और यातायात नियमों एवं सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को पालन हेतु समझाईश दिया गया।

हत्या का प्रयास, पांच-पांच साल की कैद और अर्थदण्ड

महासमुंद। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट निधि शर्मा तिवारी ने जानलेवा हमला के मामले में धारा 307, 34 के तहत दो लोगों को पांच-पांच वर्ष के सश्रम कारावास एवं दो-दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इसी तरह धारा 323 व 34 के तहत दोनों को एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास एवं पांच-पांच सौ रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। अर्थदंड की राशि अदा न करने पर आरोपितों को तीन माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा पृथक से भुगतनी होगी। अभियोजन के अनुसार महासमुंद थाना क्षेत्र के ग्राम गौरखेड़ा निवासी रघुनंदन लोधी के घर के सामने करीब एक डिसमिल शासकीय जमीन

सड़क से लगी हुई है। जिसमें गांव के थानसिंग ध्रुव कब्जा कर रहा था। जिसका विरोध प्रार्थी ने किया। घर के सामने घेरा करने प्रार्थी ने नीव खो दी थी। जिसे थानसिंग ने अपने लड़के ललित के साथ मिलकर पाट दिया था। घटना के दिन 13 नवंबर 2018 को शाम करीब साढ़े 4 बजे रघुनंदन अपने बेटे के साथ बैठकर बातचीत कर रहा तभी थानसिंग ध्रुव व ललिता ध्रुव पहुंचे और गालीगलौज करते हुए जमीन पर कब्जा जमाने का आरोप लगाते हुए लकड़ी के डंडे व टंगियानुमा कुदाली से मारपीट करने लगे। इससे गंभीर चोंटे आई और आहतों को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल ले जाया गया। शिकायत पर महासमुंद पुलिस ने धारा 294, 323, 506, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत विचारण के लिए प्रकरण न्यायालय को सौंपा था। अपराध सिद्ध होने पर आरोपियों को धारा 307, 34 के तहत पांच-पांच वर्ष सश्रम कारावास व दो-दो हजार रुपये के अर्थदंड व धारा 323 सहपठित 34 (दो बार) के तहत प्रत्येक आरोपियों को एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास एवं पांच-पांच सौ रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी कर रहे भाई-बहन गिरफ्तार

- रिमांड पर दोनों जेल भेज गए, तीसरा आरोपी फरार

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। फर्जी विकलांगता प्रमाण-पत्र के आधार पर नौकरी कर रहे भाई-बहनों को पिथौरा पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है। ये दोनों 2005 में बहरेपन का फर्जी विकलांग प्रमाण-पत्र बनवाकर नौकरी कर रहे थे। पुलिस ने शिकायत पर जांच कर कार्रवाई की है। थाना प्रभारी कमला पुसाम ने बताया कि 2 महीने पहले इन दोनों की शिकायत अर्जुनी निवासी डालेश्वर पटेल ने की थी। जांच में फर्जी प्रमाण-पत्र के आधार पर नौकरी करना पाया गया। जिसके बाद पुलिस ने सरकड़ा निवासी राकेश सिन्हा पिता सीताराम सिन्हा और उसकी बहन रजनी सिन्हा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

तीसरा आरोपी चाचा फरार

पुलिस के अनुसार धोखाधड़ी के आरोप में राकेश सिन्हा, रजनी सिन्हा और उसके चाचा विनोद सिन्हा के खिलाफ अपराध दर्ज कर किया गया है। दो की गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं उसके चाचा विनोद सिन्हा फरार हैं। पुलिस उसकी पता तलाश कर रही है।

लोक कलाकार हुए पुरस्कृत, राज्य स्तर की देंगे प्रस्तुति

महासमुंद। जिला स्तरीय गुरु घासीदास लोककला महोत्सव 2019-20 का आयोजन यहां सहायक आयुक्त कार्यालय के प्रांगण में किया गया। आयोजन में जिले के विभिन्न विकासखंडों के लोक कलाकारों ने लोक कला का प्रदर्शन किया। इनमें बरेकेल महासमुंद, मुडियाडीह बागबाहरा, बावनकेरा महासमुंद, सोनदादर बागबाहरा एवं पिलवापाली बसना के कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। सहायक आयुक्त आदिवासी एनआर देवांगन ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के पारंपरिक लोक कला एवं कलाकारों की पहचान कराना है। इसके अंतर्गत लोक गीत, लोक गायन, लोक नृत्य-पंथी नृत्य, पंडवानी, भरथरी एवं परंपरागत लोक वाद्य इत्यादि से जुड़े लोक कलाकारों की पहचान करना तथा कलाकारों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित करना है।

बेखौफ हो अधिक रेट में बेच रहे हैं शराब

- सुपरवाइजर आबकारी विभाग की साँठ गांठ
- आबकारी विभाग के संरक्षण में खुलेआम बेच रहे हैं अधिक रेट पर शराब

अर्जुनी। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार चुनाव के दौरान शराब को बंद करने को लेकर अपने घोषणा पत्र में प्रमुखता से लिया गया था । हां शराब तो बंद नहीं करा पाये किंतु उनके अधिकारी शराब माफिया से सांठगांठ कर शराब दुकानों में कर्मचारियों के माध्यम से तय कीमत से अधिक रेट पर खुलेआम शराब बेचवा कर सरकार की छवि को धूमिल करने मे कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं । प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर शराब बेचे जाने पर आए दिन मंदिरा प्रेमियों से गाली गलौज होना आम बात हो गई है । आए दिन मंदिरा प्रेमियों व कर्मचारियों के बीच हो रही नोकझोंक बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है इससे इनकार नहीं किया जा सकता। फिर भी आबकारी विभाग जानबूझकर शराब दुकान में पदस्थ कर्मचारियों के माध्यम से प्रिंट रेट से अधिक रेट पर शराब बेचवाया जा रहा है ।वही बलौदा बाजार जिले के प्रत्येक दुकानों में यूपी बिहार उड़ीसा के कर्मचारी काम कर रहे हैं और छत्तीसगढ़ की बेरोजगार युवक इधर-उधर हाथ पांव मार रहे हैं।

सेल्समैन को शासन और प्रशासन का डर नहीं

यहां के सेल्समैन को न तो शासन का डर है और न ही प्रशासन का, यहां की शराब दुकान की बात करें तो यहां शराब दुकान में प्रिंट रेट से अधिक 10 रूपये से लेकर य आदमी देखकर 50 रूपये तक बेच रहे है, इन्हें जरा भी शासन और प्रशासन का डर नहीं है। बताया जाता है कि प्रिंट रेट से अधिक रेट पर शराब बेचे जाने कि 75% राशि एक शराब माफिया के पास जाता है बचा हुआ 25 प्रतिशत कर्मचारियों द्वारा आपस में बांटा जाता है ।

ग्राहकों से किया जाता है दुर्व्यवहार लोगो मे है आक्रोश

यहां के शराब दुकान में ग्राहकों से मनमानी कीमत पर शराब बिक्री किए जाने को लेकर विवाद की स्थिति हमेशा बनी रहती है। लोगो की आक्रोश को देखते हुये कभी भी अप्रिय घटना होने से इनकार नही किया जा सकता । पूर्व में यहां तय कीमत से अधिक रेट पर शराब बेचे जाने को लेकर कर्मचारियों और मदिरा प्रेमियों मे मारपीट भी हो गई है फिर भी यहां पदस्थ कर्मचारियों के द्वारा दादागिरी करते हुए शराब माफिया और आबकारी विभाग के संरक्षण में अधिक कीमत पर शराब बेचा जा रहा है। शासन द्वारा संचालित इन शराब दुकान में प्रिंट रेट से अधिक दर पर शराब बेचने की शिकायत के बावजूद विभागीय अफसर कार्रवाई करने के बजाय राशि वसूलने वालों को संरक्षण प्रदान करने की चर्चा जोरों पर है।

राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह का आयोजन

राजनांदगांव। नेहरू युवा केन्द्र, राजनांदगांव (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस, सप्ताह के रूप में दिनांक 12 से 19 जनवरी तक मनाया जा रहा है। इसके तहत 12 जनवरी 2019 को राष्ट्रीय युवा दिवस का शुभारंभ ग्राम रेंगाकठेरा विकासखंड डोंगरगांव में किया गया। युवाओं के प्रेरणाश्रोत स्वामी विवेकानंद जी के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे एचआर पुजेरी प्राचार्य, राजीव यदु ग्राम पटेल, रामचंद्र ठाकुर, गैतराम ठाकुर, चुम्मन चौरे, जागृति चुन्नी यदु की उपस्थिति में किया गया। मुख्य अतिथि श्री पुजेरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें स्वामी विवेकानंद जी के बताये गये मार्ग पर चलना चाहिये। उक्त कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद जी के प्रेरणाओं पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया एवं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जैसे- सांस्कृतिक, भाषण, चित्रकला, रंगोली, स्वच्छता एवं बुजुर्गो का सम्मान कार्यक्रमों का अयोजन किया गया।

पैरेंट्स एसोसिएशन की जिला ईकाई की बैठक में अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल के निर्देशानुसार जिला राजनांदगांव अध्यक्ष त्रिगुण सदानी द्वारा 13 जनवरी 2020 को जिला कार्यकारिणी की बैठक आहूत किया गया, जिसमें सभी पदाधिकारीगण उपस्थित हुये। बैठक में नये सदस्यों के लिये सदस्यता फार्म वितरण कर सभी सदस्यों को प्रतिमाह कम से कम एक सदस्य को संस्था में जोड़ने का लक्ष्य दिया गया और सदस्यों को अनुमोदित फीस ही जमा करने संबंधित जानकारी दिया गया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 22 अप्रैल 2016 को यह स्पष्ट दिशा-निर्देश दिया गया है कि प्राईवेट स्कूलों में पालकों की आम सहमति और जिला शिक्षा अधिकारी की अनुमति से ही फीस का निर्धारण किया जावेगा और यह अनुमोदित फीस पालकों को देना होगा, लेकिन ज्यादातर प्राईवेट स्कूलों में फीस का निर्धारण पालकों की आम सहमति और डीईओ की अनुमति से नहीं लिया जाता है। इस संबंध में जिला ईकाई के द्वारा जल्द नवपदस्थ डीईओ को ज्ञापन सौपकर ऐसे स्कूलों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग किया जावेगा।

मकर संक्रांति पर 652 छात्रों ने बनाया सूर्य एवं स्वास्तिक की आकृति

अर्जुनी। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्तर माध्यमिक विद्यालय में 15 जनवरी को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर विद्यालय प्रांगण में 652 छात्र छात्राओं द्वारा सूर्य व स्वास्तिक की आकृति बनाकर सूर्य नमस्कार किया । हिन्दू मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति का बहुत ही महत्व है। उक्त कार्यक्रम आचार्य सुशील कुमार सेन के मार्गदर्शन व आचार्य के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रमेश कुमार शर्मा ने भैया बहनों व आचार्य दीदियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी।

तहसीलदार पर मनमानी का आरोप

साजा । साजा पंचायत चुनाव मे प्रत्याशीयो के फार्म को अमान्य करार दिये जाने को लेकर चुनाव अधिकारी के खिलाफ आक्रोश पनपने लगा है कई प्रत्याशीयो ने तो इसमे सीधे सीधे रिर्टनिंग अधिकारी तहसीलदार प्रफुल्ल रजक पर मनमानी करने का आरोप लगाकर मोर्चा खोल दिया है वही कई प्रकरण हाईकोर्ट के दरवाजे पर पहुच चुके है ग्राम पंचायत देउरगांव के संरपंच पद के प्रत्याशी नागेश चैबे ने अपने अतिक्रमण के लगे आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उनके द्धारा कोई अक्रिमण नही किया गया है न ही कोई मामला तहसील मे चला है उसके बाद भी तहसीलदार द्धारा अक्रिमण का मामला दर्शा कर उन्हे संरपंच पद के अयोग्य धोषित कर दिया गया जो कि तहसीलदार की तानाशाही को दर्शाता है प्रेस रिलीज जारी कर नागेश चैबे ने कहा कि जिस जमीन पर न्यायलाय मे प्रकरण क्रमाक 8 अ/ 68 वर्ष 2019 20 दर्ज है जिसमे हल्का क्रमाक 694 मे अतिक्रमण बताया गया है हकीकत मे वह जमीन खाली है और उसमे कोई अतिक्रमण नही है इस संबध मे मेरे को कभी कोई नोटिस जारी की गयी न ही कभी अर्थदण्ड लगाया गया है मेरे को कूटरचित दस्तावेजो के आधार पर तहसीलदार द्धारा मुझे काग्रेस के बडे नेताओ के ईशारे पर चुनाव से अलग कर दिया।

जीत की खुशी | नगरवासियों ने आतिशबाजी कर जगह-जगह किया स्वागत

आभार रैली में निकले नपा उपाध्यक्ष फूल मालाओं से लदे

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। नवनिर्वाचित नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्राकर की आभार रैली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, समर्थकों व नागरिकों ने उत्साह से भाग लिया। नगरवासियों ने रैली में शामिल विधायक विनोद चंद्राकर व नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्राकर का स्वागत कर फूल मालाओं से लाद दिया। उत्साही कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने स्वागत में जगह-जगह जमकर आतिशबाजी की। धुमाल, राऊत नाचा, पंथी नृत्य के धुनों पर कार्यकर्ता थिरकते चल रहे थे।

सर्वप्रथम श्रीराम मंदिर में कृष्ण

कुमार चंद्राकर ने श्रीराम परिवार की पूजा-अर्चना की और परिसर में विराजित देवी-देवताओं को नमन कर रैली नगर भ्रमण के लिए प्रारंभ हुई। गांधी चौक में सराफा व्यवसाइयों ने दुकान निकलकर रैली की आगवानी की और उपाध्यक्ष का सम्मान किया। रैली महामाया मंदिर, सुमीत बाजार, बस स्टैंड, अंबेडकर चौक, स्वामी चौक, नेहरू चौक, कांग्रेस भवन होते हुए नगर पालिका पहुंची। जहां आभार रैली का समापन हुआ।

रैली में नवनिर्वाचित कांग्रेस के पार्षद कुमारी बाई देवार, प्रीति बादल मक्कड़, राशि महिलांग, अमन चंद्राकर, उर्मिला साहू, अनिता विजय साव, निखिलकांत साहू, राजेश नेताम, एल्डरमैन गुरमीत सिंग, सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, योजना सिंह समेत कांग्रेसजन डॉ. उमेश, बलराम लालवानी, दाऊलाल चंद्राकर, सेवन लाल चंद्राकर, सती साहू, तारा चंद्राकर, भागीरथी चंद्राकर, संजय शर्मा, नारायण नामदेव, चुड़ामणी चंद्राकर, दिलीप चंद्राकर, डॉ. तरूण साहू, गौरव चंद्राकर, नरेंद्र बैनर्जी, दुर्गा चंद्राकर, प्रवीण चंद्राकर, गौरवजानी चंद्राकर आदि मौजूद थे।

किसानों को पैरादान के लिए प्रोत्साहित किया जाए : मौर्य

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। श्री मौर्य ने बैठक में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने निर्वाचन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 के लिए नियुक्त अधिकारियों से कहा कि वे निर्वाचन के दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक वहन करे। श्री मौर्य ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इसके बाद मुख्यमंत्री जन चौपाल, कलेक्टर जन चौपाल, मंत्रियों से प्राप्त पत्रों और जन शिकायत निवारण के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर हरिकृष्ण शर्मा, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती तनुजा सलाम, वन मंण्डलाधिकारी राजनांदगांव बीपी सिंह, नगर निगम आयुक्त

न्यूज गैलरी

मैराथन दौड़ में राधेश्याम को प्रथम पुरस्कार

भाटापारा। खेल एवं युवाकल्याण विभाग द्वारा आयोजित विकासखण्ड स्तरीय मैराथन दौड़ प्रतियोगिता श्री साईं आर्यवर्त पब्लिक स्कूल, नाका नम्बर एक, तरेंगा रोड भाटापारा में सम्पन्न हुआ । आयोजन प्रभारी शरद पंसारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया । प्रतियोगिता का शुभारंभ एस डी ?म महेश राजपूत एवं शहर थाना प्रभारी महेश सिंह ध्रुव ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक एस आर फुटान, भास्कर देवांगन, राजेन्द्र जोशी, शैलेन्द्र नामदेव, ईश्वर देवदास, उपस्थित थे। पुरुष वर्ग में प्रथम राधेश्याम रजक ग्राम करही बाजार,द्वितीय मुकेश कुमार करही बाजार, तृतीय अजित कुमार खपरी, चतुर्थ पवव ध्रुव सुरखी, पंचम मुकेश कुमार वर्मा गोड़सी, छठवा भानुप्रताप ध्रुव भाटापारा, सातवां गोपाल सिंह खैरी, आठवां सोहन ध्रुव भाटापारा, करण भारती तरेंगा, दसवां दौलत साहू टिकुलिया महिला वर्ग में प्रथम रितु कोशले, द्वितीय रेशमा दक्षिणे टेहका, तृतीय दीपिका शर्मा तरेंगा, चतुर्थ छाया देवांगन तरेंगा, पंचम हेमलता साहू तरेंगा, छठवाँ नेहा पटेल तरेंगा, सातवां पूजा दक्षिणे टेहका,आठवां नीलिमा ध्रुव टेहका, नवम जमुना ध्रुव तरेंगा, दसवाँ स्थान पर मनीषा ध्रुव टेहका ने प्राप्त किया ।

मैनपुर पशु चिकित्सालय में शनिवार को डॉक्टर ध्रुव की सेवाएं

गरियाबंद । जिले के विकासखंड मुख्यालय मैनपुर के शासकीय पशु चिकित्सालय में प्रत्येक सप्ताह शनिवार को चिकित्सक की सेवाएं उपलब्ध कराई गई है। कलेक्टर श्री श्याम धावड़े ने पशुपालक कृषकों की मांग को ध्यान में रखते हुए जिला मुख्यालय में पदस्थ उप संचालक पशु चिकित्सा डॉक्टर डी.एस ध्रुव को सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को अपनी सेवाएं शासकीय पशु चिकित्सालय मैनपुर में देने के निर्देश दिये है। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. ध्रुव प्रत्येक शनिवार को कार्यालयीन समयावधि में शासकीय पशु चिकित्सालय मैनपुर में उपलब्ध रहेंगे। क्षेत्र के पशुपालक कृषक पशुओं में बीमारी व इलाज के संबंध में उक्त दिवस पशु चिकित्सालय मैनपुर में उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. डी.एस ध्रुव से सम्पर्क कर सकते है।

स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो पंचायत चुनाव-कलेक्टर

गरियाबंद। कलेक्टर श्याम धावड़े ने आज अधिकारियों की समय-सीमा बैठक में जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की तैयारी, गणतंत्र दिवस तैयारी,राजिम पुन्नी मेला और पल्स पोलियो अभियान की तैयारी की समीक्षा की। कलेक्टर ने जनपद पंचायत व पंचायत निर्वाचन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पंचायत निर्वाचन मार्ग निर्देशिका पुस्तिका का भली-भांति अध्ययन करने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन समय पर पूर्ण कर लिये जाये। मतदाता सूची त्रुटिपूर्ण न हो। मतदान दल प्रशिक्षण को अधिकारी गंभीरता से लेवे। दलो का प्रशिक्षण सही ढंग से हो। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाये कि प्रशिक्षण दिवस सेक्टर अधिकारी भी प्रशिक्षण स्थल में मौजूद रहे। जिले में पंचायत निर्वाचन स्वतंत्र , निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो।

छात्रों को बताया गया यातायात का नियम

भाटापारा। 3 1 वा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत थानेदार महेश धुव ने बुधवार को गजानन कॉलेज भाटापारा, पंचम दीवान स्कूल, सैंडी अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन, बहु उद्देश्य उच्चतर माध्यमिक भाटापारा निरीक्षक सीडी दिनकर व यातायात के अन्य अधिकारियों के द्वारा के रसड़क में होने वाली दुर्घटनाओं व यातायात नियमों का पालन करने हेतु कई एक्सीडेंट्स के उदाहरण बताते हुए सभी लोगों से टू व्हीलर फोर व्हीलर चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने जागरूकता अभियान चलाया गया।

लवन में बढ़ते हादसों को कम करने बाइपास मार्ग बनाने की सरकार से रखी मांग

■ **टोल टैक्स बचाने के लिए हैवी वाहन चालक इस मार्ग का करते है उपयोग**

लवन। नगर सीमा क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश के चलते यातायात का दबाव दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। लवन में बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए नगरवासियों द्वारा लवन नगर के बाहरी सीमा पर बायपास मार्ग बनाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। जब से बलौदाबाजार-गिधौरी मार्ग बना है तब से लेकर इस मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश लगातार बढ़ते जा रहा है। पूरे दिन में लगभग एक हजार से अधिक हैवी ओवरलोड वाहन इस रोड पर देखने को मिल रहा है। इस रोड में हैवी वाहन चालक अपनी वाहन को निर्धारित क्षमता से अधिक तेज रफ्तार में चलाते निकल रहे है जिसके फलस्वरूप कहीं न कहीं रोड में दुर्घटनाएं घटित हो रही है।

हाईस्कूल के लगने व छुट्टी के समय होती है दुर्घटना की संभावना : लवन नगर के मुख्य मार्ग के बीचों-बीच स्थित मुख्य मार्ग पर हाई स्कूल संचालित है, जहां करीबन बारह सौ स्कूली छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है, स्कूल के लगने, व स्कूल के छुट्टी के समय मुख्य मार्ग पर स्कूली विद्यार्थी एक साथ निकलते है, वही दूसरी ओर नगर के मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार ओवर लोड हैवी वाहन चलते है, जिससे दुर्घटनाएं घटित होने की सम्भावाना बनी रहती है। साथ ही रविवार साप्ताहिक बाजार के दिन नगर के बस स्टैण्ड पर हर समय जाम की समस्या से लोगों को जुझना पड़ता है।

नगर की चमचमाती सड़क लोगों के लिए बना जी का जंझाल : जब से बलौदाबाजार गिधौरी तक नई सड़क मार्ग बना है तब से इस रोड पर भारी वाहनों का पहले की अपेक्षा ज्यादा की संख्या में प्रवेश हो रहा है। भारी वाहन टोल टैक्स बचाने के चक्कर में दूसरे मार्ग को छोड़कर इस मार्ग पर चल रहे है। भारी वाहनों के प्रवेश के साथ ही आये दिन इस मार्ग पर कहीं न कहीं दुर्घटनाएं घटित हो रही है। नशा और रफ्तार वाहन दुर्घटना की मुख्य वजह है। इस रोड पर सबसे ज्यादा दुर्घटना हैवी वाहनों से हुई है। रफ्तार में होने की वजह से हैवी वाहन अपनी स्पीड पर नियंत्रण नहीं रख पाते जिसकी वजह से हादसा हो रहे है।

दो बाइक की भिड़ंत, तीन घायल

■ **लगातार तेजी से आये दिन हो रही है क्षेत्र में ऐसी दुर्घटना**

नवप्रदेश संवाददाता

गिधौरी/टुण्डरा। गिधौरी से सारंगढ़ मार्ग के गिधौरी बस स्टैंड के आगे सनत ट्रेक्टर गैरेज के सामने जोरदार दो बाइक आपस मे भीड़ गए जिसमे तीन लोग पूरी तरह से घायल हो गया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार करीबन 12.30 बजे कुम्हारी से तीन लोग सवार होकर बाइक इगनेटर क्र. सीजी 22 ए बी 4840 मे शराब के नशे तेज रफ्तार से कुम्हारी से गिधौरी की तरफ जा रहा था। और उसी बीच सारंगढ़ मार्ग गिधौरी बस स्टैंड के पास सनत गैरेज के सामने तीन लोग एक ही बाइक पर सवार थे। जिसमे राहुल सागर पिता राजुसागर उम्र 18 वर्ष । गौरव शुक्ला पिता अजय शुक्ला उम्र 24 वर्ष और धरमदास पिता किर्तन दास उम्र 29 वर्ष कुम्हारी जिला बलौदाबाजार के निवासी थे । जो गिधौरी से घटमडवा जा रहे घटमडवा निवासी जगेशर मांझी पिता देवारु मांझी के बाइक हिरो एच एफ डीलक्स सोल्ड बाइक थे। जिसमे जबरदस्त तेज लापरवाही से राहुल सागर और उनेक दो साथी सहित गाड़ी में जा रहे थे और दुसरी बाइक में जबरदस्त जाकर टकराने से तीनो लोगो खुद को बड़ी दुर्घटना का शिकार होना पडा जिससे गम्भीर रुप से घायल हो गया । जिसे संजीवनी 108 को तत्काल फोन के माध्यम से घटना की जानकारी दी और बिलाईगढ से 108 को गिधौरी घायलों को ले जाने के पहुच गया था मगर घायल के परिवार जन 108 के माध्यम से ले जाने के लिए मना कर दिया गया जिससे 108 वाहन बिलाईगढ वापस चला गया ।

भू-व्यवस्थापन एवं भूमि स्वामी हक संबंधी शिविर आयोजित

नवप्रदेश संवाददाता

बलौदाबाजार। राज्य सरकार के निर्देशानुसार बलौदाबाजार शहर में अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन की कार्रवाई शुरू हो गई है। योजना के अंतर्गत अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन एवं अस्थाई पट्टों को भूमि स्वामी हक में बदलने का कार्य किया जायेगा। कलेक्टर श्री कार्तिकेय गोयल के निर्देश पर एसडीएम कार्यालय में इसके लिए आज विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में इस प्रकार के 300 पट्टेदारों एवं अतिक्रामकों

को शिविर में उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया गया था। शिविर में आज 31 अतिक्रामकों द्वारा भूमि व्यवस्थापन/आवंटन के लिए आवेदन किया गया। 51 आवेदन भूमि स्वामी हक के लिए प्राप्त हुये हैं। इसी प्रकार 17 आवेदन फौती नामांतरण के तथा 67 नवीनीकरण के लिए आवेदन मिला है।

आक्रोशित किसानों की हड़ताल के समर्थन में उतरी विधायक

धमतरी। सोसाइटीद्वारा धान खरीदी लिमिट घटा जाने, पतला धान को मोटा बताकर खरीदने, खरीदी तिथि बढ़ाने, भुगतान में लेटलतीफि करने जैसी किसानों की अनेक समस्याओं को लेकर बुधवार सुबह धान उपार्जन केन्द्र तरसीवां में किसान धरने पर बैठ गए। जहां तरसीवां समेत भानपुरी, भोथीपार के कृषक सुबह 6 बजे से ही धरना देने पहुंच गए। इसकी सूचना पाकर समर्थन देने के लिये विधायक रंजना साहू, पूर्व निगम सभापति राजेंद्र शर्मा, आमदी भाजपा मण्डल अध्यक्ष मुरारी यदु, शिवदत्त उपाध्याय, डिपेंद्र साहू भी तरसीवां पहुंचे।इस अवसर पर विधायक रंजना साहू ने कहा कि अब समय आ गया है सडक़ पर लड़ाई लडऩे की, तभी हमारी मांग पूरी होगी। सरकार को किसानों के हित की चिंता नहीं है। कांग्रेस ने झूठ बोलकर सत्ता प्राप्त कर ली है। किसानों के साथ अब छलावा किया जा रहा है।

अफसरों के आश्वासन पर धान खरीदी शुरू

विधायक रंजना साहू एवं कृषकों की पहल से तरसीवां सोसायटी में बुधवार को 800 क्विंटल, गुरूवार से 1000 क्विंटल और शुक्रवार से 1500 क्विंटल धान खरीदी करने का आश्वासन अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, खाद्य अधिकारी ने दिया। ऐसा आश्वासन दिए जाने के बाद तरसीवां सोसायटी के बंद गेट का ताला खोला गया। इस मौके पर पुलिस भी मौजूद रही।

भटक कर गांव आ पहुंचे चीतल को मिला नया जीवन

■ **वन विभाग ने जंगल ले जाकर छोड़ा**

लवन। धाराशिव के जंगल से भटक कर गांव आ पहुंचे एक चीतल को वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया । लगभग 4 वर्ष के नर चितल को अपने कब्जे में लेकर वन विभाग की उड़न दस्ता दल ने धाराशिव जंगल में विचरण के लिए छोड़ा दिया गया है। वन मण्डलाधिकारी अरविन्द व्यास ने बताया कि धाराशिव बीट परिक्षेत्र के जंगल से भटक कर लगभग 4 वर्ष के चीतल 15 जनवरी को सुबह 9 बजे ग्राम कोहरौद के आदिवासी किसान रूपचंद पैकरा के निवास पर विचरण करते हुए पहुंच गए थे। घर में चीतल आने की जानकारी मिलते ही पैकरा ने जंगली जानवर को सुरक्षित रखकर इसकी जानकारी तुरंत वन विभाग को दी गई । वन विभाग ने तत्काल हरकत में आते हुए रेंजर राकेश चौबे के नेतृत्व में टीम कोहरौद के लिए रवाना किया। टीम ने गांव पहुंचकर रूपचंद के घर में सुरक्षित रखें चीतल को अपने सुपुर्द में लिया। चीतल के स्वास्थ्य की जांच

की गई। कहीं पर भी चोट के निशान नहीं पाये गये। बाकायदा इसका पंचनामा एवं फोटोग्राफी भी कराया गया। चीतल के पूर्ण स्वस्थ होने के बाद इसे शासकीय वाहन से ले जाकर धाराशिव के जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया। वनमण्डलाधिकारी ने वन्य प्राणी की सुरक्षा में किसान रूपचंद पैकरा के योगदान की सराहना की है और उन्हें सार्वजनिक कार्यक्रम में सम्मानित किये जाने की घोषणा की है। इस दौरान डिप्टी रेंजर केसरी नंदन जयसवाल बीट गार्ड धाराशिव मनबोधन टंडन, सहित वन विभाग के कर्मचारी व ग्रामीण रूपचंद पैकरा उपस्थित थे ।

नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

धमतरी। 'नेत्र विकार विहीन मेरा धमतरी' अभियान के तहत महावीर इंटर कॉन्टिनेटल ने ग्राम सिंगपुर में नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया। शिविर में 450 लोगों के आंखों की जांच की गई। इनमें से 371 व्यक्तियों को चश्मा का वितरण किया गया। 41 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद पाए गए। जिनका जिला अस्पताल में ऑपरेशन से होगा। रायपुर से आई चलित एम्बुलेंस में मरीजों की आंखों की जांच ऑटो रिफ्लेक्टर मशीन से की गई। जांच-परीक्षण के बाद आवश्यकता अनुसार निःशुल्क चश्मा भी बांटा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम सिंगपुर के प्रतिष्ठित नागरिक मोहम्मद लतीफथे। संस्था के अध्यक्ष ज्ञानचंद लुनावत, सचिव संतोष राखेचा, नीलेश लुंकड़, स्वरूपचंद बैद, दिलीप बडज़ात्या, खेमचंद गोलछा ने कहा कि नेत्र विकार विहीन मेरा धमतरी बनाना महावीर इंटर कॉन्टिनेंटल का उद्देश्य है।

मूरा में मां-बेटी के बीच होगी सरपंच पद पर कांटे की टक्कर

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019--20 के अंतर्गत ग्राम पंचायत मूरा मे सरपंच पद के लिए आरक्षित है ,जिसके विरुद्ध मात्र दो प्रत्यासी है बिसमत ध्रुव (माँ) व नूतन ध्रुव (बेटी) सरपंच बनने दोनो प्रत्यासी मैदान मे डटे हैं । इसी तरह पंच पद के लिए कुल वार्ड 16 है जिसके विरुद्ध पंच बनने कुल 47 प्रत्यासी मैदान मे है , वार्ड 1 से पदमा नायक,रमौती साहू ,उषा साहू,वार्ड 2 से फेकूराम वर्मा,गैंदलाल वर्मा,परमानंद साहू,वार्ड 3 से बल्लूराम धीवर,घनेन्द्र पाल,फूलचंद साहू,कुंजलाल साहू,वार्ड 4 से कुमारी बाई विश्वकर्मा,तारा बाई,वार्ड 5 से जमुना बाई सारथी,सत्या बाई वर्मा,वार्ड 6 से दुखितराम पाल,कुंजराम पाल,शिवप्रसाद वर्मा,वार्ड 7 से भागबली ध्रुव व झब्बूलाल साहू ,वार्ड 8 से पूर्णिमा साहू,पुष्पा साहू,सरिता वर्मा ,वार्ड 9 से डेरहाराम निर्मलकर, जगदीश वर्मा, कपिल वर्मा,तुलाराम यादव , विजय कुमार वर्मा,वार्ड 10 से दुर्गेशवरी वर्मा, सोहद्रा धीवर, वार्ड 11 से जन्तराम सारंग, मधुसुदन कोशले, ओमहरि चेलक,वार्ड 12 से अश्वनी बाँधे, मोहित कुमार गायकवाड़,वार्ड 13 से कुलेश्वर साहू,सनत घृतलहरे, सुजीत कोशले,ठाकुर राम साहू, वार्ड 14 से कॉति वर्मा, सोहागा सतनामी ,वार्ड 15 से गनेशिया बाई सारंग, हिरौंदी सारंग, मानकी कोशले,वार्ड 16 से गेसाबाई सतनामी, कॉती बाई कोशले, पंचबाई कोशले, रामप्यारी ऑडिल।

राष्ट्रीय स्तर के किडनी रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों ने किया सुपेबेड़ा का दौरा

गरियाबंद। राज्य शासन द्वारा गरियाबंद जिले के सुपेबेड़ा क्षेत्र में लोगों को किडनी बिमारी से निजात दिलाने और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए आवश्यक पहल किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासन के विशेष अनुरोध पर मंगलवार को राष्ट्रीय स्तर के ख्यातिप्राप्त किडनी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विजय खेर और डॉक्टर विवेकानंद झा ग्राम सुपेबेड़ा पहुंचे। राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग की सचिव निहानिका बारिक और संचालक नीरज कुमार बसोड़ भी साथ मौजूद थे। डॉक्टर विजय खेर और डॉक्टर विवेकानंद झा सुपेबेड़ा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर में सम्मिलित होकर किडनी प्रभावित लोगों से अब तक कराये जा रहे उपचार एवं दवाईयां आदि के संबंध में रू-ब-रू चर्चा किये।

न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 1484 अ 20(1), वर्ष 1979-80

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शैलेन्द्र मिश्रा पिता हेम प्रसाद मिश्रा साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नगर नजूल कवर्धा स्थित शीट क्रमांक-10डी, भूखण्ड क्रमांक-14 क्षेत्रफल-339.50 वर्गमीटर भूखण्ड नजूल जांच रजिस्टर वर्ष 74-75 में संहगू पिता मेघनाथ, वो. सोनू गोड़ सारथी साकिन कवर्धा के नाम पर दर्ज है।

आवेदक शैलेन्द्र मिश्रा पिता हेम प्रसाद मिश्रा साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नगर नजूल कवर्धा स्थित शीट क्रमांक-10डी, भूखंड क्रमांक-14 क्षेत्रफल 339.50 वर्गमीटर भूखंड में से 119.89 व.मी. को विक्रेता चुरामन आ. नाना पाली साकिन कवर्धा से पंजीकृत बयनामा दिनांक 12.05.2016 विक्रय पत्र निष्पादन किए जाने फलस्वरूप आवेदक भूखण्ड को अपने नाम पर निर्धारण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः इस निर्धारण/ नामांतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 12.02.2020 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। अतः आज दिनांक 31.12.2019 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 31/12/2019
पेशी दिनांक 12/02/2020

सील — नजूल अधिकारी, कबीरधाम

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं FARJANA BANO W/O MOHAMMED SAJID MEMAN निवासी HNO.624, ASPATAL WARD, GARIABAND (C.G) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम FARJANA MEMON W/O MOHAMMED SAJID MEMAN रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम FARJANA MEMON W/O MOHAMMED SAJID MEMAN से ही जाना पहचाना जावे।

FARJANA MEMON
HNO.624, ASPATAL WARD,
GARIABAND (C.G)

न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 1484 अ 20(1), वर्ष 1979-80

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शैलेन्द्र मिश्रा पिता हेम प्रसाद मिश्रा साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नगर नजूल कवर्धा स्थित शीट क्रमांक-10डी, भूखण्ड क्रमांक-14 क्षेत्रफल-339.50 वर्गमीटर भूखण्ड नजूल जांच रजिस्टर वर्ष 74-75 में संहगू पिता मेघनाथ, वो. सोनू गोड़ सारथी साकिन कवर्धा के नाम पर दर्ज है।

आवेदक शैलेन्द्र मिश्रा पिता हेम प्रसाद मिश्रा साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नगर नजूल कवर्धा स्थित शीट क्रमांक-10डी, भूखंड क्रमांक-14 क्षेत्रफल 339.50 वर्गमीटर भूखंड में से 74.00 व.मी. को विक्रेता धनीराम आ. नाना पाली साकिन कवर्धा से पंजीकृत बयनामा दिनांक 12.05.2016 विक्रय पत्र निष्पादन किए जाने फलस्वरूप आवेदक भूखण्ड को अपने नाम पर निर्धारण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः इस निर्धारण/ नामांतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 12.02.2020 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। अतः आज दिनांक 31.12.2019 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 31/12/2019
पेशी दिनांक 12/02/2020

सील — नजूल अधिकारी, कबीरधाम

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-II, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्पलेक्स, सेक्टर 08 द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Phon No. 0771-6988869 Email ID emzoneii@yahoo.com
GST No.22AAECA9783D22ZP

//आम सूचना//

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत कालोनी परसुलीडीह रायपुर में स्थित भवन क्रमांक एलआईजी-410 श्री किशोर कुमार चन्द्रवंशी पिता श्री जगदीश प्रसाद चन्द्रवंशी को स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया था। उनके द्वारा दिनांक 29.11.2012 को अपने नाम पर लीजडीड/ विक्रय विलेख पंजीयन कराने के उपरांत वर्तमान में श्री राजेश कुमार पटेल पिता श्री विमल कुमार पटेल निवासी- म.नं.-204 हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सड्डू रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-II, सड्डू, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-II, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्पलेक्स, सेक्टर 08 द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Phon No. 0771-6988869 Email ID emzoneii@yahoo.com
GST No.22AAECA9783D22ZP

//आम सूचना//

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत कालोनी सड्डू रायपुर में स्थित भवन क्रमांक एलआईजी-125 श्रीमती मधुमिता शेखर पति श्री संजय शेखर को स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया था। उनके द्वारा दिनांक 26.03.2015 को अपने नाम पर लीजडीड/ विक्रय विलेख पंजीयन कराने के उपरांत वर्तमान में श्रीमती मधु सोलंकी पति श्री शिवेन्द्र सिंह निवासी- एलआईजी-603, सेक्टर 04, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सड्डू रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-II, सड्डू, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 370/2019-20
वार्ड का नाम- शंकर नगर-31

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शंकर नगर-31 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 31/ज.ग.नं. 1804 न्यू शांतिनगर जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती त्रिवेणी बाई शुक्ला w/o श्याममनोहर शुक्ला के नाम से दर्ज है, जिसको श्री संजय शुक्ला s/o स्व. विसम्भरनाथ शुक्ला रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 14/01/2020 — जोन आयुक्त, जोन क्रमांक-3, नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 372/2019-20
वार्ड का नाम- गुरू गोविंद सिंह-34

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुरू गोविंद सिंह-34 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ ज.ग.नं.-354 जो कि निगम अभिलेख में श्री कृष्णपद मण्डल s/o स्व. उपेन्द्रनाथ मण्डल के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती यशोदा मिश्रा w/o प्रभात मिश्रा रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 15/01/2020 — जोन आयुक्त, जोन क्रमांक-3, नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गामिनी साहू पति भागचंद साहू साकिन मरोदा द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 48/27 रकबा 0.020 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से जयवर्धन परोहा आ. सुभाषचंद्र परोहा व अन्य से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 28.01.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./409/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेणु साह पति प्रमोद साह निवासी ग्राम पद्मनाभपुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 284/20 रकबा 0.020 हें. भूमि को विक्रेता श्रीमती अर्चना शर्मा पति दिनेश शर्मा निवासी ग्राम सिधिया नगर से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 30.12.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./364/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रुही तवस्सुम पति शाहीद खान निवासी ग्राम तकियापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग केद्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1059/12, 1059/13 रकबा 0.005, 0.005 हें. भूमि को विक्रेता मोहम्मद अनीस पिता अब्दुल लतीफ निवासी ग्राम तकियापारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 25.11.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

मंत्री चौबे की उपस्थिति में शालिनी मनोज जायसवाल 18 को लेंगी शपथ

नवप्रदेश संवाददाता

साजा। कांग्रेस के गढ़ व विधानसभा के मुख्यालय के नगर पंचायत साजा में कांग्रेस की शानदार वापसी से पुनः सिद्ध हो गया कि साजा पूर्ण रूप से कांग्रेस व चौबे का गढ़ हैं। नगर पंचायत साजा में अध्यक्ष के चुनाव पश्चात नगर का कमान कृषि मंत्री रवींद्र चौबे के कट्टर समर्थक व सबसे विश्वास पात्र मनोज जायसवाल की धर्मपत्नी शालिनी मनोज जायसवाल के हाथों में सौंपा गया है। नगर पंचायत साजा की अध्यक्षा व प्रथम नागरिक श्रीमती शालिनी मनोज जायसवाल अपने नए कार्यकाल का श्री गणेश शपथ ग्रहण लेकर करेंगी। श्रीमती जायसवाल 18 जनवरी को कृषि मंत्री श्री चौबे की उपस्थिति में शपथ लेंगी। साथ ही उनके नेतृत्व, मार्गदर्शन, सहयोग, आशीर्वाद से अपने नए कार्यकाल की शुरुआत कर नगर के सर्वांगिण विकास कार्यों व जनता जनार्दन की सेवा करते हुए उनके समस्याओं का हल करेंगी। साथ ही अपने सभी पार्षदों को साथ लेकर सभी के सहयोग, सहमती व निर्णय के साथ कार्यों का संपादन किया जाएगा।



कांग्रेस के अभेद गढ़ विधानसभा मुख्यालय में नगर पंचायत साजा में कांग्रेस के कब्जे को बरकरार रखते हुए पुनः दोबारा कायम रखने में कांग्रेस को बड़ी सफलता प्राप्त हुआ। जिसका पूरा का पूरा श्रेय कृषि मंत्री रवींद्र चौबे के नेतृत्व में मनोज जायसवाल व उसकी टीम को जाता हैं। निकाय चुनाव में 6-6-3 सीटें पार्षदों के आने के बाद अध्यक्ष के मतदान में कांग्रेस के पक्ष में जहां 12 मत प्राप्त होना साजा में कांग्रेस की वर्चस्व को सीधा इंगित करता है। इससे साफहो जाता हैं कि साजा पहले भी कांग्रेस का गढ़ था अब भी हैं और आगे भी रहेंगा।

नवनिर्वाचित अध्यक्षा शालिनी मनोज जायसवाल पर श्री चौबे के विश्वास की हुई जीत, मंत्री चौबे के समक्ष शपथ लेकर करेंगी कार्यकाल का शुभारंभ - नवनिर्वाचित अध्यक्षा शालिनी मनोज जायसवाल पर श्री चौबे जी ने जो विश्वास किया उसकी जीत हुई। अब उनके समक्ष शपथ लेकर करेंगी अपने नए कार्यकाल का शुभारंभ। गौरतलब हैं कि पूरे विधानसभा में राजनीति के केंद्र बिंदु नगर पंचायत साजा में अध्यक्ष का निर्णय क्षेत्रीय विधायक, कृषि मंत्री रवींद्र चौबे जी के दिशा निर्देश पर किया गया। कृषि मंत्री के नजदीकी, करीबि, सबसे विश्वास पात्र, खास लोगों में से एक मनोज जायसवाल होने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती शालिनी मनोज जायसवाल को नगर पंचायत अध्यक्षा का ओहदा प्राप्त हुआ। मनोज जायसवाल को मिलने वाले इस सुअवसर का प्रमुख कारण भाजपा सरकार के कार्यकाल में नगर पंचायत का सुचारु रूप से संचालन है। साथ ही इस दौरान यह भी देखने में आया कि उनके द्वारा भाजपा विधायक का पूरी निडरता के साथ शुरू से अंत तक विरोध किया गया। पूरे कार्यकाल में भाजपा विधायक को कोई स्थान नहीं प्रदान किया गया।

28 बंधक श्रमिकों एवं 05 बच्चों को जिला प्रशासन द्वारा छुड़ाया गया

गरियाबंद। जिले से पलायन किये गए 28 श्रमिक और 5 बच्चों को जिला प्रशासन द्वारा छुड़ाकर सकुशल वापस लाया गया है। तेलंगाना राज्य के जिला पेद्दापल्ली एवं तमिलनाडु के जिला-सेलम मे काम करने गए मजदूरों को बंधक बनाकर काम कराया जा रहा था। उनके सुरक्षित वापसी के लिए कलेक्टर श्याम धावड़े द्वारा श्रम विभाग, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई तथा पंचायत सचिव की संयुक्त जिला स्तरीय टीम का गठन किया गया था। गठित टीम 01 जनवरी को रवाना हुई। संयुक्त टीम द्वारा ईट भठ्ठा पेद्दापल्ली मे रेस्क्यू किया गया जहां से 21 मजदूर काम करते पाये गए उनके साथ 05 बच्चे भी थे। ये श्रमिक जिला गरियाबंद के ग्राम डुमरबाहरा एवं दांतबाय के रहने वाले थे। जिन्हे 03 जनवरी 2020 को सायं 07 बजे टीम द्वारा विमुक्त कराया गया। जिला बाल सरक्षण अधिकारी ने बताया कि गठित टीम तमिलनाडु के जिला सेलम के लिये 04 जनवरी 2020 को बंधक श्रमिकों को विमुक्त करवाने हेतु रवाना हुई। यह टीम 05 जनवरी को सेलम मे कार्यस्थल पर पहुचकर 07 बंधक श्रमिकों को विमुक्त कराया। 8 जनवरी को 07 बंधक श्रमिकों को छुड़ाकर उनके गृह ग्राम फिंगेश्वर विकासखंड अंतर्गत ग्राम जेंजरा में सकुशल वापस लाया गया। जिला सेलम तमिलनाडु मे बंधक 07 श्रमिकों मे से उनके परिश्रम के एवज मे 06 श्रमिकों को प्रति श्रमिक 21 हजार रूपये एवं 01 श्रमिक को 16 हजार रूपये नियोक्ता से विमुक्त श्रमिकों को दिलवाया गया है।

घटिया सड़क ने किया राहगीरों को परेशान

धमतरी । अधिकारी अपने अडियल रवय्या से ठेकेदार परेशान हो रहे। कुछ ऐसा हि हाल धमतरी के मगरलोड में देखने सुनने को मिल रहा है। कार्यापालन अभियंता अपने रवय्ये के चलते ठेकेदारो को भुगतना पड रहा है। जिले में सड़क भवन इत्यादि के निर्माण को लेकर लोक निर्माण विभाग लंबे समय से काम रहा है जिसका मुख्यालय धमतरी है जिसके अधीन कुरूद मगरलोड नगरी सिहावा क्षेत्र में उपसंभाग भी कार्यरत हैं। इस विभाग के अंतर्गत निर्माण कार्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर समय समय पर विभाग के मंत्री सहित जनप्रतिनिधि एवं जागरूक लोगों ने शिकायतें दर्ज कराई और नवनिर्मित सड़कों में समयावधि के पूर्व बड़े.बड़े गड्ढे होने की जानकारी दी जिसे लेकर

पीडब्ल्यूडी मंत्री ने उन गड्ढों को तत्काल भरने का निर्देश विभाग को दिया था। लेकिन वर्तमान कार्यपालन अभियंता के रवैये से जिले के ठेकेदार बेहद त्रस्त हैं। इनका आरोप है कि नये.नये नियम कानून बताकर इन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। इस कारण ऐसे ठेकेदार अब बगावत के मूड में आ चुके हैं और वे शीघ्र ही इसकी शिकायत करने वाले हैं। धमतरी लोक निर्माण संभाग जिसके अधीन अधिकांश क्षेत्रों में सड़कें पुल पुलिया भवन निर्माण कार्यों की जवाबदारी होती है। इस विभाग के अधीन अनेक निर्माण कार्य करोड़ों अरबों रूपये की लागत से करवाये गये हैं। ठेकेदारों द्वारा कराये गये उक्त कार्यों में कुरूद सिहावा नगरी क्षेत्र में नवनिर्मित सड़कों में जगह.जगह गड्ढे होने की शिकायत पिछले दिनों जिला भ्रमण पर आये लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू से की गई थी जिसे लेकर भरी सभा में मंत्री ने घोषणा की कि विभाग नवनिर्मित सड़कों में बने गड्ढों को शीघ्रातिशीघ्र भरे और आवागमन में हो रही बाधा को दूर करे। इसे लेकर उन्होंने अतिरिक्त फंड भी दिये जाने की बात कही थी।

विधायक से आगँनबाड़ी भवन मांगा, पर नहीं मिला अब तक

धमतरी। 14 जनवरी 2019 अतिसंवेदन शील क्षेत्र कहे जाने वाले जिले के सुदूर वनांचल इलाके में एक गॉव ऐसा भी है जहाँ आज तक आंगनबाड़ी केंद्र नहीं खुल पाया है आज भी इस आधुनिक दौर में पुस्तकी ज्ञान और प्रारंभिक स्कूली शिक्षा का मतलब यहाँ के बच्चे नहीं जानते और गाव में ही खेलकूद कर अपना टाइम व्यतीत कर लेते है ग्रामीणों की माने तो ग्राम बोइरगांव ग्राम पंचायत मेचका ;सोंढूर का आश्रित ग्राम है जहाँ तकरीबन 22 से 25 परिवार निवास करता है जिसमें ज्यादातर लोग कमार जनजाति के है साथ ही आँगनबाड़ी जाने योग्य लगभग 15 से 20 बच्चे है ग्रामीणों ने बताया की पूर्व में आँगनबाड़ी भवन की माँग विधायक से की जा चुकी है जिसके बाद अधिकारी बकायदा इस गॉव में सर्वे के लिए भी पहुंचे थे ।

पुलिस विभाग ने विद्यार्थियों को बताया यातायात नियम

डोंगरगढ़ । पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा सप्ताह के सम्बन्ध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्र बीएल ध्रुव के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक युबएस चौहान श्री बघेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी चंद्रेश सिह ठाकुर के दिशानिर्देशन मे सोमवार को पुलिस थाना बोरतलाव अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतलाव के विद्यार्थियों को थाना प्रभारी अब्दुल समीर एवं थाना की टीम के द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह, यातायात सप्ताह के संबंध में विशेष रूप से जानकारी दी गयी । इस आयोजन मे उपस्थित सभी बालक,बालिकाओ को यातायात नियमों के संबंध में अवगत कराते हुये उनका नियमों का पालन करने एवं अपने आस पड़ोस में परिजनो सहित लोगों को जागृत करने अवगत कराया गया,साथ ही विद्यालय के समीप ही स्थित रेलवे क्रासिंग को सही ओर नियत समय मे ही क्रास करने की जानकारी दी गई । इस दौरान विद्यालय परिसर के समस्त शिक्षक,शिक्षिकाएं व गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य शिविर में 115 मरीजों ने करवाया नि:शुल्क उपचार साथ 24 पार्षदो का हुआ मंच से अभिनंदन

डोंगरगढ़ । स्वामी विवेकानंद की 157 वीं जयंती के अवसर पर धर्मनगरी में युवा महोत्सव का मनाया गया जहां श्री हनुमान भक्त युवा समिति के तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमें 125 युवाओं ने रक्तदान किया व स्वाथ्य शिविर का 115 लोगो ने लाभ लिया साथ ही छत्तीसगढ़ की सामाजिक क्षेत्रो में कार्य कर रही 65 टीमों का मंच से सम्मान किया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

चालीस रूपये के लिए...

के बैनर तले प्रदर्शन कर रहे रसोइये कलेक्टर दर पर मानदेय देने, शासकीय कर्मचारी का दर्जा, सभी को भविष्य निधि योजना से जोड़ने और भोजन पकाने के लिए गैस सिलेण्डर दिये जाने की मांग कर रहे हैं। रसोइया संघ का अपनी मांगों को लेकर कहना है कि बच्चों को स्वादिष्ट भोजन खिलाने की जिम्मेदारी हमारी है। छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन पकाने वाली इस जमात को रोजी के बतौर महज 40 रुपए मिलते हैं। बता दें कि उन्हें 6 घंटे काम कराया जाता है और प्रतिमाह के मुताबिक 1200 रुपए ही महीना मानदेय मिलता है। वर्ष 1995 से स्कूली बच्चों के लिए भोजन बना रहे इनके बच्चों की परवरिश करना ही इस मानदेय में मुश्किल है। शिक्षा, घर खर्च और अन्य जरुरतों को उन्हें पूरा करने में कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं। संघ के बुजुर्ग और 25 साल पुराने रसोइयों का दर्द फूटा और उन्हों ने सवाल किया कि न्यायालय और कलेक्टर रेट भी मजदूरी का आदेशानुसार 255 रोजी तय है। फिर रसोई तैयार करने के लिए अन्य तरह की सुविधाएं भी मुहैया नहीं करवाई गई हैं।

एनआईए एक्ट के खिलाफ...

सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार ने एक्ट एक्ट के प्रावधानों और उसके क्रियान्वयन के तरीक़ों को लेकर गंभीर असहमति जताते हुए याचिका दायर की है. याचिका में एनआईए एक्ट को उसके वर्तमान रुप और सामग्री में राज्य की संप्रुभता की भावना के ख़िलाफ़ अनियंत्रित और अघोषित शक्ति प्रदान करता है। राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत इस याचिका में उल्लेख किया गया है कि एनआई एक्ट को एक ऐसी जाँच ऐजेंसी बनाता है जो किसी राज्य की पुलिस के उपर अधिकार प्राप्त करती है। इस एक्ट में उस संघीय भावना की खिलाफत है जिसमें केंद्र और राज्य अपने संबंधित अधिकार क्षेत्र में स्वतंत्र माने जाते हैं।

भूपेश सरकार संघीय ढांचे...

रही है। डॉ. सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह कहना हैरतभरा है कि एनआईए एक्ट उस संघीय भावना के खिलाफ है जिससे केन्द्र और राज्य अपने संबंधित अधिकार क्षेत्र में स्वतंत्र माने जाते हैं। जो सरकार तमाम राजनीतिक और संवैधानिक प्रावधानों की अवहेलना कर संघीय ढांचे को चुनौती दे रही है, वह अब संघीय ढांचे को लेकर सियासी नौटंकी पर उतारू हो रही है। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि एनआईए एक्ट संप्रग शासनकाल में 2008 के मुम्बई हमले के बाद अस्तित्व में आया और 2019 में इसमें संशोधन हुआ। संशोधन प्रस्ताव पर चर्चा के बाद कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों के समर्थन से यह कानून ज्यादा प्रभावी बनाया गया जो संसद में मतों से पारित हुआ था। केन्द्र में कांग्रेस के ही शासनकाल में बने एक्ट के खिलाफ अब प्रदेश सरकार का एनआईए को लेकर प्रलाप समझ से परे है।

31 जनवरी और...

बजट को लेकर तैयारी आखिरी चरण में है और सरकार के सामने सुस्ती की समस्या से निपटना सबसे बड़ी चुनौती है।

स्टेट बैंक ने फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज दर घटाई: जानकारी के लिए बता दें कि 2 फरवरी को रविवार है और बैंक बंद रहेंगे। हड़ताल के कारण लगातार तीन दिनों के लिए बैंक बंद होने से आमजन को भारी परेशानी से गुजरना होगा। बैंक बंद रहने पर एटीएम में कैश की भी किल्लत होगी।

ट्रायल कोर्ट पहुंचा...

निर्भया के दोषी किस तरह फांसी को टालने के लिए हथकंडे अपना रहे हैं, इसे 2017 में सुप्रीम कोर्ट से सजा पर मुहर लगने के बाद के घटनाक्रमों से समझा जा सकता है। मई 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने भी फांसी पर मुहर लगा दी। इसके बाद काफी समय तक दोषियों ने अपने पास मौजूद कानूनी विकल्पों का इस्तेमाल नहीं किया। तिहाड़ जेल प्रशासन ने पिछले साल 29 अक्टूबर और 18 दिसंबर को ही दोषियों को दया याचिकाएं दाखिल करने के लिए नोटिस जारी किए मगर दोषी बैठे रहे। दिसंबर 2019 में सुप्रीम कोर्ट 2 दोषियों का रिव्यू पिटिशन खारिज कर दिया। इसके बाद निचली अदालत ने चारों दोषियों के खिलाफ7 जनवरी को डेथ वॉरंट जारी किया और फांसी के लिए 22 जनवरी की तिथि मुकर्रर कर दी। इसके बाद मुकेश और विनय ने सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव याचिका दायर की। वह भी खारिज हो गई। फिर मुकेश ने दया याचिका दी। पवन और अक्षय ने अभी क्यूरेटिव पिटिशन नहीं दिया है। इस बीच बुधवार को डेथ वॉरंट को चुनौती देते हुए मुकेश के वकील हाई कोर्ट पहुंचे। हाई कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी तो अब उन्होंने ट्रायल कोर्ट का रुख किया।

दिल्ली सरकार ने की दया याचिका खारिज करने की सिफारिश: उधर, दिल्ली के डेप्युटी सीएम मनीष सिसोदिया ने बुधवार को बताया कि राज्य सरकार ने मुकेश सिंह की दया याचिका खारिज करने की सिफारिश की है और इसे 'तुरंत' उपराज्यपाल के पास भेज दिया। उन्होंने बताया कि 32 वर्षीय सिंह की दया याचिका पर सिफारिश अब केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी जाएगी।

दिल्ली सरकार ने की दया याचिका खारिज करने की सिफारिशः उधर, दिल्ली के डेप्युटी सीएम मनीष सिसोदिया ने बुधवार को बताया कि राज्य सरकार ने मुकेश सिंह की दया याचिका खारिज करने की सिफारिश की है और इसे 'तुरंत' उपराज्यपाल के पास भेज दिया। उन्होंने बताया कि 32 वर्षीय सिंह की दया याचिका पर सिफारिश अब केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी जाएगी। सिंह द्वारा याचिका दायर करने के अगले दिन दिल्ली सरकार ने ये सिफारिशें की हैं।

7 जनवरी को हुआ था वारंट जारीः दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने उनकी मौत की सजा के फैसले पर अमल के लिए 7 जनवरी को वॉरंट जारी किया था। हाई कोर्ट ने जब यह कहा कि वह मामले में दखल नहीं देना चाहता और याचिकाकर्ता सत्र अदालत या सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकते हैं, उसके बाद मुकेश के वकीलों ने बेंच से कहा कि वे मौत की सजा के फैसले पर अमल के लिए जारी वॉरंट के खिलाफ सत्र अदालत जाएंगे।

देश में लगा है...

रहे पवन अंबेडकर के समर्थन में प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में यह बात कही। कांफ्रेंस में माकपा महासचिव सीताराम येचुरी, पूर्व सांसद वृंदा करात, भाकपा महासचिव डी. राजा और राजद सांसद मनोज झा के अलावा ये चारों कार्यकर्ता भी मौजूद थे और उन्होंने 19 दिसम्बर की घटना का ब्यौरा दिया तथा जेल में हुए उनके साथ अमानवीय अत्याचार और बर्बर पिटाई की दर्दनाक आप बीती भी सुनाई।

श्री यादव ने कहा कि जो लखनऊ में हुआ वह देश के हर कोने में हो रहा है। हालात जंगल राज से परे है। भाजपा का क्या हम नाम दें। आपातकाल में हम भी जयप्रकाश नारायण के साथ जेल गए थे पर ऐसे हालात तो आपातकाल में भी नहीं थे। आज तो अघोषित आपातकाल लगा है। लेकिन यह इमरजेंसी दिखती नहीं है। जेल में इतना जुल्म तो पहले नहीं हुआ था।

अमेजान 70हजार करोड़...

निवेश वाली ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए नियमों को कड़ा किया था। इनके तहत ऐसी कंपनियों के ऐसे विक्रेताओं के उत्पाद बेचने पर रोक लगाई गई थी जिसमें उनकी हिस्सेदारी है।

1984 दंगा...

और उसके आधार पर लापरवाही के दोषी पुलिसवालों पर कार्रवाई की जायेगी। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाली खंडपीठ को बताया, हमने न्यायमूर्ति ढींगरा के नेतृत्व वाली एसआईटी की रिपोर्ट स्वीकार कर ली है और उसके आधार पर कार्रवाई होगी। दंगे के 186 बंद मामलों की समीक्षा करने वाली एसआईटी ने रिपोर्ट दी है कि ज़्यादातर मामलों में निचली अदालत से मुकदमा खारिज होने के बाद अपील दायर नहीं की गई। इसमें जांच अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है। न्यायालय ने याचिकाकर्ता को इस बात की इजाजत दी कि वह बंद मुकदमों की अपील दाखिल करने के लिए पुलिस के पास आवेदन दें। इस मामले में शीर्ष अदालत ने ही एसआईटी का गठन किया था। कुल 186 मामलों को पुलिस या अलग-अलग एजेंसियों ने बंद कर दिया था। कुछ दंगा पीड़ितों की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया था कि सबूतों और तथ्यों को देखे बगैर मामलों को बंद कर दिया गया। इसके साथ ही आरोप लगाया गया कि पुलिस और अन्य जांच करने वाली एजेंसियों ने सही से बयान भी दर्ज नहीं किये।

खाड़ी में तनाव कम करने...

गौरतलब है कि यूक्रेन इंटरनैशनल एयरलाइंस का बोइंग 737 विमान तेहरान से उड़ान भरने के कुछ समय बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। ईरान द्वारा इराक में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए मिसाइल हमले के कुछ देर बाद यह विमान हादसा हुआ था। अमेरिकी हवाई हमले में ईरानी जनरल क़ासिम सुलेमानी की मौत के बाद जवाबी कार्रवाई में ईरान ने इराक में दो अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर बैलिस्टिक मिसाइल हमला किया था।

दो प्रस्तावों को...

साथ ही देश के 50 फीसदी राज्यों का समर्थन प्राप्त करना भी जरूरी है। बैठक के बाद मंत्री रविंद्र चौबे और मोहम्मद अकबर ने उक्त निर्णयों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक के केंद्र में उक्त दोनों प्रस्तावों को मंजूरी देना ही था।

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) रायपुर (छ.ग.)

Phone No. and Fax No.-0771-2426831 E-Mail- actd.raipur@nic.in

// अभिरूचि का प्रस्ताव //

क्रमांक/2504/आदि.वि./स्टो./2020 रायपुर, दिनांक 13/01/2020

आदिवासी विकास विभाग रायपुर द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह 2020 के अवसर पर विभागीय झांकी निर्माण कार्य एवं पुलिस ग्राउंड में झांकी प्रदर्शन किया जाना है।

इच्छुक झांकी निर्माणकर्ता दिनांक 20.01.2020 तक कार्यालयीन अवधि में प्रातः 11.00 बजे से सायं 5.30 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग रायपुर से अभिरूचि का प्रस्ताव 0250 सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास विभाग 500/- रुपए का चालान जमा कर प्राप्त कर सकते हैं तथा विस्तृत नियम शर्त कार्यालय में देख सकते हैं।

अभिरूचि का प्रस्ताव सीलबंद लिफाफे में दिनांक 21.01.2020 को प्रातः 11.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से) स्वीकार किया जावेगा तथा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे तक प्रस्तावकों की उपस्थिति में समक्ष खोला जावेगा।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास रायपुर

जी-76213/3

कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)

।। निविदा सूचना ।।

क्रमांक/244/जल/नि.-2019-20 राजनांदगांव, दिनांक 07/01/2020

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के अधिनस्थ जल प्रदाय विभाग के लिए निम्नांकित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित राशि (लाखों में)	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	कुंओं में निस्तार हेतु पानी टंकी निर्माण एवं अन्य कार्य। (वार्ड नं. 01-17 जोन 01)	9.99	28/01/2020
2	कुंओं में निस्तार हेतु पानी टंकी निर्माण एवं अन्य कार्य। (वार्ड नं. 18-34 जोन 02)	9.99	28/01/2020
3	कुंओं में निस्तार हेतु पानी टंकी निर्माण एवं अन्य कार्य। (वार्ड नं. 35-51 जोन 03)	9.99	28/01/2020

उपरोक्त कार्य की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के तकनीकी शाखा जल विभाग एवं वेबसाईड www.mcrin.com से प्राप्त की जा सकती है।

आयुक्त,
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग गरियाबंद, जिला गरियाबंद (छ.ग.)

ज्ञाप क्र./80/2020 गरियाबंद, दिनांक 10/01/2020

// संक्षिप्त निविदा सूचना //

प्रतिवर्ष राजिम माघी पुन्नी मेला, माघी पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक मेला आयोजित किया जाता है। इस हेतु कार्यालय, कार्यपाल अभियंता, लोक निर्माण विभाग गरियाबंद में राजिम, नवापारा, चम्पारण, लोमश ऋषि आश्रम परिसर एवं अन्य निर्देशित स्थलों पर जानी वाली व्यवस्थाओं से संबंधित कार्य हेतु सीलबंद लिफाफे में पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं उल्लेखित तिथियों पर उपस्थित सदस्यों/ निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जायेगी। कार्य का विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र के साथ कार्यालय में निर्धारित राशि के भुगतान पर कार्यालयीन दिवस में कार्यालयीन समय पर प्राप्त किए जा सकते हैं।

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 20.01.2020 अपरान्ह 5.00 बजे तक
2. प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त होने की अंतिम तिथि :- 23.01.2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 24.01.2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे

क्रमांक	कार्य का नाम	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	2		3
01	सांस्कृतिक मंच निर्माण एवं साज सज्जा, सूचना केन्द्र, व्ही.आई. पी. कक्ष तथा अस्थायी कार्यालय का निर्माण कार्य।	10000/-	1000/-
02	संत समागम व अन्य संबंधित क्षेत्रों में टीन का घेरा लगाना तथा वहां के मुख्य-मुख्य स्थलों पर भव्य स्वागत द्वारों का कार्य।	20000/-	2000/-
03	डोम लगाना तथा आतंरिक रहवासी केबिन, हॉल कक्ष, पंडाल व्यवस्था का कार्य तथा निर्देशानुसार मंचों का निर्माण कार्य।	100000/-	2000/-
04	किराया भण्डार सामग्री (टेन्ट व्यवस्था) यथा-सोफा, सेंटर टेबिल प्लाई, तखत टेबिल, शामियाना, कुर्सी, दरी, कारपेट बर्तन आदि कार्य।	100000/-	2000/-
05	यज्ञ शाला एवं कुटिया निर्माण कार्य।	10000/-	1000/-
06	मेला स्थलों का लेबलिंग हेतु ट्रेक्टर व जे.सी.बी. उपलब्ध कराना आदि कार्य।	10000/-	1000/-
07	कड़ी मिट्टी, काली मिट्टी, बेशरम की डंडियां, गिट्टी रेती व ईटा आपूर्ति कार्य कराने बाबत्।	10000/-	1000/-

उक्त विभिन्न कार्यों के निविदा फार्म एवं विस्तृत शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय एवं दिवस पर कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग संभाग गरियाबंद से प्राप्त की जा सकती है। अमानत राशि हेतु राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/फिक्स डिपाजिट रसीद (एफ.डी.आर.) **अध्यक्ष, स्थानीय समिति राजिम माघी पुन्नी मेला** के नाम पर तथा जो गरियाबंद से देय हो निविदा के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है। किसी भी विषय पर विवाद व स्पष्टीकरण की स्थिति में स्थानीय समिति द्वारा किया गया निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि.(भ/स) गरियाबंद
संभाग गरियाबंद (छ.ग.)

जी-76204/3

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की एक उत्तरवर्ती कंपनी)
CIN:U40108CT2003SGC15822
सी.-1, सी.-2, पावर कंपनी परिसर, डंगनिया, रायपुर फोन. नं.: 07171-2574626, फैक्स: 0771-2574628

क्रमांक/04-03/सिविल/कार्य/2881 रायपुर, दिनांक 08.01.2020

ई-बिडींग पद्धति द्वारा

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	निविदा विशेषीकरण क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रुपए में)	निविदा जमा करने की तिथि एवं समय 16.00 बजे तक	निविदा खुलने की तिथि एवं समय 16.15 बजे तक
1	2	3	4	5	5
1	CEC/D/W/ 19-20/94	Necessary repair & maintenance work of 4 unit F-type quarters, existing water drain and control room at 33/11 KV S/s premises Tatibandh Raipur.	802826/-	28.01.2020	28.01.2020
2	CEC/D/W/ 19-20/95	Necessary repair & maintenance work of EE (O&M) office building at Nayapara Rajim Distt. Raipur.	998855/-	28.01.2020	28.01.2020
3	CEC/D/W/ 19-20/96	Necessary repair & maintenance work of SE (Civil) circle office building at Gudiyari, Raipur.	997156/-	28.01.2020	28.01.2020
4	CEC/D/W/ 19-20/97	Maintenance works of control room and yard at CSPDCL zone office Sirgitti, Bilaspur.	557990/-	28.01.2020	28.01.2020
5	CEC/D/W/ 19-20/98	R/M civil works of chain link wire mesh fencing vehicle stand & HP culvert at AE office building at Akaltara.	699257/-	28.01.2020	28.01.2020
6	CEC/D/W/ 19-20/99	Providing and fixing of Paver Block including developing Carpet grass and making drains at ADM office Campus, Bishunpur under O&M Dn. Ambikapur.	790010/-	28.01.2020	28.01.2020
7	CEC/D/W/ 19-20/109	Repair, maintenance & additional construction at DC office building Dharamjaygarh.	1087669/-	30.01.2020	30.01.2020
8	CEC/D/W/ 19-20/110	Extension of existing store room and other repair & maintenance work at Hospital premises in Gudiyari,Raipur.	679672/-	30.01.2020	30.01.2020
9	CEC/D/W/ 19-20/111	Annual sweeping, cleaning work at E.D. (D.R.) office complex Raipur Naka, Durg.	809800/-	30.01.2020	30.01.2020
10	CEC/D/W/ 19-20/112	Necessary repair and maintenance work and painting of residential and non residential building at 132 KV substation colony premises Kanker under O&M Dn. Kanker.	635491/-	30.01.2020	30.01.2020
11	CEC/D/W/ 19-20/113	Repairing and maintenance of control room and switch yard at 33/11 KV S/s Raipur.	710217/-	30.01.2020	30.01.2020

1. उक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट www.Cspcl.co.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।
2. शुद्धिपत्र/निरस्तीकरण/समयवृद्धि की जानकारी कंपनी के ऊपर उल्लेखित वेबसाईट एवं कार्यालय के सूचनापटल पर देखी जा सकती है।

सं.-24076/3

बिजली की बचत ही बिजली का उत्पादन है

मुख्य अभियंता (सिविल-वित्त)
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं. लिमि., रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

पार्श्वगायक बनना चाहते थे ओपी नैय्यर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड में ओ.पी.नैय्यर का नाम एक ऐसे संगीतकार के रूप में याद किया जाता है जिन्होंने आशा भोंसले और गीता दत्त समेत कई गायक-गायिकाओं को कामयाबी के शिखर पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। लाहौर शहर (अब पाकिस्तान में) के एक मध्यम वर्गीय परिवार में 16 जनवरी 1926 को जन्में ओ.पी.नैयर का रूझान बचपन से ही संगीत की ओर था और वह पार्श्वगायक बनना चाहते थे। दस वर्ष की उम्र में सबसे पहले उन्हें पंडित गोविंदराम के संगीत निर्देशन में पंजाबी फिल्म 'दुल्हा भट्टी' में कोरस के रूप में गाने का अवसर मिला। उन्हें बतौर पारिश्रमिक दस रुपये मिले।

इस बीच उन्होंने आकाशवाणी द्वारा प्रसारित कई कार्यक्रमों मे भी अपना संगीत दिया। भारत विभाजन के पश्चात उनका पूरा परिवार लाहौर छोड़कर अमृतसर चला आया। वर्ष 1949 मे बतौर संगीतकार फिल्म इंडस्ट्री में पहचान बनाने के लिये ओ.पी.नैयर मुंबई आ गये। मुंबई मे उनकी मुलाकात जाने माने निर्माता निर्देशक कृष्ण केवल से हुयी जो उन दिनो फिल्म 'कनीज' का निर्माण कर रहे थे ।

QUIZ TIME

1) प्रत्येक वर्ष दुनियाभर में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस कब मनाया जाता है? (8 सितम्बर / 10 सितम्बर)

2) 'क्वालिटी अननोन: द इनविजिबल वाटर क्राइसिस' नामक रिपोर्ट किस संस्था द्वारा जारी की गई है?

(क) अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (ख) विश्व बैंक (ग) विश्व आर्थिक मंच

3) आँसू का पीएच मान क्या होता है?

(क) 7.4 (ख) 8.5 (ग) 6.0 (घ) 6.3

4) किस मुगल सम्राट ने राजा राममोहन राय को अपने दूत के रूप में लंदन भेजा था?

5) महिला क्रिकेटर एलिस पैरी किस देश से संबंधित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 10 सितम्बर (2) विश्व बैंक (3) 7.4 (4) अकबर द्वितीय (5) ऑस्ट्रेलिया

15 किलो वजन बढ़ायेगी कृति

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन अपनी आने वाली फिल्म 'मिमी' के लिये 15 किलो वजन बढ़ाने जा रही है।

कृति इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म मिमी की वजह से चर्चा में हैं। कृति अपनी आने वाली फिल्म मिमी के लिए 15 किलो वजन बढ़ाने वाली हैं। हमेशा ही जीरो फिगर में दिखने वाली कृति को बढ़े हुए वजन में देखना उनके फैंस के लिए काफी अलग एक्सपीरियंस होगा। मिमी में कृति सरोगेट मदर के रोल में नजर आएंगी। फिल्म के लिए उनका ट्रांसफॉर्मेशन देखने लायक होगा। कृति ने कहा,÷मेरे लिए इतने किलो वजन बढ़ाना वास्तव में एक चुनौती है क्योंकि यह मेरे शरीर के लिए कुछ नया है। हालांकि, इस बदलाव के लिए मैं उत्साहित हूं। यह किरदार मेरे दिल के बहुत करीब है और मैं इसे सब कुछ देना चाहती हूं, भले ही इसका मतलब ये हो कि मैं इस बीच कोई और काम ना करूं। कृति ने कहा,÷मेरे शरीर के लिए इतना वजन सहना बहुत ही ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहा है। क्योंकि ये मेरी शरीर के लिए बिल्कुल

कश्मीरी पंडितों पर जुल्म की दास्तां कहती फिल्म श्रीनगर का पोस्टर जारी

लखनऊ (वार्ता)। उत्तर प्रदेश शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष और वसीम रिजवी फिल्मस के कर्ताधर्ता बसीम रिजवी की फिल्म श्रीनगर का आज पहला पोस्टर जारी कर दिया गया । फिल्म श्रीनगर कश्मीर घाटी में लाखों कश्मीरी पंडितों को भगाने ,उन पर हुये जुल्म,महिलाओं बच्चियों के साथ हुये बलात्कार की कहानी है ।

रिजवी ने यहां कहा कि पाकिस्तानी मानसिकता और पाकिस्तानी प्रेम अपने रिश्ते में रखने वाले कट्टरपंथी मुसलमानों ने कैसे इस आजाद भारत में हिंदू धर्म के लोगों को निशाना बनाया और राज्य से बाहर कर दिया। उनके धार्मिक स्थलों में आग लगाई गई ।

श्रीनगर के निर्देशक सनोज मिश्रा हैं । फिल्म का ट्रेलर 26 जनवरी को रिलीज किया जायेगा।

गंगूबाई काठियावाड़ी का फर्स्ट लुक आउट

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी का फर्स्ट लुक आउट जारी हो गया है।

मुंबई (वार्ता)। आलिया इन दिनों संजय लीला भंसाली की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में काम कर रही हैं। इस फिल्म में आलिया का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। आलिया भट्ट ने फर्स्ट लुक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। आलिया ने दो फोटोज शेयर किए हैं। एक फोटो में वो साड़ी पहने, माथे पर लाल बिंदी और बड़ी नोजपिन पहने दिख रही हैं। इस फोटो में आलिया काफी इंटेंस नजर आ रही हैं। आलिया ने दूसरे लुक के लिए डीग्लैम अवतार लिया है। बीच की मांग निकाले दो चोटी, हाथ में चूड़ी और मोटा काजल लगाए आलिया काफी खूबसूरत लगीं। सोशल मीडिया पर भी आलिया के दोनों लुक को काफी पसंद किया जा रहा है। फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' की असल जिंदगी पर आधारित है। इस फिल्म में आलिया माफिया क्वीन का किरदार निभाने जा रही हैं। फिल्म 11 सितंबर 2020 को रिलीज़ होगी।

संजय दत्त ने सड़क-2 में काम करने के लिये रखी शर्त

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के माचो मैन संजय दत्त ने फिल्म सड़क-2 में काम करने के लिये महेश भट्ट से शर्त रखी थी। संजय इन दिनों महेश भट्ट के निर्देशन में बन रही फिल्म सड़क 2 में काम कर रहे हैं। इस फिल्म से महेश भट्ट लंबे समय बाद निर्देशन के फील्ड में लौट रहे हैं। संजय और महेश वर्ष 1986 में प्रदर्शित फिल्म 'नाम' में एकसाथ आए थे। इसके बाद से ही दोनों के बीच का बॉन्ड काफी मजबूत हो गया। संजय ने कहा कि वे फिल्म का काफी हिस्सा शूट कर चुके हैं। महेश हमेशा उत्साह से भरे रहते हैं और वह आज तक बदले नहीं हैं। संजय ने कहा कि महेश ने आज के समय के हिसाब से स्टोरी तैयार की है। महेश ने कई घंटे इसमें लगाए हैं और जिस तरह की कोशिश उन्होंने यंग टीम को लीड करने में दिखाई है, वह अद्भुत है। उन्होंने कहा कि जब वह पीछे पलटकर देखते हैं, उन्हें लगता है कि सड़क जैसी कहानी को आगे ले जाना जायज है।

भारतीय रेल अब हर तरह के कोच बनाने में सक्षम, निर्यात पर नजर

भारतीय रेल ने हर तरह के कोच बनाने की क्षमता हासिल कर ली है और अब उसकी नजर घरेलू जरूरतें पूरी करने के साथ ही निर्यात बढ़ाने पर भी है।

नई दिल्ली (वार्ता)। रेलवे बोर्ड के सदस्य (चल परिसंपत्ति) राजेश अग्रवाल ने बताया कि पिछले साल भारतीय रेल ने वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से यात्री कोच और माल ढुलाई वाले वैगनों की डिजाइनिंग क्षमता हासिल कर ली। अब वह किसी भी ग्राहक के अनुकूल कोच या वैगन डिजाइन करने में सक्षम है। इससे कोच निर्यात के बाजार में देश की हिस्सेदारी बढ़ाने की संभावना का द्वार खुल गया है।

वर्तमान में कोच निर्यात का बाजार 100 अरब डॉलर से अधिक है जिसमें भारत की हिस्सेदारी 10 करोड़ डॉलर (0.1 प्रतिशत) है। अग्रवाल ने बताया कि हर देश में कोच की डिजाइनिंग अलग-अलग होती है। भारत के अलावा सिर्फ बंगलादेश और पाकिस्तान में ही ब्रॉडगेज है। अफ्रीकी देशों में अलग तरह के गेज हैं, उत्तरी अमेरिका में अलग, दक्षिण अमेरिका में अलग और यूरोपीय देशों में अलग डिजाइन के कोच की जरूरत होती है। उन्होंने बताया कि अभी भारत सीमित संख्या में बंगलादेश और श्रीलंका को कोच निर्यात करता है। नयी क्षमता हासिल करने के बाद भारतीय रेल की इकाई रिट्स लिमिटेड को मोजाम्बिक से कोच के ऑर्डर मिले हैं। वहाँ 'केव' गेज पर ट्रेनों का परिचालन होता है जिसके लिए कोच की डिजाइन अलग हो जाती है। इसके अलावा उत्तरी अमेरिका में ट्रेनों के पहिये और एक्सल निर्यात करने के विकल्प भी तलाशे जा रहे हैं। हर प्रकार के वैगनों की डिजाइनिंग क्षमता हासिल करने का परिणाम यह हुआ है कि अब ट्रकों, ट्रैक्टरों और ज्यादा ऊँचाई वाले यात्री वाहनों के लिए भी वैगन बनाये जा सकते हैं। इनके प्रोटोटाइप तैयार हैं तथा कोई भी कंपनी इनके लिए रेलवे को ऑर्डर दे सकती है। यदि कोई कंपनी ऐसे वैगन चाहती है जिसमें नीचे दुपहिया वाहन और ऊपर कारें भेजी जा सकें तो उसके लिए भी प्रोटोटाइप तैयार कर लिया गया है।

ट्रेन का कोच खुद बतायेगा पानी समाप्त होने वाला है

नई दिल्ली (वार्ता)। रेलवे ने ऐसी तकनीक विकसित की है जिसमें कोच खुद बतायेगा कि पानी समाप्त होने वाला है और पानी भरने की सुविधा वाले अगले स्टेशन पर प्रभारी तक संदेश पहुँच जायेगा। रेलवे बोर्ड के सदस्य (चल परिसंपत्ति) राजेश अग्रवाल ने बुधवार को बताया कि इस साल के अंत तक सभी यात्री ट्रेनों के कोचों में वाटर सेंसिंग उपकरण लगाया जायेगा। जैसे ही टंकी में पानी आधे से कम रह जायेगा यह सेंसर पानी भरने की सुविधा वाले अगले स्टेशन पर पानी भरने के लिए जिम्मेदार प्रभारी को संदेश भेज देगा। टंकी खाली हो जाने पर उसके खाली होने का संदेश भी जायेगा।

सोने-चांदी के दाम बढ़े

नई दिल्ली (वार्ता)। विदेशों में दोनों कीमती धातुओं में रही तेजी के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 150 रुपये चमककर 40,970 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुँच गया। चाँदी भी 150 रुपये की बढ़त के साथ 47,350 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही।

लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, सोना हाजिर आज 0.3 प्रतिशत चढ़कर 1,551.90 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गया। फरवरी का अमेरिकी सोना वायदा 8.20 डॉलर की तेजी के साथ 1,552.80 डॉलर प्रति औंस बोला गया।बाजार विश्लेषकों ने बताया कि चीन और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते की प्रासंगिकता को लेकर उपजे संदेश से सुरक्षित निवेश के रूप में सोने का आकर्षण बढ़ा है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्टिवन नूचिन ने मंगलवार को कहा कि पहले चरण के समझौते के बाद भी चीनी सामानों पर सीमा शुल्क में की गयी बढ़ोतरी कायम रहेगी। उन्होंने बताया कि यह वृद्धि दूसरे चरण तक प्रभाव में रहेगी। इससे इस बात पर सवाल उठने लगे हैं कि समझौता कितना प्रभावी होगा।अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चाँदी हाजिर भी 0.03 डॉलर चमककर 17.81 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गयी।

स्थानीय बाजार में दो दिन की गिरावट से उबरता हुआ सोना स्टैंडर्ड 150 रुपये चढ़कर 40,970 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुँच गया। सोना बिटुर भी इतनी ही तेजी के साथ 40,800 रुपये प्रति दस ग्राम रहा। आठ ग्राम वाली गिन्नी 100 रुपये टूटकर 30,700 रुपये के भाव पर आ गयी। चाँदी हाजिर भी 150 रुपये की बढ़त में 47,350 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुँच गयी।

पेट्रोल-डीजल स्थिर

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में पेट्रोल के दाम तीन दिन की गिरावट के बाद आज स्थिर रहे जबकि डीजल में लगातार दूसरे दिन टिकाव देखा गया। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल गत दिवस के 75.70 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। यह 06 जनवरी के बाद का निचला स्तर है। डीजल की कीमत 69.06 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रही। कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में भी पेट्रोल की कीमत क्रमशः 78.29 रुपये, 81.29 रुपये और 78.65 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रही। डीजल की कीमत कोलकाता में 71.43 रुपये, मुंबई में 72.42 रुपये और चेन्नई में 72.98 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रही।

सौ किलोमीटर की रफ्तार से दौड़ेगी मालगाड़ी, परीक्षण पूरा

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय रेल ने नया मुकाम हासिल करते हुये 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से मालगाड़ियों के परिचालन का परीक्षण पूरा कर लिया है जिससे आने वाले समय में माल ढुलाई में लगने वाला समय कम होगा और लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आयेगी। रेलवे बोर्ड के सदस्य (चल परिसंपत्ति) राजेश अग्रवाल ने बुधवार को बताया कि वर्तमान में 22 टन वाले वैगनों से माल ढुलाई की जाती है और मालगाड़ियों की अधिकतम रफ्तार 75 किलोमीटर प्रति घंटे होती है। वैगन के 25 टन वाले संस्करण का परीक्षण पूरा कर लिया गया है।

फ्लिपकार्ट के हरियाणा में दो आपूर्ति केंद्र शुरू

नई दिल्ली (वार्ता)। ई कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने हरियाणा के फारुखनगर में दो आपूर्ति केंद्रों (एफसी) का उद्घाटन कर अपनी आपूर्ति श्रृंखला को और मज़बूत बनाने की घोषणा की है।

कंपनी ने मंगलवार को यहां जारी बयान में कहा कि नौ लाख वर्ग फीट में फैले ये आपूर्ति केंद्र उसको उत्तर भारत में अपने सप्लाई चेन इंफ्रास्ट्रक्चर को और बढ़ाने में मदद करेंगे। इन आपूर्ति केंद्रों की मदद से वह हरियाणा में सैंकड़ों विक्रेताओं तथा एमएसएमई द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले फर्नीचर और बड़े एप्लायंसेज़ सहित विभिन्न श्रेणियों के उत्पादों की डिलीवरी एवं आपूर्ति श्रृंखला को समर्थन देने की कंपनी की क्षमता में विस्तार कर उन्हें देशभर के बाज़ारों तक पहुंच का लाभ दिलाएगी। इन केंद्रों से उसकी देश में अधिकाधिक उपभोक्ताओं को आपूर्ति करने की क्षमता भी बढ़ेगी। इन दो आपूर्ति केंद्रों को मिलाकर कंपनी के अब हरियाणा में कुल 12 परिसंपत्तियां हैं, जिनमें लार्ज एप्लायंसेज़ की आपूर्ति श्रृंखला, नॉन-लार्ज (मोबाइल, एप्रैल सहित), ग्रॉसरी और फर्नीचर शामिल हैं। हरियाणा में फ्लिपकार्ट के नए निवेश से लगभग 5,000 रोज़गार के नए अवसर पैदा होंगे जिनमें महिलाओं तथा विशेष क्षमताओं वाले लोगों के लिए भी रोज़गार शामिल हैं।

व्यावसायिक संपत्ति मंदी से अछूती

नई दिल्ली (वार्ता)। अचल संपत्ति क्षेत्र की अग्रणी परामर्शदाता कंपनी इन्वेस्टर क्लीनिक के संस्थापक हनी कात्याल का मानना है कि आवास क्षेत्र में मंदी अर्थव्यवस्था से जुड़े कई कारणों से गहरा रही हैं लेकिन व्यावसायिक संपत्ति इससे अछूती रही है। कात्याल ने बुधवार को बताया कि व्यावसायिक क्षेत्र की भूटानी गैंरडथम को दो माह पहले लांच किया गया था और महज इस छोटी सी अवधि में 1000 यूनिट की बिक्री हो चुकी है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती स्टार्ट अप कम्युनिटी को आसान किस्तों में पूरी तरह फर्नीचर युक्त कार्यालय खरीदने में मदद करने के लक्ष्य से पेश इस विशेष प्रोजेक्ट के तहत उन्हें बिना किसी ब्याज शुल्क या संपत्ति कर्ज का लाभ भी दिया गया है।

अमेजन एक अरब डालर निवेश करेगा

हम भारत के दीर्घकालिक भागीदार बनने के लिए प्रतिबद्ध- बेजोस अमेज़न

देश भर के शहरों और गांवों में 100 'डिजिटल हाट' स्थापित करेगा

अमेज़न सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एसएमएमएचबी), व्यापारियों, निर्माताओं, पुनर्विक्रेताओं, स्थानीय ऑफ़लाइन दुकानों और ब्रांडों को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के लिए एक अरब डालर का निवेश करने की योजना बना रही है।

नई दिल्ली (वार्ता)। अमेजन के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जैफ बेजोस ने बुधवार को यहां 'अमेज़न संभव सम्मेलन में कहा अमेज़ॅन का लक्ष्य इस निवेश के साथ एक करोड़ (10 मिलियन) एमएसएमई का डिजिटलकरण करना है, जो भारतीय कारोबार को दुनिया भर में ऑनलाइन बिक्री के माध्यम से और वर्ष 2025 तक संचयी निर्यात में 10 अरब डालर निवेश कर उनकी मदद करेगा। इस तरह की मदद के लिए अमेज़न देश भर के शहरों और गांवों में 100 'डिजिटल हाट' स्थापित करेगा।



श्री बेजोस ने कहा,÷ हम भारत के दीर्घकालिक भागीदार बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस पर ठोस कार्रवाई की जाएगी।÷ अगले पांच वर्षों में अमेजन देश के शहरों और गांवों में लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों का डिजिटलीकरण करने के लिए एक अरब डालर का निवेश करेगा। अमेजन पहले से कहीं अधिक ग्राहकों तक पहुँचने में उद्यमियों की मदद करेगा। अमेजन वर्ष 2025 तक देश के निर्यात में 10 अरब डालर की भागीदारी बनाने के लिए वैश्विक राह पर चलेगा। उन्होंने कहा कि आशा है कि यह निवेश लाखों भारतीयों के भविष्य को समृद्ध बनायेगा और दुनिया को 'मेक इन इंडिया' उत्पादों से अवगत करायेगा जो भारत की समृद्ध, विविध संस्कृति का प्रतिनिधित्व करता है।

उन्होंने कहा कि पांच लाख 50 हजार से अधिक भारतीय व्यवसाय आज अमेज़न बाज़ार से जुड़े हैं और दुनिया भर में 60 हजार से अधिक भारतीय निर्माता और ब्रांड 'मेक इन इंडिया' के तहत अपने उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज की घोषणा के साथ ही अमेज़न भारतीय सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यमों को 'अमेज़ॅन ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम' के माध्यम से वर्ष 2025 तक संचयी निर्यात को 10 अरब डालर तक पहुंचाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय दुकानों और किराना की मदद के लिए अमेजन अतिरिक्त आय के अवसर प्रदान करने के लिए ÷अमेज़न इज़ी और आई हैव स्पेस÷ कार्यक्रमों को बढ़ावा देगा। इससे अमेजन इज़ी के माध्यम से किराना दुकानें अपने ग्राहकों को सही उत्पाद चुनने में मदद करने के लिए 'कियोस्क' स्थापित कर सकेंगे।

न्यूज गैलरी

छात्रावास अधीक्षक रानू साहू निलंबित

बालोद (नवप्रदेश)। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास अर्जुन्दा के अधीक्षक अरविन्द गेडाम अधीक्षक श्रेणी''द'' के द्वारा संस्था संचालन में लापरवाही बरतने, परिसर में साफसफाई नहीं रखने एवं पंजियों के संधारण अद्यतन नहीं करने तथा छात्रावासी छात्रों की भोजन व्यवस्था का सुचारू रूप से संचालन नहीं करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

रेखचंद साहू एक वर्ष के लिए जिला बदर

कवर्धा (नवप्रदेश)। जिला दण्डाधिकारी अवनीश कुमार शरण ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3,5 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रेखचंद साहू पिता माखन साहू साकिन तारो, थाना कवर्धा को कबीरधाम जिला तथा समीपवर्ती जिला राजनांदगांव, बेमेतरा, मुंगेली जिले की सीमाओं से एक वर्ष की कालावधि के लिए निष्कासित(जिला बदर) कर दिया है। रेखचंद साहू को आदेश का पालन 24 घंटे के भीतर करने और आदेश की प्रभावशील अवधि में कबीरधाम जिला एवं सरहदी जिले की सीमाओं में बिना अनुमति के प्रवेश नहीं करने के आदेश दिये है।

ग्रीन कमांडो और विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली

डौण्डी (नवप्रदेश)। विवेकानंद हाईस्कूल डौण्डी में मंगवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत ग्रीन कमांडो एवम विद्यालय के छात्र छात्राओ द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें यमराज के यमदूत के वेशभूषा में बिना हेलमेट वाहन चालकों को हेलमेट के उपयोग करने कहा,नही लगाने पर स्वयं यमदूत आए हैं उन्हें लेने हेलमेट के प्रति जागरूक किया। हेलमेट लगाओ- जान बचाओ के लगे नारे, न शौक न मजबूरी है, हेलमेट लगाना जरूरी है नारा उच्चारण करते हुए दुर्गा चौक, मुख्य मार्ग,मथाई चौक ,थाना चौक होते हुए वापस विद्यालय प्रांगण में आ कर रैली समाप्त हुई। जिले में 11 से 17 तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। उक्त अवसर पर एच के लेनपाण्डे, व्ही एन शर्मा, एचके ठाकुर, एमआर सोम, डीएस ठाकुर, एम देशमुख, एमएल मानकर, श्रीमती दीप्ति सोनी, श्रीमती शारदा कुलदीप, श्रीमती पूर्णिमा राजपूत, श्रीमती निगम बाई, सुश्री बिन्नी ठाकुर, सुश्री संक्रांति तारम आदि उपस्थित थे।

रामचरितमानस का आयोजन

कवर्धा (नवप्रदेश)। ग्राम पंचायत कोठार में ग्रामवासियों के द्वारा 11 से 17 जनवरी तक रामचरिमानस सत्संग का आयोजन किया गया है। कथा श्रवण के लिए आस-पास के ग्राम के लोग भी बडी संख्या में पहुंच रहे है।

नवनिर्वाचित पदाधिकारी एकजुट होकर विकास कार्य करें : मंत्री भगत

खाद्य मंत्री शामिल हुए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह में

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी एवं संस्कृति मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत बुधवार को नगर पंचायत अर्जुन्दा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए और अपनी शुभकामनाएँ दी। मंत्री भगत ने बाजार चैक अर्जुन्दा में आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि की आसंदी से सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में एक वर्ष में प्रदेश के विकास के बेहतर कार्य हुए हैं। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से कहा कि वे एकजुट होकर विकास के लिए कार्य करें। आमजनता की समस्याओं के निराकरण के लिए जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर संजारी बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, मानपुर मोहला विधायक इन्द्रशाह मण्डावी, डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल, नगर पंचायत अर्जुन्दा के नव निर्वाचित अध्यक्ष चन्द्रहास देवांगन, उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा चन्द्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अपर कलेक्टर एके वाजपेयी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश कुमार चन्द्राकर, अति. पुलिस अधीक्षक डी.आर.पोर्ते, एसडीएम डॉ. प्रियंका वर्मा और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

मप्र से छत्तीसगढ़ में खपाने ला रही शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

18 पेटी शराब, एक वाहन सहित आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा। जिला कबीरधाम में अवैद्य मादक पदार्थ षराब,गांजा आदि के विरूध्द अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को मध्यप्रदेष में निर्मित अवैद्य षराब जो छत्तीसगढ़ में अवैद्य तरीके से धन अर्जित करने के उदेष्य से खपाने रायपुर ले जाया जा रहा है। कि सूचना मुखबीर से प्राप्त होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक रमाकांत तिवारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वरिष्ठ अधिकारीगण से मार्ग दर्षन प्राप्त होने के बाद चिल्फी थाने के पास नाकाबंदी पांईट लगाये जाने बाबत् आदेषित किया गया था। जिस पर वाहनो का बारिकियो से चेंकिंग की जाने लगी थाना चिल्फी के पास लगे चेंकिग पांईट में वाहनो की बारिकी से चेंकिग की जा रही थी। चेंकिग के दौरान सफेद रंग की बोलेरो वाहन क्रमाक- जे. एच.-03 एन 7477 तेज गति से आ रहा था, तथा उनमें बैठा हुआ व्यक्ति की गतिविधि संदिग्ध लग रही थी, थाना चिल्फी स्टाफके द्वारा नाकाबंदी पांईट में रोककर पुछताछ व चेंकिग करने पर षंका होने से पुलिस पार्टी के द्वारा उक्त वाहन के पास जाकर चेकिंग की गयी। जिस पर वाहन में अवैध रूप से 18 पेटी गोवा षराब मिला। जिसकी कीमत 94,500 रूपये एवं बोलेरो वाहन की किमत 5,00000 रूपये में सवार 01 आरोपी अमित कुमार सिंह पिता नरेन्द्र सिंह राजपुत उम्र 34 वर्ष साकिन सिलीदाग थाना रमना जिला गढ़वा झारखण्ड के द्वारा अवैध रूप से धन अर्जित करने के लिए भारी मात्रा में षराब परिवहन करना पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध थाना चिल्फी में अपराध क्रमांक 08/2020 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत् मामला पंजीबद्ध किया जाकर 18 पेटी गोवा षराब एंव 01 बोलेरो वाहन को चिल्फी पुलिस द्वारा जप्त कर आरोपियो के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्यावाही की गयी। उक्त कार्यावाही में थाना प्रभारी चिल्फी निरीक्षक रमाकांत तिवारी, एवं आबकारी उप निरीक्षक कवर्धा नागेष श्रीवास्तव, प्र.आर. महेन्द्र नेताम, आरक्षक पंकज यादव, आरक्षक अभिषेक षर्मा, आरक्षक सुनील, आरक्षक युसुफ बंजारे, तथा चिल्फी थाना स्टाफ व आबकारी टीम कबीरधाम का विषेष योगदान रहा।

दो तस्कर गिरफ्तार, 105 पेटी शराब जब्त

कवर्धा। बुधवार को थाना प्रभारी कुकदूर उप निरीक्षक ब्रिजेष सिन्हा को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि महेन्द्रा वाहन टी यु वी 300 रंग सफेद में अवैद्य रूप से षराब परिवहन मध्यप्रदेष की ओर से छत्तीगढ़ की ओर लेकर जा रहा है। मुखबीर की सूचना के आधार पर बजाग से पण्डरिया जाने वाली मार्ग थाना के सामने नाकाबंदी लगायी गयी नाकेबंदी के दौरान रात्रि में बजाग की ओर से आने वाली सभी वाहनो की बारिकियो से चेंकिग की जाने लगी इसी दरिमियान सफेद रंग की महेन्द्रा टी यु वी 300 सी.जी. 22 जी 7457 वाहन एवं टाटा 407 पिकअप सी.जी. 22 एच 4367 वाहन को रोककर पुछताछ करने पर टी यु वी 300 के चालक के द्वारा अपना नाम तेजसिह नायक पिता षेरूनायक निवासी ग्राम लटुवा थाना व जिला बलौदाबाजार छ.ग. एवं टाटा 4707 पिकअप के चालक के द्वारा अपना नाम अनिल गुप्ता पिता स्व. नारायण प्रसाद गुप्ता उम्र 53 वर्ष सा. ग्राम हलावाई खपरी थाना बलौदाबाजार छ.ग. का होना बताया जिनके वाहन की तलाषी लेने पर टी यु वी 300 में 15 पेटी गोवा अंग्रेजी षराब मध्यप्रदेष निर्मित किमती 78,7500 रूपये वाहन टी यु वी सी.जी. 22 जी 7457 किमती 8,00000 रूपये को जप्त की गयी एंव टाटा 407 पिकअप में 90 पेटी गोवा अंग्रेजी षराब मध्यप्रदेष निर्मित किमती 47,2500 रूपये वाहन टाटा 407 किमती 6,00000 रूपये को जप्त कर आरोपी तेजसिंह नायक एंव अनिल गुप्ता को विधिवत् गिरफ्तार कर उनके विरूध्द धारा 34(2) आबकारी एक्ट अपराध पंजीबध्द कर न्यायल पेष कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। उक्त कार्यावाही में निरीक्षक अनिल षर्मा थाना प्रभारी पण्डरिया एव थाना प्रभारी कुकदूर उप निरीक्षक ब्रिजेष सिन्हा सउनि लक्ष्मीकांत षुक्ला, डी एन यादव, प्र.आर. मनोज तिवारी, कुंजीराम नेताम आरक्षक विजय षर्मा, हितेष ठाकुर, उमाषंकर जायसवाल, दिनेष धुर्वे, घनाराम मरकाम,रामकुमार ष्याम सहा.आरक्षक षिवचरण यादव,सैनिक तुलसीराम की सराहनीय भूमिका रही। इस कार्यावाही के लिये पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेंद सिंह द्वारा पण्डरिया व बोड़ला अनुविभागी अधिकारियो तथा चिल्फी/कुकदूर प्रभारियों एव टीम को बधाई दी गयी। तथा इसी तरह निरंतर कार्य करने निर्देषित भी किया गया।

नगर पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने संभाला पदभार

नवप्रदेश संवाददाता

डौण्डी। नगरपंचायत डौण्डी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सोमेश सोरी व उपाध्यक्ष डॉक्टर रूपेश नायक सहित पार्षदो ने बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे तथा कार्यभार संभालने से पहले पूजा अर्चना की और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दोपहर साढ़े बारह बजे अपना पदभार संभाल लिया।

इस दौरान मण्डल अध्यक्ष मनीष झा, छगन यदु,दिनेश अग्रवाल, रामनारायन धनकर,जीवन धनकर, लाल चंद जैन,अजय चौहान, मदन जैन अतिथि के रुप में मौजूद रहे। कामकाज संभालने के बाद नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष ने सब के साथ मिलकर नगर के सर्वांगीण विकास एवं नगर में व्याप्त समस्याओं का समाधान कराने का भरोसा दिलाया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष रूपेश नायक ने भी पदभार संभालने के बाद आमजन का आभार जताया।

नगर अध्यक्ष सोमेश सोरी ने बताया कि नगरवासियों के विश्वास पर खरा उतरना बॉडी का पहला कार्य होगा। इसके लिए पार्टी की ओर से मिशन में जो-जो वादे किए गए थे उन्हें प्राथमिकता से कराने के लिए कोई कोर कसर नहीं रखी जाएगी। इसमें पक्ष एवं विपक्ष कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे। नगर के विकास के लिए जो भी सुझाव आएंगे उन पर मिलकर काम करेंगे। उक्त कार्यक्रम में पार्षदो में मतरमदास कोसरे,संजीव मानकर,रेखा चौहान, चांदनी दीक्षित ,देवेंद्र तारम, पूर्व अध्यक्ष खिलेन्द्र भुआर्य, उपाध्यक्ष संतोष डेविड, सुनीता निषाद,पल्टन भुआर्य, एल्डरमेन अश्विनी जायसवाल, जमुना बाई कोसमा सहित नगर के गणमान्य जन में पूनम कोठारी,संतोष ढेलड़िया,रूपेश ढेलडिया,पदुम सोनी,आधार सिंह ठाकुर,साधना सोरी,राधिका भरद्वाज उपस्थित थे।

सरस्वती संस्कार केन्द्र प्रारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

डौंडी। विद्याभारती सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में सरस्वती संस्कार केंद्र का उद्घाटन आज सम्पन्न हुआ। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर अतिथियों ने शिक्षा और संस्कार का छोटा सा केंद्र समाज को समर्पित किया, जिसके मुख्य अतिथि सरस्वती शिक्षा संस्थान के संगठन मंत्री डॉ. देवनारायण साहू, विशेष अतिथि राजेंद्र राठी एवं अध्यक्षता नगर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सोमेश सोरी थे। उद्घाटन के पश्चात उपस्थित जनो को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सरस्वती संस्कार केंद्र सेवा बस्ती के बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देकर उन्हें आगे बढ़ाने वाला केंद्र है। इस केंद्र में पहली से छठवीं तक के छात्र 2 घंटे शाम को आकर शिक्षा प्राप्त करेंगे। श्री सोमेश सोरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह काम बहुत पहले ही हो जाना था। नगर के बच्चों को यह केंद्र संस्कारित करेगा। उन्होंने दीदीयों से आग्रह किया कि अपने ज्ञान एवं शिक्षा से नव निहाल बच्चों को देश के माटी एवं संस्कृति से जोडे। जीवन मूल्य का ज्ञान दे।

इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर दल्ली राजहरा की दीदी ज्योति विश्वकर्मा एवं सुमन विश्वकर्मा ने गीत एवं भजन से सबको भाव विभोर कर दिया। शांति मंत्र के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में सरस्वती संस्कार केंद्र के प्रांत प्रमुख चन्द्रकुमार डडसेना, दल्ली राजहरा नगर संघचालक राजेंद्र राठी, नगर उपाध्यक्ष डॉ. रुपेश नायक, पार्षद ममता जैन, संजीव मानकर, सुनिता निषाद आदि उपस्थित थे।

आर्ट ऑफ लिविंग : बालोद के तीन डीडीसी मनोनीत

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम बैंगलोर द्वारा बालोद जिले के डीडीसी (डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कमेटी) के मेंबर के रूप में श्रीमति दुर्गेश नंदिनी यादव, चंद्रशेखर पशीने व शरद सिंह को मनोनीत किया गया। बैंगलोर से प्राप्त मनोनयन पत्र इन तीनो सदस्यों को आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षकों व वालंटियर्स की उपस्तिथि में सोमवार की एक विशेष बैठक में प्रदान किया गया।

इनका कार्यकाल 2 वर्षो का होगा। संस्था के सभी सदस्यों ने मनोनीत डीडीसी सदस्यों को बधाई व शुभकामनाए प्रदान की। इन डीडीसी मेंबर्स ने जिले में आर्ट ऑफलिविंग की गतिविधियों के विस्तार तथा गुरुदेव परम पूज्य श्रीश्री रविशंकरजी के ज्ञान को अधिक से अधिक लोगो तक पहुचाने का संकल्प लिया। इस विशेष बैठक में आर्ट ऑफ लिविंग के बसंत अग्रवाल, अशोक आहूजा, संतोष दुबे, भूपेंद्र साहू, अश्विनी मिश्रा, लक्ष्मीकांत साहू, समीर गुप्ता, डोमन साहू, तोमन साहू, विनोदिनी यादव, नीलेश देशमुख, करुणेश देवहरे, निखिलेश मिश्रा, अमरप्रीत कौर, अंजलि जाना, विमिता गर्ग, राधिका गुप्ता सहित अन्य सदस्य भी शामिल हुए। यह समस्त जानकारी जिला शिक्षक समन्वयक धीरज शर्मा ने दी।

फुगड़ी प्रतियोगिता में बालोद की कुमारी तृप्ति द्वितीय नंबर पर

डौण्डी (नवप्रदेश)। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव2020 प्रतियोगिता में डौण्डी ब्लॉक के शासकीय उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर की बिटिया कु. तृप्ति कक्षा बारहवीं के छात्रा ने बड़े ही सूझ बूझ तरीके से स्ट्रेस प्रबंधन कर फुगाडी में अपना सिक्का जमाते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर बालोद जिले का नाम रौशन किया। राज्य स्तरीय दल के सहायक दल प्रबंधक श्री चंद्रशेखर पवार रेडक्रॉस जिला प्रभारी ने दूरभाष से अवगत कराया। जिला खेल अधिकारी नरेन्द्र ठाकुर व दल प्रबंधक एस.के.जेना जी के कुशल मार्गदर्शन मे बालोद की इस बालिका ने अपना सिक्का जमाते हुए बालोद जिले का नाम रौशन किया।राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य के मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कर कमलो से पुरस्कार पाकर गौरवपूर्ण ढंग से अपनी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का सफर पूरा किया है जिसका जिले के जिला शिक्षा अधिकारी आर एल ठाकुर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर. आर. ठाकुर, शासकीय उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर के प्राचार्य बी के बहुरूपी सहित समस्त शासकीय उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर शाला परिवार ने हर्ष व्यक्त कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

मकर संक्रांति में गंगा स्नान मेला और योग सत्र का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। मकर सक्रांति के पावन अवसर पर ग्राम जैतपुरी 6 रामचुआ 8 गंगा स्नान मेला में प्रातः कालीन नियमित योग सत्र जो कि असम राज्य योग निरीक्षक रामअवतार आर्य के द्वारा स्थापित नियमित योग कक्षा में मुख्य योग शिक्षक हरिराम के द्वारा संचालित हो रहा है जिसमें बुधवार को ग्राम पोंड़ी से ब्रम्हचारी हीरालाल, ओमप्रकाश के द्वारा योग एवं यज्ञ कराया गया । जिसमे उपस्थित योग साधक दिनेश, गोविंदा, हेरम, बहन भगवती,गौरी, आदि उपस्थित थे।

अच्छी पहल पीड़ित परिवार की मदद के लिए उठे हाथ, 50 हजार एकत्र कर दी मदद

जन सहयोग से पीड़ित परिवार की हुई बड़ी आर्थिक मदद

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। वनांचल क्षेत्र के कुछ समिति और समाज के लोगो सहित ग्रामवासियो ने बीमारी से पीडित व्यक्ति के लिए जनसहयोग से राषि एकत्रित कर पचास हजार रूपय उस गरीब परिवार को उपचार के लिए उपलब्ध कराया है। आज के भागते दौडते जिदंगी मे जहां लोग एक दूसरे से मिल भी नही पाते वही इन सभी की पहल से मद् के लिए सैकडो हाथ उठ गए। और पीडित परिवार को इन सभी का सहयोग भी मिला है। ज्ञात हो कि जिले के दूरंचल भरेवा (पूरन) में पुक्कल सतनामी उम्र 20 वर्ष पिता भोकाडी का अचानक रीढ की हड्डी काम करना बंद कर दिया एवं पेट में सूजन जैसी शिकायत भी हो गई। ग्रामवासियों में अफ्रा तफ्री मच गया साथ ही मोबाइल के माध्यम से यह जानकारी चंद्राकर युवा कल्याण समिति के संरक्षक यशवंत चंद्राकर को दिया गया । उन्होंने तत्काल पीड़ित के घर पहुंचा एवं गरीब पुक्कल के इलाज हेतु जन सहयोग की अपील की । जिसमें स्वयं1100 देकर अपने करीबियों को फोन से घटना की जानकारी दिया, जिससे प्रभावित होकर रामकुमार 5,000 मोहन कुर्रे गिरधारी कापा 10,000 गिरीश चंद्राकर खरहट्टा 5,000 मुकेश चंद्राकर भरेवा (पूरन) 5,000 डुलेश्वर चंद्राकर अध्यक्ष किसान संघ जिला कबीरधाम 2,000 सतनाम सेवा समिति भरेवा पूरन 5,000 सुखनंदन चंद्राकर 2,500 इस तरह से जन सहयोग से लगभग अन्य लोगों से भी राशि इकट्ठा कर चंदा कर पीड़ित परिवार के लिए मुंगेली से प्राइवेट एंबुलेंस बुलाकर समस्त कागजी कार्रवाई तैयार करके अपने दो साथी के साथ राजधानी रायपुर स्थित मेकाहारा अस्पताल के लिए रवाना किया। इस घटना की जानकारी चंद्राकर युवा कल्याण समिति के संरक्षक यशवंत चंद्राकर ने जिस किसी भी व्यक्ति को दिया उन्होंने सहज ही पुक्कल सतनामी के लिए सहयोग राशि प्रदान किया।

विगत दिनों से अब मेकाहारा में भर्ती हुए पुक्कल का स्थिति सुधार में है। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि चंद्राकर जी इस तरह के पहल गांव , गरीब और जनता के लिए अपने कार्यकाल में करते आ रहे हैं । कुछ दिनों पूर्व ही कुमारी अंजना निषाद को घेघा के समकक्ष रोग की शिकायत हो गई थी 2 वर्षीय अंजना के लिए भी चंद्राकर के द्वारा इस तरह का पहल किया गया था । जिससे जनप्रतिनिधि के साथ ही साथ संवेदनशील दानदाता ,क्षेत्रवासी एवं शासन- प्रशासन ने सहयोग कर अंजना को बीमारी से मुक्ति दिलाई थी। आज वही स्थिति भरेवा (पूरन) निवासी पुक्कल सतनामी के लिए दोहराई जा रही है । ग्रामवासियों एवं संवेदनशील दानदाताओं के सहयोग से पुक्कल का बीमारी समूल नष्ट होने की संभावना है एवं उनके घर में एक बार फिर से खुशी की लहर दौड़ने वाली है।

दानदाताओं में दुलेश्वर चंद्राकर जिलाध्यक्ष किसान संघ ,यशवंत चंद्राकर, डिंडोरी भास्कर, मनोज चंद्राकर, अर्जुन जांगड़े ,मुन्ना चंद्राकर, मोहन जांगड़े, विजय जांगड़े,दीपक चन्द्राकर राजकुमार रात्रे, फगु दास कोटवार, पुररू यादव, गणेश यादव ,जगन सतनामी, रेशम, धरम, दयाल एवं उमेदी ,डीसी पुररू यादव ,कलम आदि दानदाताओं ने सहयोग कर अपनी संवेदनशीलता दिखाई।

इंटरनैशनल क्रिकेट कांउसिल अवार्ड | विराट कोहली को मिला खेल भावना पुरस्कार

रोहित: क्रिकेटर ऑफ द ईयर

भारत के सीमित ओवरों को उपकप्तान रोहित शर्मा को वर्ष 2019 में एकदिवसीय क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी अवाडर्स में वनडे क्रिकेटर ऑफद ईयर चुना गया है जबकि भारतीय कप्तान विराट कोहली को खेल भावना पुरस्कार और भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर को टी-20 में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के लिए चुना गया है।

इंटरनैशनल क्रिकेट कांउसिल ने बुधवार को आईसीसी अवॉर्ड का ऐलान किया है। इसमें कोहली, रोहित सहित कई भारतीय क्रिकेटरों को अहम अवॉर्ड मिला। भारतीय टीम के उपकप्तान रोहित शर्मा को 2019 में जोरदार प्रदर्शन के लिए वनडे क्रिकेटर ऑफद इयर चुना है, जबकि टेस्ट में यह अवॉर्ड पैट कमिंस के नाम गया है।

दुबई (वार्ता)। रोहित, विराट और दीपक को आईसीसी पुरस्कारों में चुने जाने ने भारत को ऑस्ट्रेलिया के हाथों कल मुंबई में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली 10 विकेट की करारी हार के जख्मों पर मरहम का काम किया है। इंग्लैंड के आलराउंडर बेन स्टोक्स को आईसीसी प्लेयर ऑफद ईयर चुना गया है जिसके लिए उन्हें सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आईसीसी अवॉर्ड्स की घोषणा कर दी है। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस को टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया है।

32 साल के रोहित को वनडे क्रिकेटर ऑफद ईयर चुना गया है। रोहित ने इंग्लैंड में हुए विश्व कप-2019 के दौरान रिकॉर्ड पांच शतक जमाए थे।उन्होंने पिछले साल कुल सात शतकों सहित कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक 1490 रन बनाए थे। भारतीय ओपनर ने 28 वनडे मुकाबलों में 57.30 के औसत से यह उपलब्धि हासिल की। रोहित ने विश्व कप में नौ पारियों में 81 के औसत से 648 रन बनाये थे।

भारतीय कप्तान और विश्व के नंबर एक बल्लेबाज विराट को खेल भावना पुरस्कार के लिए चुना गया है। विराट ने इंग्लैंड में हुए विश्व कप के दौरान दर्शकों से ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीवन स्मिथ की हूटिंग न करने की अपील की थी। स्मिथ गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण में एक वर्ष का प्रतिबंध झेलने के बाद क्रिकेट में वापसी कर रहे थे।

विराट ने स्मिथ के लिए तालियां बजाने का आग्रह किया था। दरअसल मैच में विराट बल्लेबाजी कर रहे थे। उस समय स्मिथ बाउंड्री के पास फील्डिंग कर कर रहे थे। वहां मौजूद दर्शकों ने स्मिथ को चिढ़ाना शुरू कर दिया था और तब विराट ने दर्शकों को ऐसा करने से रोका था।

विराट को इसके अलावा वर्ष की आईसीसी टेस्ट और वनडे टीमों का कप्तान भी चुना गया है। यह लगातार तीसरा वर्ष है जब विराट को आईसीसी की टेस्ट और वनडे टीमों का कप्तान चुना गया है। विराट ने 2018 और 2019 में भी यह उपलब्धि हासिल की थी।

तेज गेंदबाज दीपक चाहर को सर्वश्रेष्ठ टी-20 गेंदबाजी के लिए चुना गया है। चाहर ने पिछले साल नवंबर में बंगलादेश के खिलाफ 7 रन देकर 6 विकेट झटके थे और पुरुषों के टी-20 इंटरनेशनल मैच सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया था। चाहर के स्पैल को आईसीसी ने टी-20 इंटरनेशनल परफॉर्मेंस ऑफद ईयर करार दिया है।

इंग्लैंड के स्टार आलराउंडर स्टोक्स को आईसीसी अवार्ड्स के सबसे बड़े पुरस्कार प्लेयर ऑफद ईयर के लिए चुना गया है और इसके लिए उन्हें सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी से नवाजा जाएगा। स्टोक्स के दम पर इंग्लैंड ने पहली बार विश्व कप जीता। 28 साल के स्टोक्स ने एशेज के दौरान लीड्स टेस्ट में नाबाद 135 रनों की जोरदार पारी खेली थी।

आईसीसी अवार्ड में छाए रोहित, कोहली और चहर

रो-हिटमैन शर्मा
बेजोड़ फॉर्म में चल रहे रोहित ने 28 मैचों में 1490 रन बनाए थे, जबकि वर्ल्ड कप में रेकॉर्ड 5 शतक ठोके थे

- बेस्ट क्रिकेटर ऑफ द इयर- बेन स्टोक्स (इंग्लैंड)
- वनडे क्रिकेटर ऑफ द इयर - रोहित शर्मा
- टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द इयर - पैट कमिंस (आस्ट्रेलिया)
- टी-20 परफारमेंस आफ द इयर: दीपक चहर
- इमर्जिंग क्रिकेटर आफ द इयर - मार्नस लाबुशाने (आस्ट्रेलिया)
- आसोसिएट क्रिकेटर ऑफ इद इयर- काइल कोट्जर (स्कॉटलैंड)
- स्पिरिट ऑफ क्रिकेट अवार्ड- विराट कोहली
- आंपायर ऑफ द इयर- रिचर्ड इलिंगवर्थ (इंग्लैंड)

मुझे चौथे नंबर पर खेलने के बारे में दोबारा सोचना होगा: विराट कोहली

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत को ऑस्ट्रेलिया के हाथों मुंबई में पहले वनडे में मिली 10 विकेट की शर्मनाक शिकस्त ने भारतीय कप्तान विराट कोहली को चौथे नंबर पर खेलने को लेकर दोबारा सोचने पर मजबूर कर दिया है।

विराट इस क्रम पर खेलने उतरे और फ्लॉप रहे जिसके बाद उन्होंने कहा है कि उन्हें चार नंबर पर खेलने के बारे में दोबारा सोचना होगा। वैसे भी चार नंबर का स्थान भारत के लिए पिछले दो वर्षों में सबसे बड़ा सिरदर्द बना हुआ है और अब तक इसका कोई हल नहीं निकल पाया है। नियमित ओपनर रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम में लौटे जबकि इससे पहले श्रीलंका के खिलाफटी-20 सीरीज से उन्हें विश्राम दिया गया था। शिखर धवन और लोकेश राहुल दोनों अच्छा खेल रहे थे। तीनों को ही पहले वनडे में उतारा गया जिससे विराट को चौथे नंबर पर खेलने उतरना पड़ा। इससे पहले श्रीलंका के खिलाफआखिरी टी-20 में विराट छठे नंबर पर खेलने उतरे थे। विराट के चौथे नंबर पर आने के कारण केदार जाधव एकादश में जगह नहीं बना सके। रोहित 10 रन बनाकर आउट हुए जबकि शिखर ने 74 और राहुल ने 47 रन बनाये। विराट 16 रन ही बना सके। उन्हें लेग स्पिनर एडम जम्पा ने अपनी ही गेंद पर लपका। जनवरी 2015 के बाद से विराट ने चार नंबर पर खेलते हुए 16, 7, 12, 11, नाबाद 3 और 4 जैसे मामूली स्कोर बनाये हैं। विराट ने अपने करियर में तीसरे नंबर पर खेलते हुए 180 मैचों में 36 शतकों और 45 अर्धशतकों की मदद से 9509 रन बनाये हैं जबकि चार नंबर पर उन्होंने 39 मैचों में सात शतकों और आठ अर्धशतकों की मदद से 1767 रन बनाये हैं।

सिर पर चोट के बाद ऋषभ पंत मेडिकल टीम की निगरानी में

मुंबई (वार्ता)। भारत के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे के दौरान तेज गेंदबाज पैट कमिंस की गेंद सिर पर लगने की बाद मेडिकल टीम की निगरानी में रखा गया है। पंत मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए पहले वनडे में बल्लेबाजी कर रहे थे कि भारतीय पारी के 44वें ओवर में उन्होंने कमिंस की बाउंसर पर शाट मारने का प्रयास किया लेकिन तेजी से उठी गेंद पंत के बल्ले का किनारा लेकर उनके हेलमेट से टकरा कर उछल गयी। गेंद लगने के बाद उन्हें चक्कर आ रहे थे और वह ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी के दौरान विकेटकीपिंग करने नहीं उतरे। उनकी जगह लोकेश रहगुल ने विकेटकीपिंग की। पंत के हेलमेट पर लगकर हवा में उछली गेंद को एश्टन टर्नर ने लपक लिया। पंत में 33 गेंदों का सामना किया और 28 रन में दो चौके व एक छक्का लगाया। पंत को सिर पर गेंद लगने के बाद मैदान पर तुरंत उपचार की जरूरत नहीं पड़ी थी और वह खुद से अकेले ही ड्रेसिंग रूम चले गए थे।

विराट कोहली वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान

भारतीय कप्तान विराट कोहली को आईसीसी वनडे और टेस्ट दोनों टीमों का कप्तान चुना गया है। वनडे में विराट के अलावा जहां रोहित शर्मा, मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव अन्य भारतीय हैं तो टेस्ट में मयंक अग्रवाल को ओपनर के तौर पर शामिल किया गया है।

वनडे टीम ऑफद इयर:

रोहित शर्मा, शाई होप, विराट कोहली (कप्तान), बाबर आजम, केन विलियमसन, बेन स्टोक्स, जोस बटलर (विकेटकीपर), मिशेल स्टार्क, ट्रेंट बोल्ट, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव

टेस्ट टीम ऑफद इयर:

मयंक अग्रवाल, टॉम लाथम, मार्नस लाबुशाने, विराट कोहली (कप्तान), स्टीव स्मिथ, बेन स्टोक्स, वाटलिंग, पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, वाग्नर और नाथन लियोन

भारत की जिम्बाब्वे पर संघर्षपूर्ण जीत

जोहानसबर्ग (वार्ता)। खिताब के प्रबल दावेदार भारत ने अंडर-19 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अभ्यास मैच में जिम्बाब्वे की टीम को कड़े संघर्ष में 23 रन से हरा दिया। भारतीय टीम चार देशों का अंडर-19 टूर्नामेंट जीतकर विश्व कप में उतर रही है। भारत ने अपने पहले अभ्यास मैच में अफगानिस्तान को 211 रन के बड़े अंतर से हराया था लेकिन दूसरे मैच में मंगलवार को जीत हासिल करने के लिए उसे पसीना बहाना पड़ गया। भारत ने तिलक वर्मा (73 रिटायर्ड नाबाद) और कप्तान प्रियम गर्ग (73) के शानदार अर्धशतकों तथा कुमार कुशाग्र (36) और अथर्व अंकोलेकर नाबाद (31) के उपयोगी योगदान से 49.5 ओवर में 295 रन का मजबूत स्कोर बनाया। जिम्बाब्वे की टीम ने भारत के स्कोर का जोरदार ढंग से पीछा किया।

न्यूजीलैंड दौरे में कप्तानी संभालेंगी रानी

नई दिल्ली (वार्ता)। स्ट्राइकर रानी न्यूजीलैंड के 25 जनवरी से शुरू होने वाले दौरे में 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की कमान संभालेंगी। हॉकी इंडिया ने इस दौरे के लिए मंगलवार को टीम घोषित की जिसमें गोलकीपर सविता को उपकप्तान बनाया गया है। भारतीय टीम इस दौरे में कुल पांच मैच खेलेगी जिसमें एक मैच ब्रिटेन के खिलाफ चार फरवरी को होगा। दौरे का समापन पांच फरवरी को न्यूजीलैंड की टीम से मैच के साथ होगा।

टीम इस प्रकार है: रानी (कप्तान), सविता(उपकप्तान), रजनी एतिमारपु, दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, रीना खोखर, सलीमा टेटे, सुशीला चानू, निशा, नमिता टोप्पो, उदिता, मोनिका, लिलिमा मिंज, नेहा, सोनिका, शर्मीला देवी, नवनीत कौर, लालरेमसियामि, वंदना कटारिया, नवजोत कौर

राष्ट्रीय पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता 10 से

डेहरी ऑन सोन (वार्ता)। बिहार के रोहतास जिले में डेहरी ऑन सोन स्थित बिहार सैन्य पुलिस(बीएमपी)-दो में 20वीं अखिल भारतीय पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता 10 से 15 फरवरी तक होगी और इसकी तारीख तय होते ही प्रतियोगिता की तैयारी को अंतिम रूप देने में अधिकारी जुट गए है। पुलिस अधीक्षक सह बीएमपी-दो के समादेष्टा सत्यवीर सिंह ने बुधवार को यहां बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली इस प्रतियोगिता की तैयारियो को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रतियोगिता के लोगो का अनावरण दो दिनों पूर्व पुलिस महानिदेशक ने किया है। देश के जवानों की शूटिंग की कुशलता को मापने के लिए सभी इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने में जुटे हुए हैं। रंग रोगन, झाड़ियों की सफाई,करीने से सभी के जरूरतों के हिसाब से ग्राउंड बनाए जा रहे हैं।

टाटा ओपन में हिस्सा लेंगे ट्रोइकी और हास

सर्बिया के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी विक्टर ट्रोइकी और हॉलैंड के रोबिन हास यहां महालुंगे बालेवाड़ी स्टेडियम में एक तथा दो फरवरी को टाटा ओपन महाराष्ट्र टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण के क्वालीफाइंग राउंड में खेलेंगे।

पुणे (वार्ता)। पूर्व वर्ल्ड नम्बर-12 ट्रोइकी ने रविवार को वर्ल्ड नम्बर-2 नोवाक जोकोविक के साथ खेलते हुए अपने देश सर्बिया को एटीपी कप फाइनल में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। एटीपी कप जीतने के साथ 33 साल के ट्रोइकी सभी तीन मेजर टीम प्रतियोगिता (डेविस कप 2010 और वर्ल्ड टीम कप 2009 तथा 2012) जीतने वाले टेनिस इतिहास के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। पूर्व वर्ल्ड नम्बर-33 हास इस टूर्नामेंट के लिए जाना-पहचाना चेहरा हैं। हास अपने देश के माटवे मिडिलकूप के साथ टूर्नामेंट के पहले संस्करण में युगल खिताब जीत चुके हैं। 32 साल के हास बीते संस्करण में भी खेले थे और अब वह क्वालीफायर के माध्यम से अपना आगे का सफर जारी रखने का प्रयास करेंगे। टाटा ओपन महाराष्ट्र के टूर्नामेंट डायरेक्टर प्रशांत सुतार ने कहा, ÷इस साल 14 टॉप क्लास खिलाड़ी क्वालीफायर्स में हिस्सा ले रहे हैं। हम मुख्य दौर में जगह बनाने के लिए इनके बीच जोरदार प्रतिस्पर्धा की उम्मीद किए हुए हैं। भारत के 30 साल के प्रजनेश गुणेश्वरन, सुमित नागल और रामकुमार रामनाथन भी क्वालीफायर्स में खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं। एटीवी ने यह सूची मंगलवार को जारी की। वर्ल्ड नम्बर-122 प्रजनेश और वर्ल्ड नम्बर-130 नागल क्वालीफाइंग की बाधा पार कर मुख्य दौर में जगह बनाने का प्रयास करेंगे। 2012 विंबलडन के दूसरे दौर में स्पेन के राफेल नडाल को हराने वाले चेक गणराज्य के लुकास रोसोल भी क्वालीफाइंग राउंड्स में हिस्सा लेंगे।

किस्मत का खेल | इस चैंपियनशिप में बड़ी संख्या में खिलाड़ी लाइव टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे

पोकर चैंपियनपशिप का आगाज़, 5 करोड़ का ईनाम

भारत में पोकर को बतौर एक खेल नया मंच देने के लिये गोवा के पणजी में 14-19 जनवरी तक चलने वाली पांच करोड़ रूपये की भारी भरकम ईनामी राशि पोकर चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है जिसकी शुरूआत काफी धमाकेदार अंदाज़ में हुई।

स्पार्टन पोकर के सह संस्थापक अमीन रोजानी ने कहा, पोकर को देश में लोकप्रिय बनाने और इसे एक खेल के तौर पर बढ़ाने के लिये यह चैंपियनशिप बहुत अहम है। स्पार्टन पोकर में युवाओं का प्रतिशत 2015 में इसकी शुरूआत के बाद से करीब 300 फीसदी बढ़ा है। उन्होंने साथ ही बताया कि पोकर खेलने वाले खिलाड़ियों में 25 से 35 आयु वर्ग के पुरूषों का प्रतिशत करीब 80 से 85 फीसदी है जबकि अभी महिलाओं की संख्या कम है जो धीरे धीरे बढ़ रही है।

पणजी (वार्ता)। ताश के इस खेल पोकर को अभी तक रोमांच और मनोरंजन से ही जोड़कर देखा जाता रहा है, लेकिन अब भारत में पोकर के दीवानों की लगातार बढ़ती संख्या और खासकर युवाओं में इसकी चाहत को देखते हुये पोकर को बतौर खेल स्थापित करने के लिये पोकर चैंपियनशिप जैसे टूर्नामेंटों का लगातार आयोजन किया जा रहा है।

पणजी के बिग डैडी कैसिनो में आयोजित इस चैंपियनशिप में बड़ी संख्या में खिलाड़ी लाइव टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं जिसकी ईनामी राशि करीब पांच करोड़ रूपये रखी गयी है जिसके विजेता को पोकर चैंपियन 2020 के खिताब से नवाजा जाएगा। इसके बाद 24 जनवरी से 9 फरवरी तक ऑनलाइन पोकर चैंपियनशिप की शुरूआत की जाएगी जिसकी ईनामी राशि करीब 16 करोड़ रूपये रखी गयी है, जिसे स्पार्टन पोकर डॉट काम पर खेला जाएगा।

गोवा के कैसिनो में पोकर चैंपियनशिप की शुरूआत के साथ 2019 के सत्र विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। पिछले सत्र में राज तलवार और प्रणय चावला विजेता बने थे। राज ने कहा,÷यह खेल पहले रोमांच से जोड़कर देखा जाता था लेकिन इसमें रणनीति, एकाग्रता और प्रतिभा की ज़रूरत होती है, इसलिये यह जुए से कहीं बढ़कर है। स्पार्टन पोकर के सह संस्थापक अमीन रोजानी ने कहा,÷पोकर को देश में लोकप्रिय बनाने और इसे एक खेल के तौर पर बढ़ाने के लिये यह चैंपियनशिप बहुत अहम है। स्पार्टन पोकर में युवाओं का प्रतिशत 2015 में इसकी शुरूआत के बाद से करीब 300 फीसदी बढ़ा है।÷ उन्होंने साथ ही बताया कि पोकर खेलने वाले खिलाड़ियों में 25 से 35 आयु वर्ग के पुरूषों का प्रतिशत करीब 80 से 85 फीसदी है जबकि अभी महिलाओं की संख्या कम है जो धीरे धीरे बढ़ रही है। पोकर में करोड़ों की धनराशि के कारण पारदर्शिता कायम करने को लेकर रोजानी ने कहा,÷खेल के दौरान जितने भी वित्तीय लेनदेन होते हैं उसकी पूरी रिकार्डिंग की जाती है।

विजयी चौका लगाने को तैयार ओडिशा एफसी

हैदराबाद (वार्ता)। घर में जीत की हैट्रिक लगाने के बाद फॉर्म में चल रही ओडिशा एफसी बुधवार को यहां जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में मेजबान हैदराबाद एफसी की चुनौती का सामना करेगी। ओडिशा की नजरें हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सीजन में विजयी चौका लगाने पर लगी हुई है। कोच जोसेफगोम्बाउ की टीम ओडिशा एफसी 12 मैचों में पांच जीत के साथ 18 अंक लेकर अंकतालिका में इस समय चौथे नंबर पर है। वहीं, हैदराबाद की टीम लगातार तीन मैच हार चुकी है और ऐसे में ओडिशा को पता है कि अगर वह एक और जीत दर्ज करती है तो वह खुद को अंकतालिका में एक स्थान ऊपर पहुंचा देगी। हैदराबाद एफसी ने 12 मैचों में केवल पांच होने के बाद अपने कोच फिल ब्राउन को बर्खास्त कर दिया है और उनकी जगह बेंगलुरू एफसी के पूर्व कोच अल्बर्ट रोका को नया कोच नियुक्त किया है। रोका अगले सीजन से पदभार संभालेंगे, लेकिन वह सीजन के बाकी बचे मैचों में हैदराबाद को सलाह देंगे। मिडफील्डर मार्को स्टानकोविक के निलंबन होने के कारण हैदराबाद की मुश्किलें और बढ़ गई है। ऐसे में आदिल खान और रोहित कुमार जैसे खिलाड़ियों को ओडिशा के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। हैदराबाद की टीम इस सीजन में अब तक एक भी क्लीन स्वीप हासिल नहीं कर पाई है और टीम ने पिछले पांच मैचो में 15 गोल खाए हैं।

न्यूज गैलरी

राजिम माघी पुन्नी मेला की तैयारी शुरू

रायपुर। राजिम माघी पुन्नी मेला की तैयारी शुरू हो गई है। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री ताम्रध्वज साहू 17 जनवरी को मेला आयोजन की तैयारियों के संबंध में केन्द्रीय समिति की बैठक लेंगे। यह बैठक सांस्कृतिक भवन राजिम में शाम 5 बजे होगी। बैठक में रायपुर संभाग के कमिश्नर, रायपुर, गरियाबंद एवं धमतरी जिले के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक, प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल, संचालक संस्कृति एवं पुरातत्व, मुख्य वन संरक्षक और लोक निर्माण, जल संसाधन तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता उपस्थित रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने दी सेना दिवस की बधाई

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारतीय सेना के जवानों और अधिकारियों को आर्मी-डे की बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि शांति, युद्धकाल और संकट के समय वे हमारी सुरक्षा, राहत और बचाव का कार्य करते हैं। देश की निःस्वार्थ सेवा के लिए हम सब सेना के जवानों के सदैव ऋणी रहेंगे।

पीसीसी प्रभारी पुनिया कल आएंगे राजधानी

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं कांग्रेस संचार विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया कल 16 जनवरी गुरुवार को शाम 7.15 बजे नियमित विमान सेवा द्वारा दिल्ली से रायपुर पहुंचेंगे। श्री पुनिया रायपुर पहुँच कर वरिष्ठ कांग्रेस जनों से चर्चा करेंगे। श्री पुनिया 17 जनवरी को दोपहर 12 बजे इंडोर स्टेडियम रायपुर में नगरीय निकाय चुनाव में नवनिर्वाचित महापौर, सभापति, नगर पालिका और नगर पंचायतों के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष एवं पार्षदों का सम्मान समारोह में शामिल होंगे। वे शाम 7.30 बजे रायपुर से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

14 वन क्षेत्रपाल बने सहायक वन संरक्षक

रायपुर। वन विभाग में पदस्थ 14 वनक्षेत्रपालों का प्रमोशन आदेश मंगलवार को विभाग ने जारी कर दिया है। इन वनक्षेत्रपालों को पदोन्नति देते हुए सहायक वन संरक्षक बनाया गया है। वन विभाग से जारी पदोन्नति आदेश में जिन वनक्षेत्रपालों को सहायक वन संरक्षक बनाया गया है। उनमें एल के दुबे, उदल राम बसंत, कोमल दास धृतेश, एसए खान, मधुसूदन डोंगरे, संजय त्रिपाठी, आरके मण्डले, मिथुनचंद डाहिरे, टीआर वमा, एमके यदु, प्रहलाद यदु, प्रहलाद यादव, मनोज कुमार चद्राकर, वायके डहरिया, तथा आनंद कुदरिया का नाम शामिल है।

अय्यप्पा मंदिर में सुबह से लगी भक्तों की कतार

रायपुर। मकर संक्रांति के अवसर पर टाटीबंध स्थित भगवान अय्यप्पा मंदिर में सुबह 4.30 बजे प्रभात फेरी एवं निर्माल्य दर्शन के साथ ही भगवान अय्यप्पा का अभिषेक पुजारियों द्वारा विधि विधान से किया गया। तेलगु समाज द्वारा विविध धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही शाम को 5.30 बजे दीप अलंकार लक्षदीप महोत्सव का आयोजन किया गया है। भगवात अय्यप्पा के दर्शन के लिए पवित्र 18 सीढ़ियों को चढ़कर द्वार खुलने पर श्रद्धालुओं ने कतार में लग कर भगवान के दर्शन किए।

रायपुर (नवप्रदेश)। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शासकीय शालेय खेल प्रतिस्पर्धा का आज उद्घाटन दानी कन्या शाला में समारोह पूर्वक हुआ। फोटो : महादेव तिवारी

नगरीय निकायों के विकास के लिए है पर्याप्त राशि : डॉ. महंत

विधानसभा अध्यक्ष डॉ महंत ने मिलजुल कर विकास कार्य करने की दी प्रेरणा

नव निर्वाचित पदाधिकारियों को दी शुभकामनाएं

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि नागरिकों के विश्वास के अनुरूप नगर के विकास के लिए जिम्मेदारी मिली है। आपस में सहयोग एवं मिलजुल कर नगर की प्रतिष्ठा के अनुरूप विकास कार्य करें। राज्य सरकार द्वारा नगरीय निकायों के विकास के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध करवाई जा रही है। पूरी निष्ठा, ईमानदारी और लोगों के विश्वास के अनुरूप कार्य करें। डॉ. महंत ने ये बाते आज नगर पालिका परिषद चांपा, सक्ती, नगर पंचायत सारागांव और नया बाराद्वार में आयोजित पदभार ग्रहण समारोह में कही। कार्यक्रम की शुरूआत राजगीत 'अरपा पैरी के धार' से हुई।

डॉ. महंत ने मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं देते हुए भगवान सूर्य से लोगों की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि संक्रांति के शुभ अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षद पदभार ग्रहण कर रहे हैं। आशा करता हूं कि नगर के विकास के लिए आपसी भाईचारे के साथ कार्य करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने नागरिकों की मांग पर नया बाराद्वार और सारागांव में नियमित चिकित्सक और सक्ती में विशेषज्ञ चिकित्सक की पोस्टिंग के संबंध में चर्चा की। नया बाराद्वार में मरीजों की सुविधा के लिए एम्बुलेंस की सुविधा और सारागांव में तहसील कार्यालय शीघ्र प्रारंभ करने के लिए संबंधितों को निर्देशित किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने सारागांव के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिलेश्वर राठौर, उपाध्यक्ष रामकिशन सूर्यवंशी, नया बाराद्वार की अध्यक्ष श्रीमती रेशमा सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी, नगर पालिका सक्ती में अध्यक्ष श्रीमती सुष्मा दादू जायसवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती नेहा श्यामसुंदर अग्रवाल, चांपा के अध्यक्ष जयकुमार थवाईत, उपाध्यक्ष हरदेव प्रसाद देवांगन सहित संबंधित निकायों के नव निर्वाचित पार्षदों को प्रमाण पत्र प्रदान कर कार्यभार सौंपा। नगर पंचायत नयाबाराद्वारा में यादव समाज द्वारा चांदी का मुकुट पहनाकर विधानसभा अध्यक्ष का सम्मान किया गया। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद सक्ती में ग्रामीण क्षेत्रो नशामुक्ति के क्षेत्र में कार्य कर रहे महिला कमाण्डो को डॉ महंत ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर नगर पालिक जांजगीर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल, नगर पालिका सक्ती के पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, रवि पाण्डेय, मनहरण लाल राठौर, गुलजार सिंह, दिनेश शर्मा, श्रीमती रश्मि गबेल, श्रीमती शशीकांता राठौर, मदनलाल अग्रवाल, नगर के प्रतिष्ठित नागरिक, पूर्व पार्षद एवं पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान शुरू

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। बस्तर को मलेरिया, एनीमिया और कुपोषण से मुक्त करने आज से संभाग के सातों जिलों में मलेरियामुक्त बस्तर अभियान शुरू हुआ। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घरों के साथ ही स्कूलों, आश्रम-छात्रावासों और पैरा-मिलेट्री कैंपों में जाकर मलेरिया की जांच की। एक माह तक चलने वाले इस महत्वाकांक्षी अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम पौने तीन लाख से अधिक घरों में पहुंचेगी और करीब 14 लाख लोगों के खून की जांच कर मलेरिया पाए जाने पर त्वरित इलाज उपलब्ध कराएगी। तत्काल इलाज शुरू करने के बाद मरीजों का फॉलो-अप भी किया जाएगा। तीन चरणों में संचालित किए जाने वाले इस अभियान का यह पहला चरण है। बस्तर संभाग के 26 विकासखंडों में यह गहन अभियान संचालित किया जा रहा है। दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर जिले के सभी विकासखंडों में तथा बस्तर जिले के बड़े किलेपाल, तोकापाल व दरभा विकासखंड के पूरे क्षेत्र में व लोहंडीगुड़ा, नानगूर और बस्तर विकासखंड के 15 उपस्वास्थ्य केंद्रों में, कांकेर के भानुप्रतापपुर, दुर्गकोंदल और कोयलीबेड़ा के 10 उपस्वास्थ्य केंद्रों में एवं कोंडागांव जिले के माकड़ी, केशकाल, कोंडागांव और फरसगांव विकासखंड के 14 उपस्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में यह अभियान चलाया जा रहा है।

मलेरिया स्क्रीनिंग का अब तक का बड़ा अभियान

मलेरियामुक्त बस्तर अभियान बस्तर अंचल को मलेरिया से मुक्त करने का अब तक का सबसे बड़ा अभियान है। इसे प्रभावी ढंग से संचालित करने राज्य स्तरीय अलग-अलग टीम संभाग के सभी जिलों में मॉनिटरिंग कर रही है। खून जांच के बाद मलेरिया पाए जाने पर मितानिन अपने सामने ही दवाई खिला रही हैं। तत्काल इलाज शुरू करने के बाद फॉलो-अप भी किया जाएगा।

नामांतरण प्रकरण समयावधि में निपटाएं : सुबोध सिंह

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजस्व विभाग द्वारा प्रदेश के राजस्व कार्यालयों में लंबित नामांतरण प्रकरणों को निर्धारित समयावधि में निपटाने के निर्देश दिए गए हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव सुबोध सिंह ने सभी जिला कलेक्टरों को इस संबंध में समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा है।

राजस्व सचिव ने निर्देशित किया है कि पंजीयन कार्यालयों से भूमि अंतरण की आनलाईन सूचना प्राप्त होते ही नामांतरण हेतु हित अर्जन करने वाले व्यक्ति से आवेदन का इंतजार नहीं करते हुए नामांतरण की कार्यवाही तत्काल प्रारंभ करने कहा गया है। हल्का पटवारी के द्वारा पंजीयन कार्यालय से प्रत्येक शुक्रवार को प्राप्त सभी सूचनाओं को नामांतरण पंजी में दर्ज कर संबंधित राजस्व अधिकारी के समक्ष पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। नामांतरण पंजी में प्रकरण प्रस्तुत होने पर राजस्व अधिकारी के द्वारा विधिवत वर्तमान और प्रस्तावित भूमि स्वामी को सूचना जारी करते हुए दावा आपत्ति प्राप्त करने के लिए इश्तेहार प्रकाशन कराना होगा। इश्तेहार में वर्णित की जाने वाली तिथि एवं स्थान पर राजस्व अधिकारी के द्वारा संबंधित पक्षकारों की सुनवाई के बाद यदि कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं होने पर उसी तिथि को ही नामांतरण पंजी को प्रमाणित करना होगा। विधिवत सूचना तामीली किए जाने के बाद संबंधित पक्षकार यदि गैरहाजिर होगा तो भी प्रविष्टि एकपक्षीय प्रमाणित करना होगी। यदि प्रकरण में कोई विवाद हो तो विवाद का संक्षिप्त विवरण नामांतरण पंजी में अंकित करते हुए राजस्व न्यायालय में प्रकरण पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

एयरपोर्ट पर लगी रोहिणी पाटणकर की चित्र प्रदर्शनी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। भिलाई दुर्ग की सुप्रसिद्ध चित्रकार रोहिणी पाटणकर के चुनिंदा चित्रों की प्रदर्शनी रायपुर एयरपोर्ट की प्रतिष्ठित आर्ट गैलरी में लगाई गई है ।मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर इस प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक विकास उपाध्याय ने किया ।

अपने हाथों में अपना जीवन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर केन्द्रित इस प्रदर्शनी में पशु,पक्षी, प्रकृति और मनुष्य जीवन को केन्द्र में रखकर रोहिणी पाटणकर के 25 चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई है ।इस प्रदर्शनी की खास बात यह है कि इसमें आदिवासी जनजीवन को भी चित्रित किया गया है।

प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि इस तरह के चित्रो के माध्यम से श्रीमती पाटणकर ने समाज़ को अच्छा सन्देश दिया है। उन्होंने चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से दिव्यांग जनों की सेवा में संलग्न श्रीमती पाटणकर की सराहना की।

उद्घाटन अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए रोहिणी पाटणकर ने कहा कि विगत चार दशकों से कला के माध्यम से अपने विचारों और भावनाओं को अभिव्यक्त करने का अवसर उन्हें मिल रहा है ।उन्हें इस बात का सुकून है कि एक गृहिणी की पारिवारिक भूमिका निभाते हुए भी वे समय समय पर चित्रों के माध्यम से अपना सामाजिक दायित्व निभाने के लिए प्रयत्नशील है। विमान प्राधिकरण के द्वारा कला को प्रोत्साहन और जनरुचियो के परिष्कार के उद्देश्य से इस तरह की चित्र प्रदर्शनी की शुरुआत की गई है।

रोहिणी पाटणकर के चित्रों की प्रदर्शनी देश की अनेक महत्वपूर्ण गैलरियो में लग चुकी है ।उन्हें अनेक कला सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। समारोह में उनकी सहयोगी कलाकार मनाली वर्मा, एयरपोर्ट के वरिष्ठ अधिकारी और कला प्रेमी लोग मौजूद थे।